सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-235 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 16 फरवरी 2025
17 शाबान 1446 हिजरी


# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# मुसलमानों के हित में है वक्फ संशोधन: रिजिजू



**श्रीनगर।** अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने का मकसद मुसलमानों की संपत्तियों की रक्षा करना है और इन संपत्तियों को उनके असली वारिसों के हवाले किया जाएगा। मंत्री ने यह बात शनिवार को श्रीनगर में हुई एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कुछ लोग यह अफवाहें फैला रहे हैं कि इस विधेयक को पारित कर केंद्र ने वक्फ की संपत्ति को हड़पने के लिए रास्ता बनाया है। मंत्री ने कहा कि यह सब अफवाहें मनगढंत हैं और इनमें कोई सच्चाई नहीं है।

**वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कुछ लोग अफवाहें फैला रहे**

उन्होंने कहा कि विधेयक को पारित करने का एकमात्र मकसद मुसलमानों की संपत्तियों को सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने यह फैसला इसलिए किया कि वक्फ की संपत्तियों पर नाजायज कब्जा करने की शिकायतों को लेकर हजारों मुसलमानों ने समय-समय पर अपनी शिकायतें केंद्र सरकार से की थी। मंत्री ने कहा कि कई मुस्लिम सांसदों ने इस विधेयक में संशोधन करने में गुप्त रूप से अपना भरपूर समर्थन किया। अलबत्ता राजनीतिक पार्टियों के दबाव में आकर वह सांसद सामने नहीं आए। रिजिजू ने कहा कि यह विधेयक मुसलमानों के लिए हर तरह से लाभदायक है और जो लोग इस विधेयक का विरोध करते हैं, भविष्य में उन्हें स्वयं ही अपनी गलती का अहसास होगा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करने को लेकर केंद्र की क्या योजना है, इसके जवाब में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र अपने वादे पर कायम है और प्रदेश को राज्य का दर्जा वापस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस मिलेगा, लेकिन कब, किस दिन.. अभी इस सिलसिले में मैं कुछ नहीं कह सकता।

### वाराणसी में तीसरे काशी तमिल संगमम का सीएम योगी ने किया उद्घाटन

# सबको एकजुट करता है सनातन धर्म : योगी

- देश को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का कार्य शंकराचार्य ने किया था : सीएम



**वाराणसी।** काशी-तमिल संगमम 3.0 कार्यक्रम का उद्घाटन शनिवार को दुनिया के सबसे बड़े गंगा घाट नमो घाट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ एल. मुरुगन की उपस्थिति में बटन दबाकर किया। इस बार काशी तमिल संगमम् महर्षि अगस्त्य को समर्पित है। इनके जीवन चरित्र पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन नमो घाट पर किया गया है।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से काशी तमिल संगमम् कार्यक्रम का लगातार तीसरी बार वाराणसी में हो रहा है। आए मेहमानों का काशीवासियों, प्रदेशवासियों विशेषकर प्रधानमंत्री की ओर से स्वागत किया। तमिलनाडु से आए मेहमानों को 144 वर्ष पर प्रयागराज में लगे महाकुम्भ एवं 500 वर्ष बाद अयोध्या में बने रामलला का दर्शन कराया जाएगा। नए भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए महर्षि अगस्त्य को केंद्र में रखकर इस बार के काशी तमिल संगमम् का थीम रखा गया है। राम को माता सीता को खोजने एवं राम-रावण युद्ध में आदित्य स्त्रोत देने वाले महर्षि अगस्त्य है। शिक्षक, लेखको के साथ ही उद्योग, व्यापार, मंदिर की व्यवस्था करने वाले आदि लोग इस बार इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का कार्य जो कभी शंकराचार्य ने किया था। वहीं कार्य आज के परिवेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के माध्यम से एक भारत श्रेष्ट भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे है. देश की सबसे पुरानी नगरी काशी हैं. विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को वाराणसी, प्रयाग तथा अयोध्या की संस्कृति से जुड़ने का सौभाग्य मिलेगा. काशी प्राचीन समय से ही ज्ञान की राजधानी रही है और तमिलनाडु का प्राचीन ग्रंथ भी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सीएम ने कहा कि महर्षि अगस्त्य के सिद्ध चिकित्सा के बारे में लोगों को जुड़ने का मौका मिलेगा।

**51 करोड़ से अधिक लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया: प्रधान**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि तमिलनाडु से आए लोगों को 144 वर्ष बाद प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ को दिखाया जाय और वहां प्रवास करने का एहसास हो, ऐसी व्यवस्था किया जाए। पूरे भारत की ओर से उन्होंने अतिथियों का स्वागत किया. इस बार का महाकुंभ देश ही नहीं पूरी दुनिया के सनातनियों में जागृति पैदा किया है। अब तक 51 करोड़ से अधिक लोगों ने महाकुंभ में दर्शन एवं स्नान किया। उन्होंने बताया कि संगमम् के पहले दिन विद्यार्थियों, शिक्षक एवं लेखकों का दल आया है। अभी आगे आने वाले जत्थों में विभिन्न क्षेत्रों के लोगो सहित नवाचार के लोग भी आयेगे। संस्कृत की तरह तमिल भी देश की सबसे पुरानी भाषा है। तमिलनाडु में कोई ऐसा मंदिर नहीं, जिसमें श्री काशी विश्वनाथ महादेव नहीं विराजते।

## न्यूज डायरी

### महाकुंभ नगर में लगी आग



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ नगर में एक बार फिर आग लगने की सूचना है। बताया जा रहा है कि यह आग सेक्टर 19 स्थित नरेंद्रा नंद के पंडाल में आग लगी है। सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल विभाग के कर्मचारी पहुंच गए हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए हैं। पुलिस ने घटनास्थल को चारों ओर से घेर लिया है। फिलहाल मौके पर किसी को जाने की इजाजत नहीं है। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में किसी प्रकार के जान माल की हानी नहीं हुई है। प्रयागराज मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना पर डीआईजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने कहा ने कहा कि आग पूरी तरह से नियंत्रण में है।

### कतर के अमीर अल-थानी आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी इस हफ्ते दो दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे। उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। मंत्रालय ने बताया कि कतर के अमीर अल-थानी 17-18 फरवरी को भारती की राजकीय यात्रा पर आएंगे। उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा।

### मैं डरा हुआ हूं : रणवीर

**नई दिल्ली।** समय रैना के पॉपुलर कॉमेडी शो इंडियाज गॉट लेटेंट में रणवीर इलाहाबादिया ने कंटेस्टेंट से एक अभद्र सवाल माता-पिता से जुड़ा किया था। इसके बाद उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हई। लोगों ने नाराजगी जाहिर की, तो यूट्यूबर और बिजनेसमैन रणवीर ने माफी मांगी। इसके बाद मुंबई, असम समेत कई जगह उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इस मामले में अब रणवीर ने खुलासा किया है कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। बीते दिन पुलिस ने जानकारी दी थी कि रणवीर इलाहाबादिया का फोन बंद आ रहा है और उनका घर भी बंद था। ऐसे में उनका कहना था कि यूट्यूबर से संपर्क करना उनके लिए मुश्किल हो रहा है।

### अमेरिका से डिपोर्ट हुए भारतीयों के मामले में भड़कीं उमा भारती

# बेहद शर्मनाक और मानवता के लिए कलंक : उमा भारती




**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी की नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने अवैध भारतीय प्रवासियों को ''क्रूर एवं बेहद शर्मनाक तरीके'' से वापस भेजने के लिए शनिवार को अमेरिका की निंदा की। अमेरिका का एक सैन्य विमान भारत के विभिन्न राज्यों के 104 ''अवैध प्रवासियों'' को लेकर पांच फरवरी को अमृतसर पहुंचा था।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत इन लोगों को भारत निर्वासित किया था। कुछ निर्वासितों ने दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ-पैरों में हथकड़ी लगी रही तथा अमृतसर में उतरने के बाद ही उनकी बेड़ियां खोली गईं। भारती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''अमेरिका से वापस भेजे गए अवैध प्रवासी भारतीयों को जिस तरह से हथकड़ियों एवं बेड़ियों में जकड़कर वापस भेजा गया, वह बेहद शर्मनाक एवं मानवता के लिए कलंक है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकारों ने 'रेड इंडियंस' और वहां रहने वाले अफ्रीकी मूल के लोगों के प्रति कई बार यह क्रूर और हिंसक रवैया दिखाया है। रेड इंडियन शब्द का इस्तेमाल यूरोपीय उपनिवेशवादियों द्वारा उत्तरी अमेरिका के मूल निवासियों के लिए किया जाता था। भाजपा नेता ने कहा, ''जब उन्हें (निर्वासित लोगों को) विमान से भेजा जा रहा

### उपराष्ट्रपति ने जेके में एसएमवीडीयू के दीक्षांत समारोह में की शिरकत

# हम सदैव राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखें : धनखड़

- 501 छात्र और 408 छात्राओं को दी डिग्री
- आप एक आत्मविश्वास से भरे और लचीले भारत में रह रहे : जगदीप धनखड़



**श्रीनगर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को यहां श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया और इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय हित किसी भी राजनीतिक या व्यक्तिगत हित से बड़ा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, शिक्षा मंत्री सकीना फिरदौस भी एसएमवीडीयू परिसर के मातृका सभागार में 10वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

उपराष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, हम भारतीय हैं और भारतीय होना ही हमारी पहचान है। राष्ट्रवाद हमारा धर्म है और चाहे जो भी परिस्थिति हो, राष्ट्रवाद को सर्वोच्च स्तर पर रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा, कोई भी राजनीतिक या व्यक्तिगत हित राष्ट्रीय हित से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत की ओर अपनी यात्रा को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम दंड विधान से न्याय विधान में परिवर्तन है, जो औपनिवेशिक मानसिकता को समाप्त करता है। उपराष्टपति ने कहा, आप एक आत्मविश्वास से भरे और लचीले भारत में रह रहे हैं। आज भारत को निवेश और अवसरों के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। आजादी के बाद से हमारे इतिहास में पहले कभी किसी भारतीय प्रधानमंत्री की आवाज वैश्विक नेताओं के बीच इतनी गूंजती नहीं रही। धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर में परिवर्तन केवल एक क्षेत्रीय घटना नहीं है, बल्कि भारत के राष्ट्रीय पुनर्जागरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में, एसएमवीडीयू के कुल 684 छात्रों ने विभिन्न विषयों में स्नातक की डिग्री के लिए अर्हता प्राप्त की है 147 छात्रों ने मास्टर डिग्री के लिए; 34 छात्रों ने एकीकृत मास्टर डिग्री के लिए और 44 छात्रों ने पीएचडी डिग्री के लिए अर्हता प्राप्त की है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कुल 26 पदक, नौ विशिष्टता प्रमाण-पत्र और 10 इन्फोसिस फाउंडेशन उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि कुल 501 छात्र और 408 छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई।

# महाकुंभ की समय-सीमा बढ़ाई जाए: अखिलेश

- अखिलेश यादव ने योगी सरकार से की बड़ी मांग
- महाकुंभ की ओर जा रहे सभी हाईवे व सड़कों पर कई किलो मीटर तक जाम लगा दिखा

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार से महाकुंभ मेले के समय विस्तार की मांग की है। अखिलेश ने कहा कि मैं बस यही चाहता हूं कि कुंभ मेले का समय बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि बुजुर्ग लोग शांति से संगम में पवित्र स्नान कर सकें। बता दें कि सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, महाकुंभ में अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। बीते दिनों प्रयागराज जाने वाले रास्तों पर भीषण जाम की स्थिति बनी थी। शहर में भी जाम का झाम लगा था। कई ऐसी तस्वीरें आई, जिसमें दिखा कि ट्रेनों में खचाखच लोगों की भीड़ जमा है।

भीड़भाड़ वाली सड़कों वाली तस्वीरें सामने आई। महाकुंभ की ओर जा रहे सभी हाईवे और सड़कों पर कई किलोमीटर तक जाम लगा दिखा। इसी को देखते हुए अखिलेश यादव ने सरकार से महाकुंभ की अवधि को बढ़ाने का निवेदन किया है। उन्होंने इसके लिए ट्वीट किया है। अखिलेश ने श्रद्धालुओं को आंकड़ों का खंडन भी किया है। उन्होंने लिखा, तो मानना है कि महाकुंभ में लगभग 60 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। ये मंच से मेले के बारे में चाहे कुछ बोलें, लेकिन मन से ये भी जानते हैं कि मेले की असफलता के पीछे उनकी अपनी कमियां-खामियां रही हैं, जिससे देश और दुनिया में उत्तर प्रदेश की छवि को बहुत ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा, मेले के खराब इंतजाम और बीसों किलोमीटर पैदल चलने पर मजबूर होने की वजह से लाखों-करोड़ों बड़े-बुजुर्ग यहां नहीं आ पाए। महंगाई की वजह से गरीब यहां तक नहीं पहुंच पाए और तो और प्रयागराज के लाखों स्थानीय निवासी भी जाम और मेहमानों की वजह से स्नान नहीं कर पाए, इसलिए हमारी मांग है कि मेले में व्यवस्थाओं को कुछ और दिनों के लिए बढ़ा दिया जाए, जिससे जो वृद्ध, गरीब या प्रयागराजवासी स्नान से वंचित रह गए हैं, उनको पुण्य कमाने का अवसर मिल सके।

### भाजपा कर रही है गलत भाषा का प्रयोग

अगर बीजेपी गलत भाषा का प्रयोग करेगी तो समाजवादी पार्टी भी उसका मुहं तोड़ जवाब देगी। हमनें पहले गलत भाषा का प्रयोग नहीं किया है, बीजेपी लगातार भाषा की मर्यादा तोड़ रही है, जब समझौता हो गया था तब इसको कौन तोड़ रहा है। बीजेपी पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही, हमारी सैकड़ों शिकायतें पड़ी हैं। व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल हमारी पार्टी का सोशल मीडिया नहीं चला रहे थे। पहली बात वो हमारे व्यापार सभा के अध्यक्ष बनाए गए और वो व्यापारियों के साथ हो रहे भेदभाव की बात सामने रख रहे हैं। जीएसटी को लेकर व्यापारी चिंतित है और सरकार के इलेक्टोरल बॉन्ड की वजह से हमें महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं चीजों की वजह से महंगाई बढ़ रही है। और यहीं बात वो उठा रहे। बीजेपी के लोगों ने पुलिस को पूरा बीजेपी बना दिया है और मैं कहूंगा की पुलिस बीजेपी वाली टोपी लगाए।



# कोटा में केमिकल प्लांट से गैस का रिसाव, बच्चे बेहोश

- छात्रों की बिगड़ी तबीयत अस्पताल में भर्ती



**कोटा।** चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड की गड़ेपान प्लांट से आज सुबह अमोनिया गैस का रिसाव होने से सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय के कई बच्चे प्रभावित हो गए। जहरीली गैस के संपर्क में आने से बच्चों को सांस लेने में तकलीफ हुई, उल्टियां होने लगीं और कई छात्र बेहोश होकर स्कूल के ग्राउंड में गिर पड़े।

गैस रिसाव के कारण आधा दर्जन से अधिक छात्रों की हालत बिगड़ गई। कई अभिभावक अपने बच्चों को कोटा जिला अस्पताल लेकर गए, जबकि कुछ बच्चों को ष्टस्नष्टरुप्लांट के अस्पताल में भर्ती कराया गया। ष्टस्नष्टरु अस्पताल के डॉक्टर आरके शर्मा के अनुसार, हॉस्पिटल में 14 बच्चों और एक स्टाफ को लाया गया था। इनमें से 6 बच्चों को गंभीर हालत में कोटा जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि, अब सभी की हालत स्थिर है। स्थानीय लोगों और स्कूल प्रशासन के अनुसार, सुबह से ही स्कूल में अजीब गंध महसूस हो रही थी, जिससे बच्चों को सिर दर्द और घबराहट की शिकायत हो रही थी। लेकिन सूचना देने के बावजूद किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई।

### छत्तीसगढ़ के कांकेर में टूटा 111 साल का रिकॉर्ड, भाजपा ने रचा इतिहास

# निकाय चुनाव में खिला कमल

- भाजपा का सभी 10 नगर निगमों के मेयर पद पर कब्जा
- छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का सूपड़ा साफ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को शिकस्त देने के बाद नगर निकाय चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी ने सूपड़ा साफ करते हुए महापौर के सभी 10 पदों पर जीत हासिल की।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि सत्ताधारी दल भाजपा ने सभी 10 नगर निगमों में महापौर पद और 35 नगर पालिका परिषदों और 81 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। बता दें कि कांकेर जिले में 111 साल के बाद कमल खिला है। राज्य के 10 नगर निगमों, 49 नगर पालिका परिषदों और 114 नगर पंचायतों में हुए आम चुनावों के लिए शनिवार को मतगणना हुई। अधिकारियों ने बताया कि आठ नगर पालिका परिषदों और 22 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर विपक्षी दल कांग्रेस ने जीत दर्ज की, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) ने एक नगर पालिका परिषद और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने एक नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। पांच नगर पालिका परिषदों और 10 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपना कब्जा जमाया. रुझानों के अनुसार भाजपा अधिकांश वार्डों में जीत चुकी है या आगे है। नगर निकाय चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे ऐतिहासिक दिन करार दिया और कहा कि यह छत्तीसगढ़ के राजनीतिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। साय ने कहा, ''आज का दिन भाजपा और छत्तीसगढ़ सरकार के लिए ऐतिहासिक है. यह छत्तीसगढ़ के राजनीतिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा, क्योंकि भाजपा ने नगर निकाय चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता और मतदाताओं ने भाजपा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री की गारंटी और राज्य सरकार के विकास कार्यों में विश्वास जताया है, जिसके लिए वह उनका आभार व्यक्त करते हैं।

# 'आप' के तीन पार्षद भाजपा में शामिल

### दिल्ली में बनेगी ट्रिपल इंजन की सरकार



केजरीवाल के हाथ से जा सकती है एमसीडी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के तीन निगम पार्षद शनिवार को एंड्रयूज गंज से अनीता बसोया, हरिनगर से निखिल चपराना और आरकेपुरम से धर्मवीर सिंह भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी मौजूद रहें। उन्होंने सभी आप से आए पार्षदों को पार्टी का पटका पहनकर स्वागत किया। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि दिल्ली में जल्द ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की वजह से देश लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है और अब दिल्ली की बारी है। दिल्ली के लोगों ने भाजपा को बहुमत दिया है, उसका नतीजा उन्हें सरकार का गठन होते ही मिलना शुरू हो जाएगा। सचदेवा ने कहा कि एक सुंदर और विकसित दिल्ली बनाने के लिए अब लगातार काम करना होगा। इससे 10 वर्ष से रुका हुआ विकास कार्य भी पूरा हो सकेगा।

# महाराष्ट्र में लव जिहाद के खिलाफ कानून जल्द

**सात सदस्यीय कमेटी गठित**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने जबरन धर्म परिवर्तन और लव जिहाद के मामलों के खिलाफ संभावित कानून के लिए कानूनी ढांचे की जांच करने के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय वर्मा की अध्यक्षता वाले पैनल में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून और न्यायपालिका, सामाजिक न्याय, विशेष सहायता और गृह जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। जारी एक सरकारी संकल्प (जीआर) के अनुसार, समिति जबरन धर्मांतरण और लव जिहाद से संबंधित शिकायतों से निपटने के उपाय सुझाएगी। यह अन्य राज्यों में मौजूदा कानूनों की भी समीक्षा करेगा और कानूनी प्रावधानों की सिफारिश करेगा। श्रद्धा वाकर मामले के बाद महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा लव जिहाद का मुद्दा, मुस्लिम पुरुषों द्वारा हिंदू महिलाओं को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन कराने के कथित मामले उठाए गए हैं। महाराष्ट्र की 27 वर्षीय महिला वॉकर की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी और 2022 में उसके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने उसके शरीर को कई टुकड़ों में काट दिया था। समिति गठित करने के सरकार के फैसले की विपक्ष ने आलोचना की है, एनसीपी (शरद पवार) नेता सुप्रिया सुले ने कहा है कि शादी करना या प्यार करना एक व्यक्तिगत पसंद है। मैं सरकार से वास्तविक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी अभी अमेरिका से लौटे हैं और अमेरिका ने नये टैरिफ लगा दिये हैं, जिसका असर हमारे देश पर पड़ेगा. सरकार को ऐसे मामलों पर ध्यान देना चाहिए और आर्थिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए।

# सीएम के कार्यक्रम में जिम्मेदारी के साथ सभी अधिकारी निभाएं भूमिकाः दुर्गा शक्ति नागपाल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगामी 22 फरवरी को छोटी काशी गोला, कुंभी चीनी मिल में प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन अलर्ट है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधायक गोला अमन गिरी के साथ शनिवार को दोनों कार्यक्रह्यम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियो की समीक्षा की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही मातहतों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद विजय शुक्ला रिंकू, एडीएम संजय कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता (पीडब्ल्यूडी) तरुणेन्द्र त्रिपाठी, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, सीओ गवेंद्र पाल गौतम, तहसीलदार सुखवीर सिंह, यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता संकल्प वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे डीएम-एसपी ने विधायक संग मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों



की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से अफसरों की समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अफसरो ने क्रमशः पब्लिक इंटर कॉलेज मैदान, शिव मंदिर कॉरिडोर परिसर, शिव मंदिर और कुंभी चीनी मिल का स्थलीय निरीक्षण कर सीएम की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। छोटी काशी कॉरिडोर की आधारशिला रखने को सूबे के मुख्यमंत्री 22 फरवरी को गोला का भ्रमण प्रस्तावित है। उनके संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अब अलर्ट मोड पर है। सीएम को जिस रूट से मंदिर लाया जाएगा, उस रूट को लेकर डीएम एसपी, विधायक ने पूरे अमले के साथ शिव मंदिर समेत पूरे कॉरिडोर परिसर का निरीक्षण किया। देखा कि किन प्वाइंटों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहेगी, उनका भी बारीकी से निरीक्षण किया। सीएम की सुरक्षा में कोई कमी ना रह जाए, इसके लिए प्रशासन कड़ी मशक्कत करने में जुटा है डीएम ने कॉरिडोर की कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर तीर्थ परिसर से मालबा हटवा कर उसे समतल करने में कोताही ना बरती जाए, साथ ही जहां-जहां पर सीएम जाएंगे वहां पर भी समय से पहले समतलीकरण का काम पूरा कर लिया जाए। एसडीएम को निर्देश दिए कि 24 घंटे काम का स्वयं अनुश्रवण करते हुए इसे पूर्ण कराएं।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम के कार्यक्रम में जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। कार्यक्रम स्थल से लेकर उनके संभावित भ्रमण वाले मार्गों पर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों को तैनात करने के साथ ही निगरानी की जाएगी। बताते चलें कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार सीएम कॉरिडोर की आधार शिला रखने के बाद कुम्भी में स्थापित हो रही बायोप्लास्टिक प्लांट का शिलान्यास भी करेंगे।

## 02 नफर वारंटी अभियुक्तगण गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटी अभियुक्त गण नीरज कुमार शर्मा पुत्र रामसेवक शर्मा नि0 नकहा पिपरी थाना फरधान सम्बन्धित मु0अ0सं0 054/2025 धारा 137(2) बी0एन0एस0 2.कमरुद्दीन पुत्र मो0 रजा ग्राम देवरिया थाना फरधान जनपद खीरी सम्बन्धित मु0अ0सं0 052/2025 धारा 74/115(2) बी0एन0एस0 व 7/8 पाक्सो एक्ट को गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।

## मिनी बस से टकराई बाइक, बेटे और बहू की मौत

लखीमपुर खीरी ।थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में शनिवार को दर्दनाक हादसा हुआ। लखीमपुर-शारदानगर मार्ग पर मिनी बस से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार महिला, उसके बेटे और बहू की मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय पोता गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक थाना फूलबेहड़ के गांव लठिया निवासी गीता देवी 55 वर्ष पत्नी अमृतलाल, अपने बेटे अवधेश, बहू मीना देवी और पौत्र रोहित 12 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर लखीमपुर आ रही थीं। अवधेश बाइक चला रहा था। ये लोग क्षेत्र में लखीमपुर-शारदानगर मार्ग पर ग्राम खइंया के पास पहुंचे थे, तभी सामने आ रही मिनी बस में बाइक जा घुसी हादसे में गीता देवी, अवधेश और मीना देवी की मौके पर मौत हो गई, जबकि रोहित गंभीर घायल हो गया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## आगरा में फ्लिपकार्ट के वेयर हाउस से 77 लाख का सामान गायब, लॉजिस्टिक कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों पर केस दर्ज

**आगरा।** आगरा में फ्लिपकार्ट के वेयरहाउस में लाखों रुपये के जूते गायब हो गए, जिसके बाद लॉजिस्टिक कंपनी पर आरोप लगा है कि लाखों रुपये के जूते को गायब कर दिया गया. कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है. फ्लिपकार्ट के वेयरहाउस में लॉजिस्टिक कंपनी द्वारा 10 हजार जूते भेजे गए. जिसमें से 6 हजार उत्पाद गायब हो गए. आरोप लगा है कि कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों ने जूते गायब कर दिए जिसके बाद शिकायत पर थाना सिकंदरा में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है. दरअसल रकाबगंज क्षेत्र के रहने वाले प्रज्ज्वल आर्या की वेलेंटी नाम से कंपनी है. यह कंपनी ऑनलाइन ट्रेडिंग करती है. प्रज्ज्वल आर्या ने पुलिस से शिकायत में बताया है कि दीपावली से लेकर नववर्ष तक उनकी कंपनी को फ्लिपकार्ट के जरिए ऑनलाइन ऑडर मिले थे और यह ऑर्डर लॉजिस्टिक कंपनी ग्लैम के द्वारा भेजे गए थे.

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोग घायल

**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित गांव आसफाबाद चमन में दो बाईकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दोनो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। थाना क्षेत्र के गांव भज्जवाला निवासी बाइक सवार मोहम्मद अकरम पुत्र मोहम्मद उमर शनिवार को शाम साढ़े चार बजे अपनी बाइक पर सवार होकर गांव आसफाबाद चमन में लगने वाले सप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक गांव आसफाबाद चमन राखी मैमोरियल स्कूल के नजदीक पहुंची तो सामने से आ रहे बाइक सवार गांव माननगर निवासी महीपाल सिंह उम्र 34 पुत्र घसीटा सिंह जो अपने गांव माननगर से अपने खेत गांव अगवानपुर में जा रहा था। दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया जहां से डॉ नवीन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही सीएचसी अफजलगढ़ में पहुंचे हल्का इंचार्ज हरवीर सिंह ने दोनों घायलों के परिजनों से घटना की जानकारी ली।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक का हुआ आयोजन



**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने तहसील स्तरीय मासिक पंचायत गन्ना समिति के प्रांगण में संपन्न की गई। जिसकी अध्यक्षता महेंद्र सिंह पूर्व प्रधान व जिसका संचालन चौधरी विजेंद्र सिंह ने किया। बैठक में किसानो की समस्या को रखते हुए उस पर विचार विमर्श किया गयाक्ष तथा राष्ट्रीय आवास पर आने वाली 17 फरवरी 2025 को अधिक से अधिक किसानों को मुजफ्फरनगर आवास पर पहुंचने का आवाहन किया गया। बिजली जैसी समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया गन्ना मूल्य ?500 प्रति कुंतल जल्द से जल्द किया जाए तहसील में चल रहे भ्रष्टाचार को जल्द से जल्द तुरंत रोका जाए। आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में भेजा जाए ,बिजली के जर्जर तारों को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए उपरोक्त समस्याओं का उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन टिकैत एक बड़े आंदोलन के लिए विवश होगी। डॉ धर्मवीर सिंह, अनिल चौहान, देवेंद्र सिंह, जोगिंदर सिंह, रजनीश नंदन, राहुल चौधरी, विजय सिंह, बिट्टू सिंह ,पुखराज सिंह, राजवीर सिंह, दिनेश कुमार, घासीराम, अर्जुन सिंह, नेमीशरण, सतीश कुमार, पवन कुमार, दलबीर सिंह, भूदेव सिंह, अनिल कुमार, बलराम सिंह ,मूलचंद सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील सदर के लोकसभागार में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील सदर के लोकसभागार में संपूर्ण समाधान दिवस÷ आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने सीडीओ अभिषेक कुमार,एएसपी नेपाल सिंह व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सदर तहसील में एक शिकायतकर्ता की फरियाद सुनने के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पाया कि खंड विकास अधिकारी सदर के माह जून, वर्ष 2024 में पत्र लिखने के बावजूद मूड़ाधामू में भुइयाताली तालाब की पैमाइश नहीं की। इसपर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई और मूड़ाधामू लेखपाल भीमरतन को तत्काल निलंबित करने के लिए निर्देशित किया।डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 64 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ।

## 20 फरवरी से शुरू होगा सरकार चोटी वाले मियां का उर्स मुबारक

### 25 को कुल की रस्म के साथ होगा उर्स का समापन

**बदायूँ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत शाह नसीरुद्दीन हसनी-हुसैनी साहब,अलमारूफ चोटी वाले मियां रहमतुल्लाह अलैह का उर्स आगामी 20 फरवरी से शुरू होने जा रहा है।

नगर पालिका सदर क्षेत्र के मोहल्ला वैदो टोला में स्थित दरगाह चोटी वाले मियां साहब का 141 वां उर्स मुबारक आगामी 20 फरवरी से शुरू होने जा रहा है,जिसका कुल शरीफ आगामी 25 फरवरी को प्रातः काल में होगा। दरगाह के सिलसिले से मुरीद अकरम हुसैन ने बताया कि सभी मुरीदैन तथा अकीदतमंदों की निगरानी में उर्स का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को चादरपोशी की जाएगी, तथा उर्स की शुरुआत से ही हर रात महफिले समा का आयोजन किया जाएगा।

## बिजनौर में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क

अफ़ज़गढ़ - आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बुधवार को धामपुर, शेरकोट और अफजलगढ़ क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्गों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और रूट डायवर्जन योजना की समीक्षा की। डीएम और एसपी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।महाशिवरात्रि के अवसर पर होने वाली इस पवित्र यात्रा के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएंगी।

# तहसील किरावली में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** तहसील किरावली में जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदय ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के साथ साथ सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संपर्क करें तथा उनसे वार्ता कर शिकायत को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण होने के बाद




शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए, जिससे उनको भी निस्तारण स्थिति का पता चल सके और निस्तारण आख्या में सम्पूर्ण घटनाक्रम को अंकित करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए। तहसील दिवस के दौरान कुल 98 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों में चकरोड निर्माण/अतिक्रमण, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण आदि की राजस्व से सम्बन्धित थीं, जिसमें राजस्व विभाग की 45, पुलिस विभाग 07, राजस्व एवं पुलिस (संयुक्त) की 08, विकास विभाग की 12, विद्युत विभाग की 07, शिक्षा विभाग की 03 तथा अन्य की 17 शिकायतें रहीं। तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने बताया कि 01 मार्च 2025 से शासन द्वारा जनपद के सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

कलेक्ट्रेट, नगर निगम तथा विकास प्राधिकरण में ई-ऑफिस प्रणाली को पूर्व में लागू किया गया है तथा 90 प्रतिशत फाइल ई-ऑफिस से संचालित की जा रही है, उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से एनआईसी से अपनी आईडी डीएससी बनाया जाना सुनिश्चित करें तथा ऐसे सभी चिन्हित कार्मिक जो पत्रावली के संचालन में भूमिका रखते हैं, उन्हें मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के द्वारा प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

## दुकानों के शटर तोड़कर चोरी करने वाले 3 चोर गिरफ्तार




*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा की थाना सिकंदरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रात के समय दुकानों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले तीन बदमाशों को पकड़ा है। इन्होंने ही सिकंदरा क्षेत्र में दुकान में ताले तोड़कर चोरी की थी 24 घंटे में पुलिस ने इस चोरी का खुलासा किया। चोरों के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। ये लोग राजस्थान के रहने वाले हैं और यहां आकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे।

एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सिकंदरा इंस्पेक्टर नीरज शर्मा और उप निरीक्षक विवेक बालियान द्वारा गठित टीम ने इन चोरों को पकड़ा है और 24 घंटे में चोरी की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि ये चोर गैंग के रूप में काम करते थे। इनके गैंग में शामिल अन्य बदमाशों की भी तलाश है। शातिरों के ऊपर पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से कब्जे से एक ऑटो (घटना में प्रयुक्त), 02 घड़ी, 02अंगूठी व 06 सिक्के (सफेद धातु) ?5,105 सहित अन्य घरेलू सामान हुआ बरामद किया है।

## न्यायालय के आदेशानुसार निखिल नंदा समेत आठ पर दर्ज हुआ मुकदमा



**बदायूँ।** ट्रैक्टर कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर समेत आठ लोगों पर न्यायालय के आदेशपरांत थाना दातागंज पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पुलिस के अनुसार के जिले के थाना दातागंज क्षेत्रान्तर्गत विगत वर्ष फार्म ट्रैक्टर कम्पनी के डीलर के आत्महत्या किये जाने के प्रकरण में न्यायालय के आदेश पर एरिया मैनेजर आशीष बालियान सहित 08 व्यक्तियों पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। सीओ दातागंज कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि थाना दातागंज पर न्यायालय के आदेशानुसार धारा 108 बीएनएस का मुकदमा पंजीकृत किया गया है,मुकदमे में नामित लोगों में एक नाम निखिल नंदा का भी है। उन्होंने बताया कि एड्रेस तथा सभी जानकारियां जुटाने के बाद मामले में विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# एसडीएम पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्पोर्ट मीट (खेल उत्सव) प्रारंभ हुए कार्यक्रम

**■ खेलकूद से बच्चों का बढ़ता है मनोबल, शरीर का होता है विकासः स्कूल एमडी बाबूराम तोमर**

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के ग्राम सुखिया देवी मैमोरियल पब्लिक स्कूल के खेल उत्सव कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ0 प्रमोद देशवाल और डॉक्टर मनुज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। स्कूल के प्रिंसिपल सरदार संदीप सिंह भुल्लर और डॉक्टर नीरज सिंह के निर्देशन में सभी शिक्षिकाओं ने बहुत ही सुंदर और व्यापक ढंग से खेल प्रारंभ कराए गए, जिसमे 100 मीटर की रेस से शुरू किए खेल उत्सव में बच्चों ने कब्बड्डी और खो खो लॉन्ग



जंप, हाइ जंप और जेबलिंग थ्रो आदि अनेक खेल प्रतियोगिताओं मे प्रति भाग लिया।

खेल उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव मुकुल अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, शोभित मित्तल, रुस्तम यादव, मास्टर एहतेशाम, राजीव कुमार, बलराम सिंह, जगवीर सिंह, अंकित चौधरी, मोहित भटनागर, सचिन तोमर आदि ने विजय हुए बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। स्पोर्ट मीट के पहले दिन सीनियर ग्रुप में गर्ल्स में मंतशा शेख़ और बॉयज में शिवांक गुप्ता अलग-अलग गेम्स में प्रथम तीन स्थान प्राप्त कर चैंपियन बने शिवांग गुप्ता और मंतशा शेख़ को स्कूल प्रबंधक बाबूराम तोमर ने चैंपियन शील्ड देकर सम्मानित किया। खेल उत्सव कार्यक्रम में शिक्षक हितेश कुमार, शिक्षिका आंचल , मुमताज़ फरहाना, फरीन, नर्गिस, तान्या, मंतशा, अमीषा एवं स्कूल का समस्त स्टाफ आदि मौजूद रहा।

## तहसील सदर में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, डीएम एसएसपी ने सुनी समस्याएं




**बदायूँ।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जन समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

शनिवार को तहसील सदर में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। समाधान दिवस में दोनों अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा अन्य शिकायतों के निस्तारण के निर्देश संबंधितों को दिए गए। इस दौरान तहसील सदर पर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इधर बिसौली में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के0 के0 सरोज द्वारा जन समस्याओं को सुना गया जनपद की अन्य तहसीलों पर संबंधित उपजिला मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतकर्ताओ की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया गया।

## 2025-26 का केंद्रीय बजट ऐतिहासिक बजट हैः बी एल वर्मा

*अवधनामा संवाददाता*

बदायूँ। भारत सरकार द्वारा जारी किए गए केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा द्वारा संबोधित किया गया।

अपने संबोधन में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया 2025-26 का केंद्रीय बजट ऐतिहासिक बजट है। यह बजट विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने वाला है, जो अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है जो हर भारतीय के सपने को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि सामान्यतः किसी भी बजट का फोकस सरकारी खजाना भरने पर होता है किन्तु यह बजट आम लोगों की जेब भरेगा और इससे लोगों की बचत बढ़ेगी और




विकास में भागीदार बनेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में 2 लाख से अधिक आय पर कर लगता था, अब मोदी सरकार ने अभूतपूर्व परिवर्तन करते हुए हर भारतीय को बहुत बड़ी राहत देकर 12 लाख तक की आय को कर मुक्त कर दिया है, मोदी सरकार के प्रत्येक बजट में अन्नदाताओं का समग्र कल्याण हो रहा है। श्री वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट सबका साथ-सबका विकास- सबका विश्वास के सपने को साकार कर रहा है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, शारदेंदु पाठक, सुधीर श्रीवास्तव, एमपी सिंह राजपूत, शैलेंद्र मोहन शर्मा और मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने मुनादी कराई और नोटिस किया चस्पा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को उपनिरीक्षक राम सिंह द्वारा मु0अ0सं0 220/2024 धारा 2/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शनि उर्फ पकवा उर्फ अर्जुन पुत्र अनिल निवासी मिलेनियम सिटी करीमनगर थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर के घर कुर्की हेतु उद्घोषणा अन्तर्गत धारा 82 सीआरपीसी के आदेश की प्रति को उसके घर् पर चस्पा किया गया और मुनादी करायी गयी । इस मौके पर स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सात का हुआ निस्तारण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवां ने किया। इस दौरान 50 मामले आए जिसमे 7 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 30, पुलिस 5, विकास 2, अन्य 13 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। जब की पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया,सीओ गीडा रत्नेश्वर सिंह,नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, बीडीओ सत्यम तोमर सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 संदर्भों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आई0जी0आर0एस0 के संदर्भो का समय पर गुडवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये,डिफॉल्टर होने से पहले निस्तारण करे, प्रतिदिन पोर्टल को स्वयं चेक करे, शिकायतकर्ता से विभाग के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं बात करे। संदर्भो के देरी से निस्तारण के कारण, विद्युत विभाग, बी0डी0ओ0 शमसाबाद व ई0ओ0 मोहम्दाबाद को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी सदर महेंद्र सिंह व सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में माह फरवरी के तृतीय शनिवार को तहसील रुधौली सभागार में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा आये एक-एक फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण मौके पर उपस्थित अधिकारियों से किये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन विभागों की शिकायतें आज प्राप्त हुई हैं उन विभागों के अधिकारी सन्दर्भित प्रकरण को गम्भीरता से देखे और उसका निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विभाग से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता से सुने और त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 62 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 09 शिकायतों का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा मौके पर किया गया। शेष शिकायतें सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा ससमय करने के निर्देश दिये गये हैं।

# कुशीनगर में नियम विरुद्ध पट्टा करने वाले जौनपुर के एडीएम बर्खास्त



**भ्रष्टाचार मामले सीएम योगी का एक्शन**

### दो महिला अधिकारी भी हुई थी सस्पेंड

इससे पहले सरकार ने हरदोई जिले में नियम विरुद्ध अपात्रों को जमीन का पट्टा देने के मामले में दो पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर किया था। इनमें एडीएम न्यायिक फर्रुखाबाद स्वाति शुक्ला और एसडीएम एटा प्रतीत त्रिपाठी शामिल थीं। इन दोनों महिला अधिकारियों पर आरोप था कि इन्होंने हरदोई में तैनाती के दौरान नियम विरुद्ध 71 अपात्रों को कृषि भूमि का पट्टा दे दिया था।

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में तैनाती के दौरान ग्राम सभा की जमीन को नियम विरुद्ध पट्टा किए जाने के मामले में जौनपुर में मुख्य राजस्व अधिकारी के पद पर तैनात गणेश प्रसाद को शासन ने बर्खास्त कर दिया है।

कहना न हो गया कि गणेश प्रसाद जब कुशीनगर जनपद के पडरौना में एसडीएम थे तब उस समय उन्होंने नियमो को ताक पर रखकर ग्राम सभा की जमीन का पट्टा किया था। मामले की जानकारी जब शासन को हुई तो शासन ने इस प्रकरण को कुशीनगर जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच करा कर रिपोर्ट मांगी थी। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी कुशीनगर ने मामले की जांच कराई जिसमे गड़बड़झाला पाई गई। गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद डीएम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा था। दोषी पाए जाने पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद एडीएम गणेश प्रसाद बर्खास्त कर दिया गया। इसके अलावा शासन ने बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे और बरेली रिंग रोड निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण में हुए घोटाले में दो पीसीएस अधिकारी आशीष कुमार और मदन कुमार को निलंबित किया है। आशीष कुमार वर्तमान समय में बरेली में एडीएम और मदन कुमार मऊ के मुख्य राजस्व अधिकारी के पद पर तैनात हैं. दोनों अधिकारियों पर बरेली तैनाती के दौरान भूमि घोटाले में शामिल होने का आरोप है। निलंबित दोनों अधिकारियों को राजस्व परिषद से संबंध कर दिया गया। बताया जाता है कि इन दोनों अधिकारियों की निलंबन से पहले बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे व बरेली रिंग रोड निर्माण के भूमि घोटाले में तीन पीसीएस अधिकारी सहित 17 पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निलंबित किया गया है। भूमि अधिग्रहण में करीब 200 करोड़ से ज्यादा के घोटाले का मामला सामने आ चुका है।

## छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर दानिश मेहदी।** कुशलावती इंटर कॉलेज पलई कल्याणपुर में शनिवार को इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक उग्रसेन यादव मौजूद रहे।विदाई समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने किया एवं संचालन विद्यालय की छात्राओं श्रेया रंजन, आंचल मौर्या,दृष्टि निगम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कक्षा 11 के छात्रों ने कक्षा 12 के छात्रों को उपहार भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके साथ बिताए गए समय को याद किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधक ने समस्त छात्र-छात्राओं को अपनी तरफ से सुभाषीश देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की और सदैव प्रगति की तरफ बढ़ने के मार्ग सुझाए। विद्यालय के प्रवक्ता गण सुजीत जायसवाल,प्रियांशु यादव, और राहुल श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स प्रदान किए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक /शिक्षिकाओं जिसमें विजय बहादुर यादव रामकिशोर विकास अवधेश कुमार,अमरनाथ रामचंद्र यादव,शशिबाला, उमारानी श्रीवास्तव, दीप्ति मिश्रा,मंजू वर्मा, संगीता यादव, कुसुमलता लिपिक अरविंद कुमार ने भी आशीर्वाद देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के छात्रों शिवशांत, हर्ष सिंह, गौरव ,हिमांशु, रोहित ,आकाश ,शालू ,शिवांगी यादव नीलू ,आकांक्षा ,शाहीन, ज्योति, आनंद ,आदि ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाई।

## प्रभारी मंत्री ने साथिनी में आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें एवं जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा विकासखण्ड इगलास के ग्राम पंचायत साथिनी में आंगनबाड़ी केन्द्र-01 व 02 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साथिनी-01 पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीरा अग्रवाल एवं सहायिका कुसुम देवी ने बताया कि केंद्र पर 206 लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से 14 धात्री, 17 गर्भवती एवं 03-06 वर्ष के 78 बच्चे शामिल हैं। इसी प्रकार साथिनी-02 पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री मधुरानी गौड़ एवं सहायिका पुष्पा देवी ने बताया कि केंद्र पर 186 लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से 12 धात्री, 15 गर्भवती एवं 03-06 वर्ष के 86 बच्चे शामिल हैं। मंत्री ने इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे- राधा, नीशू, गायत्री एवं शिवांश का अन्नप्राशन एवं प्रिया देवी व कुसुम देवी की गोदभराई कर उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र के लिए किट, पाठ्य पुस्तकें एवं बच्चों को मिलेट्स से बने व्यंजन वितरित किये। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय, बाल विकास परियोजना अधिकारी इगलास विष्णु कुमार समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। वही प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत नौरंगी लाल राजकीय इण्टर कालेज में नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज के प्रागंण में नवनिर्मित स्मार्ट ब्लॉक का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

## आरआर काबेल ने अपने आरआर सिग्नेचर ब्रांड को यूपी वारियर्ज़ के साथ डब्ल्यूपीएल 2025 में जोड़ा मुख्य प्रायोजक के रूप में

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** आरआर काबेलने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में भाग लेने वाली यूपी वारियर्ज़ टीम के साथ अपने एफएमईजी ब्रांड आरआर सिग्नेचर की साझेदारी की घोषणा की है। टीम के मुख्य प्रायोजक के रूप में,आरआर सिग्नेचर का लोगो टीम की जर्सी के सामने प्रमुखता से दिखाई देगा। यह रणनीतिक गठजोड़, ब्रांड आरआर सिग्नेचर को राष्ट्रीय मंच पर पंखे,लाइट और एप्लायंस (एयर कूलर,रूम हीटर, वॉटर हीटर और आयरन) आने का अवसर प्रदान करेगा। इससे ब्रांड को उद्योग में अपनी स्थिति को और मज़बूत करने के लिए विभिन्नकिस्मकेग्राहकों के साथ जुड़ने में मदद मिलेगी। यह डब्ल्यूपीएल और यूपी वारियर्स के उत्साह और भावना के साथ ताल-मेल बिठातेहुएआरआर सिग्नेचर की उपस्थिति का विस्तार करेगा। आरआरकाबेल के मुख्यकार्यकारी - कंज्यूमर बिजनेस (एफएमईजी) विवेक अब्रोल ने इस साझेदारी केबारेमेंकहा, आरआरसिग्नेचर का ब्रांड प्रस्ताव है- आपके काम की बात - औरयह प्रासंगिक उपभोक्ता केंद्रित उत्पाद नवोन्मेषकर वितरित करने का वादा करताहै। यह गठजोड़ हमारे उपभोक्ताओं यूपीवारियर्ज़के लाखों प्रशंसकों के करीब पहुंचने की दिशा में एक और कदम है। हमारे उद्योग में एक प्रमुख क्रिकेट टीम के प्रमुख प्रायोजक बनने वाले पहले प्रगतिशील ब्रांड के रूप में,हम अपनी विचारधारा को प्रदर्शित करना चाहते हैं जो किसी अन्य ब्रांड ने नहीं किया है और शीर्ष स्थान पर पहुंचना चाहते हैं।यहएक ऐसी महत्वाकांक्षा जिसे हम अपने भागीदार यूपीवारियर्ज़के साथ साझा करते हैं। कैप्री स्पोर्ट्स की निदेशक, जिनिशा शर्मा ने इससाझेदारी के संबंध में कहा, हम आरआर सिग्नेचर कास्वागतएक भागीदार के रूप में स्वागत करते हुए उत्साहित हैं जो महिलाओं के खेल के रुझान को मान्यताप्रदान करता है।

## परिक्रमा करने के बराबर फल मिलता हैं श्रद्धालुओं और भक्तजनों की सेवा करना: संजीव सिपोलिया

**उरई (जालौन)।** गल्ला मंडी उरई में लगातार तीसरे दिन श्री विष्णु महायज्ञ के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा श्रद्धालुओं ओर भक्तजनों को निःशुल्क चाय एवं टोस्ट वितरित किय गए। उपस्थित भक्तजनों ने इस सराहनीय कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की।आज कुछ व्यापारियों एवं लोगों ने इस पुनीत कार्य के लिए दान स्वरूप अपना अपना योगदान भी किया। जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन अनवरत 19 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजीव सिपोलिया जी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बलवीर सोनी जिला कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल जिला मंत्री उदय करण प्रजापति जिलाध्यक्ष महिला बिंग निशा राजपूत जिला कोषाध्यक्ष महिला बिंग रोहनी अग्रवाल जिला मंत्री महिला बिंग गोरा गुप्ता चाय व्यवस्थापक सीताराम राजपूत व्यापार मंडल के पदाधिकारी गण सम्मानित व्यापारी गण एवं अन्य गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर के नेतृत्व में ग्राम प्रहलादपुर व ग्राम स्यानी में पीडीए जागरूकता चौपाल संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सुरक्षित कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम प्रहलाद पुर एवम ग्राम श्यानी में पीडीए जगरूकता चौपाल सभा सम्पन्न हुई। बैठक में बूथ और सेक्टर कमेटी का वेरिफिकेशन कर अवश्यकतानुसार संशोधन किया गया. वर्तमान मतदाताओं की स्थित की जानकारी प्राप्त की गई। सभाओं को सम्बोधित करते हुए। सपा नेता सर्वेश अम्बेडकर ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा पिछड़े दलितों एवं अल्पसंख्यकों के खिलाफ है. इस वर्ग का सशक्तिकरण इन प्रभुत्व वादियों की नींद हराम किये रहता है. समता मूलक पीडीए वर्ग कों जो अधिकार बाबा साहब अम्बेडकर जी ने संविधान में दिए हैं उनको समाप्त करने की हरचंद कोशिस करती रहती है. भाजपा संविधान कों ख़त्म करना चाहती है उनके लोगों द्वारा असमानता पर आधारित मनुविधान तैयार कर लिया गया है.. जिसकी खबर मिडिया द्वारा आती रहती है. इसलिए अभी वक्त है जाग जाओ और पीडीए वर्ग कों इकजुट कर 2027 में प्रचंड बहुत की सरकार बनाकर संविधान की रक्षा करो। सभा कों जिलाध्यक्ष शिक्षक सभा अरविंद यादव, प्रदेश सचिव शिक्षक सभा प्रभात यादव, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष हरी ओम यादव ने सम्बोधित किया। सभा मे मुख्य रूप से सरद यादव, अवध पाल शास्त्री, पिंकू लाल जाटव, गंगा दिन शाक्य, कुंवर पाल जाटव प्रधान सयानी, अशोक अंबेडकर, शिवकिशोर यादव, अजय पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## फर्रूखाबाद सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी द्वारा कादरी गेट से मसेनी संपर्क मार्ग तक चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रूखाबाद।** शनिवार को कादरी गेट चौराहे पर सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कादरीगेट से मसेनी संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य का शिलान्यास किया। कादरी गेट चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर प्रदेश की प्रगति एवं विकास को लेकर आगे बढ़ रही है।

उन्होंने बताया कादरी गेट से मसेनी संपर्क मार्ग जो कि यातायात के माध्यम से महत्वपूर्ण है इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए माननीय मुख्यमंत्री से संपर्क करके इस मार्ग को जाम की समस्या से मुक्त करने के लिए 7 मीटर चौड़ी करने का प्रस्ताव दिया गया था जो कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण के लिए 565 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं उन्होंने बताया इस मार्ग पर जाम की एक आम समस्या है जिसके कारण जनता को आए दिन असुविधा का सामना करना पड़ता है। मार्ग के चौड़ीकरण के बाद इस समस्या से निजात मिलेगा प्रदेश की सरकार सबका साथ और सबका विकास के मंत्र के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इस विधानसभा से विधायक रहे पूर्व मंत्री स्वर्गीय ब्रह्म दत्त द्विवेदी जिन्होंने इस शहर की जन समस्याओं के लिए सड़क बिजली पानी जैसे गंभीर मुद्दों पर कार्य किया उनके ना रहते हुए सदर विधानसभा की जनता ने मुझे कार्य करने का अवसर दिया और जो जिम्मेदारी जनता ने दी है उसे जिम्मेदारी का निर्माण करते हुए विधानसभा क्षेत्र को विकसित क्षेत्र बनाने के लिए कार्य करता रहूंगा। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रधान पति रामवीर शुक्ला सभासद शक्ति सिंह कुशवाहा जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड : जिले को छह जोन व 17 सेक्टर में बांटकर की जाएगी निगरानी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला प्रशासन की तरफ से बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयारियों का अंतिम दौर चल रहा है। केंद्रों पर सभी जरूरी तैयारियों को तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। परीक्षा को लेकर जिले को छह जोन और 17 सेक्टर में बांट गया है। साथ ही अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बोर्ड परीक्षा शुरू होने में अब कुछ ही दिन बचे है। प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं। अब माध्यमिक शिक्षा विभाग का पूरा ध्यान लिखित परीक्षाओं की तैयारियों पर है। 24 फरवरी से लिखित परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं पहुंचा दी गई हैं। प्रवेशपत्र भी विद्यालयों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए डीएम विशाला भारद्वाज ने जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। नकलविहीन परीक्षा कराने को प्रत्येक केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेगा। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस फोर्स तैनाती भी होगी।

## बालिका विद्या मंदिर व शिशु मंदिर में हुआ मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम

**उरई (जालौन)।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंडी, सरस्वती शिशु मंदिर/ शिशु वाटिका मंडी में भारतीय संस्कृति के अनुरूप माता-पिता, दादा-दादी कार्यक्रम संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि आरएसएस के झांसी विभाग संघ चालक ओमनारायण मिश्रा ने कहा, सनातन संस्कृति में माता-पिता का स्थान ईश्वर से भी ऊपर है। थाना प्रभारी अरुण कुमार राय, विद्यालय की उपाध्यक्षा डॉ नीता रेजा, प्रबंधक डॉ दिलीप अग्रवाल, विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष प्रो. महेन्द्रनाथ के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व प्रधानाचार्य ब्रजबलभ सिंह सेंगर, शिवप्रसाद निरंजन, रामप्रकाश प्रधान, प्रभा नगाइच, बब्बू राजा नरी, मधु गुप्ता, मोंटी गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सीता तिवारी, प्रेमा गुप्ता, प्रधानाचार्या आभा तिवारी आदि बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे। मां सरस्वती के पूजन वंदन से शुरू हुए कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत गाया

## आजाद समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष पर लगाया आरोप

**गोरखपुर।** आजाद समाज पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष सुनील भारती और उपाध्यक्ष राजनाथ राव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष पर धन उगाही कर दूसरे व्यक्तियों को पदाशीन करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि सहजनवा थाना क्षेत्र के भक्सा में दो दलित युवक की निर्मम हत्या की गई थी। जिसमें विधान सभा कमेटी के पदाधिकारी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के मिलते रहे। लेकिन पार्टी के जिलाध्यक्ष को बार बार पीड़ित परिवार के जाने के लिए आग्रह किया गया। लेकिन उनके द्वारा कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया गया। उल्टे जिलाध्यक्ष ने मनमानी करते हुए एक पत्र जारी कर विधानसभा अध्यक्ष सुनील भारती और उपाध्यक्ष राजनाथ राव को पद से हटा दिया। यही नहीं पीड़ित परिवार भी आरोप लगा रहे की धन लेकर मामले का समझौता कर चुके। लेकिन पीड़ित परिवार को अभी तक न्याय नहीं मिल सका है। राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र भेज कर जिलाध्यक्ष के खिलाफ कारवाई करने की मांग किया है।

## एनएसएस की छात्राओं ने रोपे पौधे

**उरई (जालौन)।** अशोक शुक्ला महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के साथ साथ प्रबंधन से जुड़े लोगों ने भी किसी न किसी के नाम पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा अपने-अपने नाम का एक-एक पेड़ लगाया गया जबकि महाविद्यालय के प्रबंधक विपिन शुक्ला ने अपनी मां के नाम का पौधा रोपा।

## महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के संबद्ध विद्यार्थियों ने किया प्राकृतिक रूप से जल शोधन कार्य का शैक्षणिक भ्रमण



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के बी. एस. सी बायोटेक्नोलॉजी के 120 छात्र एवं छात्राओं ने भारत एवं उत्तरप्रदेश सरकार के नेतृत्व में नदियों के स्वछता अभियान में 15वे वित्त आयोग के अंतर्गत गोरखपुर नगर निगम के द्वारा रेगुलेटर नंबर 4, 5, 6, व 7 एवं इलाहीबाग रेगुलेटर से तकियाघाट होते राप्ती नदी में गिरने वाले नालों का प्राकृतिक विधि से चल रहे जल सोधन के कार्य को नजदीक से जानने और समझने के लिए शैक्षणिक भ्रमण किया 7 संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया है। प्लांट में बिना किसी केमिकल का इस्तेमाल कैसे प्राकृतिक रूप से फाइटोरेमेडिएशन की मदद से शोधन किया जा सकता है। इसके लिए प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थीयो में शोध दृष्टि विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रोजेक्ट को शुरु करने में प्रो. सी.आर. बाबू की अहम् भूमिका रही है। यह शैक्षणिक भ्रमण संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो सुनील कुमार सिंह, एवं जैव प्रौद्योगिकी के विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार दुबे, के नेतृत्व में डॉ पवन कुमार एवं डॉ अवैद्य नाथ सिंह ने सम्पादित किया।

भ्रमण में गोरखपुर नगर निगम के अधिशाषी अभियंता श्री शैलेश कुमार, प्रभारी अनुराग श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी नारदेश्वर पाण्डेय, जूनियर इंजीनियर रंजीत कुमार, फयतोरेमीडिएशन के विशेषज्ञ मुरारी बाबू ने प्राकृतिक रूप से चल रहे जल शोधन कार्य साइट का विद्यार्थियों को भ्रमण कराया।

## पद्मश्री डॉ राम चेत चौधरी ने कृषि विद्यार्थियों को दिया सफलता का मूलमंत्र

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** शनिवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित कृषि संकाय में 50 मिनट 50 साल के विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पद्मश्री डॉ रामचेत चौधरी उपस्थित रहें। डॉ चौधरी ने कृषि विज्ञानं में शोध व अनुसंधान क्षेत्र के अपने अनुभव को साझा करते हुए छात्रों को कृषि में हुए नवाचार और क्रांतिकारी परिवर्तनों से अवगत कराया।

उन्होंने अमेरिका, कंबोडिया, म्यांमार, अफ्रीका, मलावी और अफगानिस्तान समेत 104 देशों में वर्ल्ड बैंक, फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन, इरी व अनेकों प्रतिष्ठित संस्थाओं में अपने शोध कार्य से कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता व खाद्य निर्यात में सक्षम बनाने में अपनी अमूल्य भूमिका निभाई। डॉ चौधरी ने बताया की उन्होंने कृषि के अलावा शिक्षा व स्वास्थ्य में भी अनेकों देशों में अपना योगदान दिया है। कालानमक चावल को आधुनिक कृषि का क्रांतिकारी प्रयास बताते हुवे उसकी आर्थिक उपयोगिता व् किसानो को उससे होने वाले लाभ का विस्तृत वर्णन किया ।हरित क्रांति के जनक भारत रत्न डॉ एम एस स्वामीनाथन के साथ किये गए कार्यों के अनुभव को साझा करते हुवे उन्होंने कहा की इरी जैसे संस्थाओं के सहयोग से, कम्बोडिया, फिलीपीन्स जैसे छोटे देशों ने कृषि पर अपनी निर्भरता से अपने आर्थिक विकास को प्रगति दी है। वर्ष 2024 में उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया, तथा 14 अन्य राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया । डॉ चौधरी ने विश्वविद्यालय के साथ मिलकर भविष्य में सुनहरी शकरकंदी के उत्पादन पर कार्य करने का प्रस्ताव रखा जो को विटामिन डी की कमी से होने वाली बीमारियों के निवारण में सहायक होगा। कार्यक्रम का संचालन स्नातक कृषि विज्ञान तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी गुप्ता व अदिति सिंह ने एवं आभार ज्ञापन अधिष्ठाता डॉ विमल कुमार दुबे द्वारा किया गया।

**Notice**

I (shahzad ahmad), am changing my child's name from 'hamnah' to 'hamnah shahzad' for passport issuance henceforth she would be known by the name of (hamnah shahzad) for all future purposes. H.N.11/2068 near dr asgar, khakroban, saharanpur, 247001

## औद्योगिक क्षेत्र में अनाधिकृत आवंटियों के प्रति विभाग हुआ सख्त

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** लघु मध्यम उद्योगों के संचालन के लिए विभागीय भवनों का अनाधिकृत तरीके से उपयोग करने वालों पर समाज कल्याण विभाग के द्वारा कार्यवाही तेज कर दी गई है।विभाग के द्वारा औद्योगिक अस्थान के पक्के शैड में व्यवस्था ना करने वाले को चिन्हित करके दूसरो बार नोटिस देने की कार्यवाही की जा रही हैं। कालपी नगर के मुख्य बाजार से सटे मुहल्ला आलमपुर में समाज कल्याण विभाग की अनुसूचित वर्ग के लोगों के लिए राजकीय औद्योगिक आस्थान स्थित है। आस्थान में अलग-अलग 11 बड़े बड़े पक्के शैड बने हुए है। यह शैड अनुसूचित वर्ग के लोगों को छोटे उद्योगों को स्थापित कराने के लिए दिए गए थे। उक्त आस्थान के विभागीय अधीक्षक देवेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि मात्र 2 शैडों में ही आवंटी उद्योग धंधे चला रहे है। जबकि 9 शैडो में उद्योग धंधे स्थापित नही है, बल्कि रिहायश बनाये हुए हैं। उन्होंने बताया कि 9 लोगों को चिन्हित किया गया है। इसलिए सभी 9 आवंटियों को नोटिस देकर नियमानुसार उद्योग की स्थापना पर जोर दिया जाएगा। अन्यथा की स्थिति में आवश्यक विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। विभागीय अधीक्षक ने अवगत कराया कि इसके पहले भी नोटिस दिये जा चुके हैं।राजकीय औद्योगिक आस्थान के शेडधारी आवंटियों के द्वारा अपना-अपना किराया भी विभाग में जमा नही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी-अपनी किराए की अदायगी ना करने वालो पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने किया सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व उनके प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को मुलाकात किया। मिल्कीपुर विजय के उपरान्त पहली बार मुख्यमंत्री से जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुलाकात किया। उन्होंने सीएम योगी का स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मिल्कीपुर चुनाव के दौरान महिलाओं की टीम के साथ लगातार विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहीं थी। महिलाओं से जुड़े प्रकरणों को प्रमुखता से उठाने व सपा की गुमराह करने की नीति का लगातार जवाब देने के कारण जिला पंचायत अध्यक्ष पर समाजवादी पार्टी ने लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से कटाक्ष किया गया था। जिसका भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर जवाब दिया था।जिला पंचायत



अध्यक्ष रोली सिंह ने बताया कि विकास की अवधारणा से जिले के गांवों को जोड़ा गया है। सुनियोजित तरीके से ग्रामीण क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। गांव की सड़कों का सुदृढ़ीकरण तथा सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है उन्हें मुख्य मार्गों से जोड़ा गया जिससे यातायात में सुगमता रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में पेय जल, प्रकाश व्यवस्था की गई है।जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने बताया कि मुलाकात के दौरान अयोध्या जनपद के ग्रामीणांचल में चल रही विकास की योजनाओं को और गतिशील बनाने तथा योजनाबद्ध तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर चर्चा हुई। अयोध्या के परिक्षेत्र में जो धार्मिक महत्व के स्थल विकास से छूटे है उन्हे सूचीबद्ध कर समुचित विकास करवाने के विषय में मुख्यमंत्री ने मार्गदर्शन दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि जिस प्रकार से शहरी क्षेत्र को सोलर लाइटों से आच्छादित किया जा रहा है उसी प्रकार से ग्रामीणांचलों में सोलर लाइटें लगवाने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सीएचओ एवं एएनएम की समीक्षा बैठक

**अयोध्या।** जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थित में सीएचओ एवं एएनएम की समीक्षा बैठक का आयोजन रा.स्वा.शा.चि.महाविद्यालय अयोध्या के प्रेक्षागृह में किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मुख्य रूप से चल रहे निम्न प्रोग्राम की जानकारी दी गई। 100 दिवसीय टी बी अभियान की जानकारी।

**एनसीडी अभियान की समीक्षाए**

टीकाकरण अभियान की समीक्षा। एनक्यूंएस के अंतर्गत 19 आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ एवं एएनएम को मोमेंटम एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। 100 दिवसीय टी बी अभियान की जानकारी जिला क्षय अधिकारी डॉ संदीप शुक्ला ने विस्तृत रूप से बताया कि समुदाय में टी बी के मरीजों की स्क्रीनिंग किस प्रकार किया जाय। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से टी बी से ग्रसित मरीजों पोषण पोटली का वितरण किया गया।मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चल रहे प्रोग्राम की विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में आशा, एएनएम एवं सीएचओ को टी बी एवं छाया ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस मेहनत से कार्य करे। जिला प्रतिक्षण अधिकारी डॉ राजेश चौधरी ने क्षेत्र में हो रहे टीकाकरण के सभी इंडिकेटर पर विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही बैठक में आई एएनएम से उनकी समस्याओं को हल करने का प्रयास किया। माह फरवरी में जे एस आई के सहयोग से राइस ऐप की ट्रेनिंग ब्लॉक स्तर की जानी है। जिसमें अर्बन रूटीन इम्यूनाइजेशन कोऑर्डिनेटर अनुराग यादव का पूर्ण सहयोग नेशनल कम्युनिकेबल डिजीज पर डीसीपीएम अमित कुमार ने सीएचओ एवं एएनएम जो आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किए गए कार्यों की सराहना की। साथ डीपीएम आर पी पटेल ने मंत्रा, एनक्यूंएस आदि पर विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पुष्पेंद्र कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चल रहे प्रोग्राम की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए सभी लोगों को उत्साह वर्धन किया एवं कार्यक्रम में आए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# अयोध्या को मिली नई सौगात, मऊ यदुवंशपुर में भूमि पूजन के साथ अयोध्या डिवेलपमेंट सिटी का आरंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या जनपद को एक नई सौगात मिली है, आज मऊ यदुवंशपुर में अयोध्या डिवेलपमेंट सिटी का भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों और स्थानीय नेताओं की उपस्थिति में भूमि पूजन हुआ, विजय सिंह ने बताया की नई सिटी के निर्माण की दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया गया। यह सिटी एक आधुनिक और विकसित क्षेत्र के रूप में उभरेगी, जो अयोध्या के विकास को और भी मजबूती देगा।

इस नई सिटी में जल्द ही प्लाटिंग का काम शुरू हो जाएगा, और यह परियोजना स्थानीय निवासियों और निवेशकों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित होगी। सुरेश पांडेय ने बताया कि सिटी के लिए लेआउट पास हो चुका है और जल्द ही प्लाटिंग का कार्य आरंभ होगा। यह सिटी हर तरह की सुविधाओं से लैस होगी, जिसमें स्कूल, अस्पताल, पार्क, शॉपिंग



मॉल और अन्य सभी आवश्यकताएं पूरी करने वाली सुविधाएं शामिल होंगी। इसके अलावा, यह सिटी उचित दरों पर प्लाट उपलब्ध कराएगी, जिससे आमजन भी यहां प्लाट लेकर अपना घर बना सकेंगे।

गोलू यादव ने बताया कि इस नई सिटी में रहने के लिए बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो स्थानीय नागरिकों की जीवनशैली को बेहतर बनाएंगी। इस परियोजना से अयोध्या जनपद के विकास में एक नया अध्याय जुड़ेगा, और यह क्षेत्र अयोध्या के साथ-साथ आसपास के जिलों में भी एक महत्वपूर्ण हब बनकर उभरेगा।इस मौके पर अयोध्या डिवेलपमेंट सिटी परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम में विजय सिंह, विवेक सिंह, सरफराज अहमद, गोतम जायसवाल, राजेश जायसवाल सहित कई प्रमुख नेता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने इस परियोजना को अयोध्या के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसे विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम करार दिया।

# भ्रामक सूचना को लेकर आंगनबाड़ी अभ्यर्थियों ने जताई नाराजगी

**महराजगंज।** आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया को लेकर शनिवार को विकास भवन आर अभ्यर्थियों ने विरोध जताया। अभ्यर्थियों ने आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में देरी और भ्रामक सूचना का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया के तहत दस्तावेज सत्यापन के लिए विधवा, विकलांग और तलाकशुदा महिलाओं को बुलाया गया था। लेकिन अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को भी सूचना मिल गई और वो भी सत्यापन स्थल विकास भवन पहुंच गई। जब अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उन्हें बुलाया ही नहीं गया तो अभ्यर्थियों में आक्रोश फैल गया । अभ्यर्थियों का आरोप था कि भर्ती प्रक्रिया में पहले ही काफी देर हो चुकी है और अब गलत सूचना देकर उन्हें और परेशान किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि सभी श्रेणी के लिए भर्ती निकली थी तो फिर कुछ ही महिलाओं को बुलाने की सूचना क्यों दी गई।

क्या बाकी अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है। इस दुविधा में और सूचना की अस्पष्टता के वजह अभ्यर्थी गुस्से में आ गए और विकास भवन परिसर में ही विरोध प्रदर्शन करने लगे । कई महिलाओं ने बताया कि वे दूर दराज के गांव से आई थीं जिससे न उन्हें केवल आर्थिक बल्कि मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ी। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को आश्वाशन दिया कि बाकी श्रेणी के महिलाओं की दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी इसके बाद स्थिति धीरे धीरे शांत हुई।

# महात्मा गांधी और डा0 अम्बेडकर के विचारों को सशक्त करती हैः पीएल पुनिया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण पहल है यह अभियान चलाकर कांग्रेस पार्टी न केवल महात्मा गांधी और डा0 अम्बेडकर के विचारों को सशक्त करती है बल्कि भारतीय लोकतन्त्र और संविधान की नींव मजबूत करने का सन्देश भी देती है जनपद में आयोजित चौपालों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि, जनता संविधान और सामाजिक न्याय के प्रति जागरूक है और इन मूल्यों की रक्षा के के लिये तत्पर है। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने आज जय बापू, जय भीम जय संविधान कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड बंकी के कांग्रेस




अध्यक्ष अखिलेश वर्मा द्वारा ग्राम बरौली एवं मनेरा में आयोजित चौपालों में व्यक्त किये कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तथा संचालन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अखलेश वर्मा ने किया।कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी स्तर पर जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान चलाये जाने का मकसद भारतीय संवधिान की महत्ता, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना और लोकतान्त्रिक मूल्यों की रक्षा करना है, इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांतों तथा डा0 अम्बेडकर के समता और सामाजिक न्याय के विचारों को एकजुटता से प्रस्तुत करके जनता को संविधान के प्रति जागरूक कर रही है।

विकास खण्ड बंकी के ग्राम बरौली तथा मनेरा में अयोजित चौपालों में मुख्यालय से पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया, कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, अखलेश वर्मा, आशाराम वर्मा, जगमोहन रावत, अजीत वर्मा, राशिद अली, राम हरख रावत, प्रदीप वर्मा, राम विलास गौतम, शिवचरन गौतम, विश्वनाथ वर्मा, दिलीप कुमार, दिनेश कुमार, उमेश रावत, नीरज कुमार शेषनाथ रावत, अजय रावत, मनीराम यादव सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षो में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीती रात बारात में डीजे पर गाना बजाने को लेकर दो पक्षों के मध्य जमकर मारपीट हुई जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए ।इस दौरान कई वाहनों के शीशे भी तोड़ दिए गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ती स्थिति संभाली। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी सिद्धौर ले जाया गया जहां से दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना थाना क्षेत्र के साल्हाभारी गांव की है। गांव निवासी रघुनंदन वर्मा की पुत्री की बारात कोठी थाना क्षेत्र के जाफरपुर मजरे बिबियापुरघाट गांव से आई थी ।गांव से करीब एक किलोमीटर दूर जमलापुर गांव स्थित मेला मैदान में बारातियों के रुकने की व्यवस्था थी?। द्वारपूजा व जयमाल आदि की रस्म होने साथ मेला मैदान में हो रहे डीजे डांस को देखने आए जमलापुर के रामू यादव और बारातियों के मध्य डीजे पर बज रहे गाने को लेकर कहासुनी हो गई ।कहासुनी के बाद रामू वहां से चले गए । कुछ देर बाद वह अपने परिजनों के साथ फिर पहुंचे और बारातियों पर लाठी डंडे व बैट से हमला कर दिया। इससे बारात में भगदड़ मच गई।एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा। घटना में रंजीत वर्मा, शैलेंद्र, प्रवेश व परमानंद समेत आधा दर्जन बाराती चोटिल हुए हैं ।इस दौरान दूल्हे की कार समेत कई वाहनों के शीशे भी तोड़ दिए गए । सूचना पर चौकी इंचार्ज सिद्धौर रामप्रकाश मिश्र फोर्स के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी सिद्धौर पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने शैलेंद्र व प्रवेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**मिठौरा (महराजगंज)।** चौक स्थित दिग्विजय नाथ इंटर कालेज में शनिवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 12वी की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देकर विदाई की गईं।

प्रधानाचार्य डॉ हरिन्द्र यादव ने छात्राओं को आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन करते हुए कहा यह ऐसा दिन है जब हमें गर्व होता है कि हमारे छात्र अब बड़े हो गए हैं और अपने नए सफर पर निकलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कह कि सभी छात्राओं को बधाई देता हू जो आज अपने नए सफर पर निकलने जा रहे हैं। मैं जानता हू कि यह एक नए अध्याय की शुरुआत है, और इसमें कई चुनौतियां और अवसर होंगे। लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हू कि आप सभी इन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। सपना सिंह द्वारा छात्राओं को पूरी ऊर्जा, उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।

कक्षा 12 की छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान विपिन कुमार, संदीप यादव, आनन्द कुमार शुक्ल, कावेरी जायसवाल, प्रतिभा पांडे, अंजलि त्रिपाठी, रतनप्रिया मिश्रा, सरिता मिश्रा, शीला मिश्रा गिरिजेश शर्मा, कमलेश वर्मा एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# जैदपुर आंगनबाड़ी केंद्र में 15 सालो से लाभार्थियों को नहीं मिल रहा सामग्री का लाभ

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के जैदपुर नगर पंचायत में आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालक को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आई है वार्ड रईस कटरा में मोहल्ला ब्राह्मणं, चमरही दर्जी मोहल्ला और अहिरान की आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले 15 वर्षों से पंजीकृत लाभार्थियों को सामग्री वितरण का लाभ नहीं मिल रहा है स्थानीय निवासी का आरोप है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए भेजी जाने वाली सामग्री का वितरण उचित तरीके से नहीं हो रहा है केंद्रों में केवल रजिस्टर में खानापूर्ति की जा रही है जबकि वास्तविक लाभार्थियों को सामग्री वितरण की जानकारी तक नहीं दी जाती है इस मामले में वार्ड सदस्य ताहिर अंसारी के माध्यम से लाभार्थियों ने शिकायत दर्ज कराई है शिकायत के बाद नगर




पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार और बाल विकास परियोजना अधिकारी को स्थिति से अवगत कराया गया है अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि पहले से दर्ज लाभार्थियों के नाम नहीं काटे जाए और मामले की जांच की जाएगी यह मामला विषय रूप से चिंता जनक है क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार लाभार्थियों तक सहायता पहुंचाने के लिए लाखों रुपए खर्च कर रही है लेकिन धरातल पर योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को तक नहीं पहुंच रहा है।

# विकसित भारत 2047 का रोडमैप है केंद्रीय बजटः दिनेश शर्मा

## केंद्रीय बजट पर संगोष्ठी आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति को गति प्रदान करने वाला है।बेहतर भविष्य के लिए मध्यमवर्ग को सशक्त बनाने, अन्नदाताओं का समग्र कल्याण, विश्वस्तरीय शिक्षा के जरिए युवाओं को अवसर प्रदान करने जैसे अनेकों उपाय केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बनाते है।दिनेश शर्मा शनिवार को कोऑपरेटिव सभागार में आयोजित केंद्रीय बजट संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा , 12 लाख रुपए तक आयकर सीमा को समाप्त करके मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग को बड़ा तोहफा दिया है।दीर्घकालिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और पूंजीगत व्यय को अपनी प्राथमिकताओं में रखते हुए मोदी सरकार ने राज्यों को 50 वर्षों की ब्याज मुक्त ऋण सहायता के रूप में 1.5 लाख करोड़ रुपए का प्राविधान किया है जो देश के सभी राज्यों में मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगा। कहा,मोदी सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को देश के विकास की धुरी मानते हुए सुक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की दक्षता बढ़ाने के लिए निवेश और टर्नओवर की सीमाओं को क्रमशः 2.5 गुना और 2 गुना कर दिया है। एमएसएमई की क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया है।कहा केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्पों को मजबूती प्रदान करने वाला है। दालों,सब्जी और फलों से किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए इनके उत्पादन,आपूर्ति श्रृंखला, एवं प्रसंस्करण हेतु बजट में 500 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर भारत ने



तेजी से कदम बढ़ा दिए है।कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करना करोड़ों किसान परिवार को उन्नत कृषि के लिए राहत देगा।उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश के लिए भी मोदी सरकार ने बजट में अभूतपूर्व वृद्धि की है।

### कई देशों के लिए शोध का विषय बना महाकुंभः पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश

बाराबंकी। संगोष्ठी के पूर्व आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते हुए राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि कुंभ में अब तक 50 करोड़ लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई है।महाकुंभ से उत्तर प्रदेश को तीन लाख करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई है।कहा, करोड़ों श्रद्धालुओं को सुगमता से अमृत स्नान करवाना योगी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि है। कहा कई विदेशी एजेंसियां कुंभ के प्रबंधन पर शोध करने में जुटी हैं। उन्होंने विपक्ष की तुलना गिद्ध से करते हुए कहा कि उनका काम कुंभ में सिर्फ कमियां ढूंढने में है जबकि करोड़ों सनातनी महाकुंभ को गरुण की नजर से देखकर आनंदित और उल्लासित है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य एवं जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद मौजूद रहे।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में परी आपकी रसोई का किया शुभारम्भ

## परी नमकीन वाले विनय अग्रवाल ने मरीजों और तीमारदारों के लिए अस्पताल में शुरू किया 10 रुपए में भोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में अब तिमारदारों और मरीजों बड़ी राहत मिलने जा रही है। मेडिकल कालेज में आए मरीजों के पेट की भूख शांत करने के लिये गरीबों के मसीहा समाजसेवी परी नमकीन के मालिक विनय अग्रवाल ने परी आपकी रसोई की शुरुआत अस्पताल में कर दी है। विनय अग्रवाल के इस कदम से मेडिकल



कॉलेज में दूरदराज़ से आये तिमारदारों को बड़ी राहत मिलेगी। आपको बतादे कि आपकी रसोई में मात्र दस रूपये की थाली में भरपेट भोजन दिया जायेगा।परी आपकी रसोई का शुभारंभ आज यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने फीता काटकर किया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह राठौर, भाजपा के जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा, भाजपा की महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, राजकमल बाजपेई, कपिल सिंह, सिद्धार्थ शुक्ला, पीयूष मिश्रा,अंकुर कटियार, मनोज अग्रवाल ,वरुण मिश्रा, अभिषेक गुप्ता ,दिलीप गुप्ता, अनिल अग्रवाल, शाहनवाज खान, अनिल गुप्ता, मनीष गुप्ता पार्षद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# प्रतिबंधित चाइनीज़ माँझे पर नहीं लग रहा लगाम, सिपाही घायल

## फिर एक सिपाही चाइनीज मांझे की चपेट में आया



**शाहजहांपुर।** महानगर में प्रतिबन्धित चाइनीज मांझे की बिक्री नहीं रुक रही है जिससे हादसे दर हादसे बढ़ रहे हैं। बीते माह 11 जनवरी की दोपहर चौक कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज क्षेत्र में बाईक सवार शाहरुख की माँझे से गर्दन कटी थी, जिसकी मौके पर ही मौत हुई थी। सिपाही की मौत के बाद डीएम और एसपी खुद मौके पर पहुँचे थे और मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी के बाहर मीडिया से सख्त कार्यवाही की बात कही थी। लेकिन बीते दिन शुक्रवार शाम थाना रोज़ा क्षेत्र में बाईक से पुलिस लाईन जा रहे सिपाही जय कुमार चाइनीज़ माँझे की चपेट में आकर घायल हो गए। तब से आज तक बीच मे बसंत पंचमी भी निकल गयी पुलिस चायनीज माँझे के नाम पर कुछ भी बरामद नही कर सकी। अब इसे नाकामी कहा जाए या फिर कुछ और क्योंकि बेजुबान पशु पक्षियों से लेकर आमजन और अब पुलिस भी शिकार हो रही है। बाबजूद इसके पुलिस चाइनीज माँझे की रोक के लिए कुछ भी नही कर रही है बराबर चायनीज माँझे का इस्तेमाल हो रहा है और सिर्फ और सिर्फ हवा हवाई दावे किये जा रहें हैं। अगर पुलिस प्रशासन का यही रवैया रहा तो आम जनता ऐसे ही चाइनीज मांझे की चपेट में आकर हादसे का शिकार होती रहेगी।

# महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर डीएम एसपी ने इटहिया मंदिर का किया दौरा

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** क्षेत्र के सुविख्यात इटहिया धाम पंचमुखी शिवमन्दिर पर महा शिवरात्रि में लगने वाले वाले मेले की तैयारियों की हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरतने और सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी तैनात रखने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम निचलौल शैलेन्द्र कुमार, सीओ अनुज कुमार सिंह,प्रभारी कोतवाल राघवेंद्र सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे। इस मौके पर दोनों अधिकारियों ने मंदिर में पूजन-अर्चन व जलाभिषेक किया।

प्रभारी कोतवाल राघवेंद्र सिंह ने बताया कि 26 फरवरी से शुरू होने



वाले महा शिव रात्रि मेले की तैयारी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। मेले में आए हुए सभी श्रद्धालु शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। इसके लिए प्रशासन बेहद सजग व जागरूक है। मेले में भीड़ बेतरतीब ना हो इसके लिए जगह जगह प्रमुख मार्गो पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मेले की निगरानी के लिए मंदिर के चारों तरफ 22 सीसी टीवी कैमरा लगाया जाएगा। जिससे अराजक तत्वों पर निगरानी किया जा सके।उन्होंने मंदिर परिसर की सफाई, बिजली, पानी, शौचालय व्यवस्था ठीक करने, मेले की व्यवस्था में लगे कर्मचारियों के रहने व खाने पीने की व्यवस्था पर चर्चा के साथ दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं को समुचित सुरक्षा/सुविधा के लिए मातहतो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज अभय नारायण सिंह, लेखापाल आज कसौधन, मंदिर के पुजारी ध्यानचंद गीरी, मुन्ना गीरी, कपिल देव कुशवाहा, हरीशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

# कृष्णनगर में माओवादी केंद्र पार्टी की सभा

## बदलाव की हवा और उम्मीदों की नई यात्रा

मौलाना मशहूद खां नेपाली



**कृष्णानगर, नेपाल।** कृष्णनगर, नेपाल में माओवादी केंद्र पार्टी द्वारा आज एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड नंबर 1 और वार्ड नंबर 2 के जनता ने भरपूर भाग लिया। इस शानदार कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी के संगठन को फिर से सुदृढ़ करना और जन समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

अतिथि विशेष शांतिदेवी ने कहा, माओवादी केंद्र पार्टी जन समस्याओं के समाधान और विकास के लिए काम कर रही है। राजेंद्र आचार्य ने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी का उद्देश्य सत्ता प्राप्ति से बढ़कर जन अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए काम करना है। मौलाना मशहूद खान नेपाली ने अपने भावनात्मक भाषण में कहा, माओवादी केंद्र पार्टी हमेशा उत्पीड़ितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की आवाज रही है। आज हम जो बदलाव देखना चाहते हैं, उसे प्राप्त करने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा।

उन्होंने क्रिष्णा नगर के जनता के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक मुद्दों को हल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा, हमें न्याय, समानता और विकास के सिद्धांतों को मजबूत करना होगा। यह आंदोलन केवल शब्दों की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह एक व्यावहारिक कदमों की यात्रा है।

मौलाना मशहूद खान नेपाली ने जनता को आश्वासन दिया कि वे हमेशा उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। कार्यक्रम में कृष्णानगर समिति के अध्यक्ष जावेद आलम खान ने एकजुट होकर पार्टी को आगे बढ़ाने की बात की, सदस्य तुफैल आलम खान ने भी पार्टी के विकासात्मक घोषणापत्र पर बात की। कार्यक्रम की संचालन रेनु शर्मा ने की, जबकि स्वागत भाषण अब्दुरहमान ने दिया। कार्यक्रम के अंत में जनता ने जोरदार जोश और उत्साह का प्रदर्शन किया और माओवादी केंद्र पार्टी के समर्थन में नारे लगाए। इसके अलावा, वार्ड नंबर 1 में मुन्नूशाह की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय समिति और वार्ड नंबर 2 में दम बहादुर पन की अध्यक्षता में 23 सदस्यीय समिति भी गठित की गई। यह कार्यक्रम एकता और विकास के संकल्प की प्रतीक के रूप में समाप्त हुआ, जहाँ हर व्यक्ति एक उज्जवल भविष्य के लिए दृढ़ संकल्पित नजर आया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने एसडीएम बांसी को पत्र देकर खाद्यान्न दिलाने की मांग

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खेसरहा विकास क्षेत्र अंतर्गत कड़जा तृतीय की आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने एसडीएम बांसी को पत्र देकर गांव के कोटेदार से तीन साल छह माह का आंगनबाड़ी केन्द्र का बकाया खाद्यान्न दिलाने की मांग किया है। एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में आंगनबाड़ी कार्यकत्री शांति राय ने गांव के कोटेदार पर आंगनबाड़ी केन्द्र का खाद्यान्न नहीं दिए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। कोटेदार के विरुद्ध दिए गए शिकायती पत्र में शान्ति राय ने लिखा है कि 6 वर्ष तक के आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले नौनिहालों के लिए कड़जा के केन्द्र तृतीय हेतु नौनिहालों की संख्या के अनुसार प्रति माह 35 किग्रा गेंहू तथा 33 किग्रा चावल का आवंटन कोटे के माध्यम से किया जाता है, जिसे कोटेदार द्वारा नहीं दिया गया। तहसील समाधान दिवस के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने कोटेदार से खाद्यान्न दिलाने व उसके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की मांग किया है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में एक का हुआ निस्तारण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को तहसील कार्यालय सभागार में एसडीएम शशांक शेखर राय की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल बीस फरियादी पेश हुए जिसमें मात्र एक प्रकरण का मौके पर समाधान हुआ। शेष 19 मामले को संबंधित विभाग को अविलंब निस्तारण के लिए भेज दिया गया। इस अवसर पर सी ओ मयंक द्विवेदी, तहसीलदार पियूष श्रीवास्तव सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा पीडीए चर्चा : भाजपा धर्म की बात करके लेती है वोट : नेता विरोधी दल



अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** शनिवार को विधानसभा क्षेत्र इटवा के सेहरी चौराहे पर समाजवादी पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार में गांव के लोग सबसे ज्यादा मंहगाई से परेशान है। डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ा दिये है और सभी खाद्य सामग्री का दाम बढ़ाया जा रहा है । तेल, साबुन, रेल का किराया, बस का किराया सहित सभी खाद्य सामग्री इस सरकार ने मंहगा कर दिया है। जिससे आप लोगों की कमाई इसी मंहगाई में चली जा रही है।

किसानों के यूरिया की बोरी को कम कर दिया गया है। जब जब मंहगाई बढ़ी है तब तब कठिनाई और बढ़ेगी। इस सरकार में पढ़े लिखे नौजवान युवा बेरोजगार घूम रहे है। हमारे हिन्दू भाइयों को खुश करने के लिए भाजपा धर्म की बात करके वोट ले लेती है और उन्हें उनके हक और अधिकार से वंचित रखती है। कुंभ में काफी रुपया खर्च करके झूठा प्रचार कराया गया की यहां पर श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधा किया गया है लेकिन वहां पर सैकड़ों लोग मर गए लोग बीस बीस किलोमीटर पैदल यात्रा करने पर मजबूर हो गए। भाजपा के लोग आप लोगों की परेशानी खत्म हो उस पर बात नहीं कर रहे है बीच में धर्म लाकर लूटने की कोशिश कर रहे है। ये नया नया कानून लाकर आप लोगों की परेशानी को और बढ़ाना चाहते है। धर्म हमारे परलोक के लिए है न कि वोट के लिए। ये आपसी भाईचारा खत्म कराकर आपस में एक दूसरे के बीच में दुश्मनी पैदा करना चाहते है। इनसे सावधान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष इटवा बबलू खान व संचालन दिनेश मिश्रा ने किया।

जिला महासचिव कमरुज्जमा खान, अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बहरैची प्रेमी, जिला उपाध्यक्ष कमाल अहमद, बबलू पाठक, राम धीरज साहनी, पारसनाथ विश्वकर्मा, चंद्रभूषण आर्य, गोविंद मौर्या ने भी संबोधित किया। नूर आलम, जीप सिंह, अतीमुल्लाह, राधेश्याम मौर्य, शिवा पाठक, राम बेलास यादव, नंद कुमार गौंड, रामदीन मौर्या, साहब गुप्ता सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने तहसील डुमरियागंज का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा तहसील डुमरियागंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर द्वारा सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी कोर्ट को देखा गया। उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कोर्ट केस पत्रावली में 05 वर्ष व 03 वर्ष से अधिक समय से लम्बित प्रकरणो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिया। इसके अलावा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र, पट्टा, आर.सी.वसूली, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण-पत्र आदि पत्रावली का गहनता से जांच किया गया। आईजीआरएस निस्तारण आख्या को जिलाधिकारी द्वारा देखा गया। इसके पश्चात अभिलेखागार, भूलेख, संग्रह अभिलेखागार, नजारत, खतौनी कक्ष, आपूर्ति कार्यालय, डाक डिसपैच रजिस्टर, आर0के0पटल, आदि विभिन्न पटलो का निरीक्षण किया गया। एन.पी.एस. पासबुक, जी.पी.एफ. पासबुक, को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित, उपजिलाधिकारी न्यायिक डुमरियागंज, तहसीलदार डुमरियागंज व अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# विकास खंड बढ़नी के बगल सरयू राप्ती मुख्य नहर के पटरी पर फेंकी जा रही दवाइयां

अवधनामा संवाददाता



- पूर्व में भी ढेबरुआ थाना क्षेत्र के डढ़ऊल गांव के पास सरयू नहर में जल प्रवाह की गई थी दवाएं

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के विकास खंड बढ़नी के बगल डढ़ऊल गांव के पास सरयू राप्ती मुख्य नहर की पटरी पर खुले मैदान में शनिवार को भारी मात्रा में दवाएं देखी गई थी। जिसमें इंजेक्शन, टेबलेट, सिरप, कैप्सूल, टानिक आदि कई तरह की एलोपैथिक दवाएं शामिल थी। जो देखने पर लग रहा था कि मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली अलग अलग प्राइवेट कंपनियों की थी। जिसमें से कुछ दवाएं 2022 में एक्सपायर हो चुकी थी और कुछ 2027 में होने वाली थी।

अब सवाल उठता है कि जो दवाएं 2-3 वर्ष पहले एक्सपायर हो चुकी थी उसे अभी तक दुकान या गोदाम में क्यों रखा गया था ? और जो दवा अभी दो वर्षों तक बेचने की समय-सीमा थी उसे क्यों फेंक दिया गया? क्या वह डुप्लीकेट या फिर चोरी का माल था? यह जांच का विषय बन चुका है। जबकि पूर्व में भी बीते वर्ष जुलाई 2024 में नहर के अंदर बहते हुए पानी में एक्सपायर दवाओं को फेंका गया था। जिसकी खबरें भी कई अखबारों में प्रकाशित हुआ था। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण ऐसी चीज़ों पर लगाम नहीं लग पा रहा है। आसपास के रहने वाले लोग अनुमान लगा रहे है। कि कुछ दूरी पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास कई मेडिकल स्टोर होलसेलर व रिटेलर की दर्जनों दुकानें संचालित हो रही है। ऐसे लोगों का कारनामा हो सकता है।बहरहाल दवाएं कहां से आई किसने फेंका ये जांच का विषय है। विशेषज्ञों की मानें तो लोग काम न आने वाली इन दवाओं सिरिज और इनहेलर को पॉलीथिन में भरकर कूड़ेदान में फेंक देते हैं। इससे न केवल हमारा पर्यावरण बल्कि आस-पास रह रहे लोगों को भी खतरा हो सकता है। हर दवा को फेंकने के भी अलग अलग नियम होते हैं। सभी को इनके बारे में पता होना चाहिए। बेकार हो चुकी दवाओं को किसी तरह की मिट्टी में नहीं मिलाना चाहिए। इससे पर्यावरण को नुक़सान पहुंचता है। इससे वॉटर पॉल्यूशन बढ़ेगा,जो हम सभी के लिए खतरा है। कुछ लोग पैकेट सहित दवाएं डस्टबिन में फेंक देते हैं। यह कूड़ा बीनने वालों और जानवरों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। एक्सपायरी दवा को डिस्पोज करने का पहला तरीका है मैन्युफैक्चरर को दवा लौटाना। कई शहरों में टेक बैंक मेडिसिन सेंटर और फार्मेसी होती है। उक्त संबंध में डीएम राजा गणपति आर का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ को मामले से अवगत करा दिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# पंचायत सहायक / एकाउन्टेन्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के पद हेतु आवेदन 10 फरवरी से

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उप्र शासन के निर्देश व जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में रिक्त 58 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक / एकाउन्टेन्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के पद हेतु समय सारणी निर्गत की गयी है, जिसमें आवेदन फार्म 10 से 25 फ़रवरी तक ग्राम पंचायत कार्यालय, क्षेत्र पंचायत कार्यालय तथा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में जमा किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे 124 जोड़ों की हुई शादी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को ब्लाक बन्दीपुर के बाबा जगरदेव के स्थान पर 124 जोड़ो की शादी संपन्न हुई जिसमे सभी जोडों की धार्मिक रीति रिवाज से एक दूजे के डोर में बंध गये। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हिंदू धर्म के 124 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज के तहत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही है योजना बहुत ही सराहना के योग्य है सरकार द्वारा ऐसे लोगों के लिए तमाम लाभकारी योजनाएं चल रही है जिससे लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

# शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव में छात्र अभिभावक हुए सम्मानित



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पूरे वर्ष सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने बताया कि शासन द्वारा आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हांकित करके शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा संचालित निपुण भारत मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, डीबीटी, मध्यान्ह भोजन योजना, शारदा कार्यक्रम ऐसी योजना है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण जनता के बच्चों को मिल रहा है और गांव गरीब से बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ कर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से शत प्रतिशत बच्चों के नामांकन एवं नामांकन के पश्चात ठहराव और शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु सहयोग का अनुरोध किया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र छात्राओं में कक्षा 8 की मोहिनी भारती, ज्योति, एवं बृजेश चौहान, कक्षा 7 की स्मिता, संध्या एवं सचिन, कक्षा 6 की महिमा, नेहा और अमन को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार में कॉपी कलम, पेंसिल, रबर देकर पुरस्कृत किया गया, तथा उनके अभिभावक जियाऊ, पुनीता, कांती को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में बच्चों ने रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल कूद, चित्र कला, भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी अभिभावकों और बच्चों को जल जलपान एवं मिष्ठान वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक कलीमुल्लाह अनुदेशिका नीलम देवी, छात्र अभिभावक अमीरुल्लाह, पेशकार, निर्मला, सरस्वती, नूर जहां, पुनीता, कांति आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पीएम श्री विद्यालय के बच्चों ने पॉलिटेक्निक का किया शैक्षणिक भ्रमण

## भ्रमण के दौरान बच्चों ने कंप्यूटर, मशीनी उपकरण व पुस्तकालय के संबंध में ली जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पीएम श्री कंपोजिट स्कूल देईपार के बच्चों ने वासा में स्थित महा महाकरूडिक तथागत गौतम बुद्ध राजकीय पॉलिटेक्निक का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान वहां के शिक्षकों ने बच्चों को खराद मशीन, मोटर साइकिल इंजन, ट्रांसफार्मर, स्टेबलाइजर व अन्य तकनीकी मशीनी उपकरण से अवगत कराया। इसके अलावा बच्चों ने पुस्तकालय में पुस्तकों का अध्ययन और स्मार्ट क्लास में लैपटॉप पर गणित व विज्ञान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कविता व कहानी भी मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। भ्रमण के संबंध में प्रधानाध्यापक नंदलाल ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय में अध्यनरत सभी बच्चों को तकनीकी व कंप्यूटर ज्ञान के संबंध में जानकारी करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया था। स्मार्ट क्लास में बच्चों ने लैपटॉप पर कार्य किया और विभिन्न प्रकार की जानकारी ली उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर तमाम सामाजिक व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत बच्चे विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर रहे हैं। इस मौके पर संकुल शिक्षक अहमद सईद, अजमत अली, भैया राम, राजकुमार वर्मा, शशिकांत, प्रमिला देवी, इंदु गुप्ता, संत कुमार, तौहीद आलम आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता व विधायक की मौजूदगी में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



- 76 प्रार्थना पत्र हुए प्रस्तुत मौके पर मात्र 6 मामलों का हो सका निस्तारण
- किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित मिला तो सम्बन्धित के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागपति आर0 की अध्यक्षता एवं विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में शनिवार को तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

तहसील डुमरियागंज़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के दौरान राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 76 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-41, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-10, विकास-15, अन्य-10 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा राजस्व के 6 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोरखनाथ त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 जीवन लाल, तहसीलदार डुमरियागंज, अधिशासी अधिकारी डुमरियागंज महेश प्रताप श्रीवास्तव, तहसील डुमरियागंज क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्र व प्रदेश की सरकार में महंगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी चरम पर है : सैय्यदा खातून



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार शनिवार को डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर बगहवा और खम्हरिया में पीडीए जन पंचायत चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। पीडीए जन पंचायत चौपाल को सम्बोधित करते हुए डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकार में महंगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी चरम पर है। अफसर रिज़्वी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सपा की नीतियों को जन जन तक पहुचाने और 2027 में सरकार बनाने के लिए अभी से लग जाने की बात कही। जन चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओ ने भी सभा को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों ने संविधान की रक्षा व बाबा साहेब के सम्मान को बचाने के लिए संकल्प लिया। जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान घीसियावन यादव, बच्चा राम बौद्ध, लोहिया वाहिनी जिला उपाध्यक्ष अफजल खान, पप्पू सिद्दीकी, बाल कृष्ण वोझा, सूर्यप्रकाश उपाध्यक्ष, खान गुलाम मुस्तफा, राजू मौलाना, पिंटू पांडे, सौरभ पांडेय, महफूज मलिक, नजीब मलिक, मतीबुलाह, अकरम खान, एजाज, समाजवादी पार्टी के नेतागण व सम्मानित जनता मौजूद रहे।

# गरीबों मजलूमों तथा आर्थिक रूप से कमजोरो की मदद करना पुनीत कार्य : सिद्धार्थ चौधरी

अवधनामा संवाददाता




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के घरुआर स्थित श्री ब्रजेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रांगण में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिद्धार्थ चौधरी के द्वारा जरूरतमंदो में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 500 कम्बल वितरित किया गया जिसमें भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

शनिवार को विकास खण्ड बढ़नी के घरुआर स्थित ब्रजेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रांगण में उपस्थित जरूरतमंदो में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिद्धार्थ चौधरी के द्वारा 500 कम्बल वितरित किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान जिले की वरिष्ठ भाजपा नेत्री व प्रांतीय कार्य समिति सदस्य श्रीमती साधना चौधरी ने कहा कि परंपरागत रूप से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के जरूरत मन्दों में कम्बल वितरण कर उन्हें राहत पहुंचाकर जो खुशी मिलती है उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। कहा कि गरीबों, निर्बलों और असहायों की मदद करना हमारा नैतिक कर्तव्य है, जो अनवरत जारी रहेगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिद्धार्थ चौधरी ने कहा कि अपने क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना अपना सौभाग्य समझता हूं। कहा कि गरीबों, मजलूमों तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सहायता करना पुनीत कार्य है इससे हमें जो आनंद की अनुभूति होती है उसे व्यक्त नहीं किया जा सकता। इस दौरान भाजपा मंडल प्रभारी राजू शाही, चेयरमैन सुनील अग्रहरि, पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ पाठक, पूर्व प्रांतीय परिषद सदस्य राजेश पाठक, भोला चौधरी, शैलेश पाण्डेय, क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश यादव, संजय कुमार, मकसूद आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जनसेवा केंद्र संचालक से चार लाख की लूट का मामला आया प्रकाश में

**जलालपुर अम्बेडकर नगर।** बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे जनसेवा केंद्र के संचालक से लगभग चार लाख रुपए लूट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। जबकि पुलिस इस मामले को दूसरा ही कुछ बता रही है। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के नेवादा का है। पीड़ित संगम कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 14 फरवरी को लगभग साढ़े चार बजे यूनियन बैंक से 3 लाख 81 हजार रुपये निकाला था।रामचंद्र मौर्य के यहाँ नेवादा बाजार में किराए के कमरे में रहता हू। नेवादा इंटर कॉलेज के उत्तर से कुछ सामान लेने अपने मोटरसाइकिल से जा रहा था जैसे ही समान लेकर अपने घर की तरफ कमरे से लगभग 100 मीटर दूरी पर आया था कि एक व्यक्ति जो मुंह को गमछे से ढके हुए था मुझे रोक लिया जिसका नाम नीतीश यादव ग्राम जैतपुर के थे जैसे ही अपनी मोटरसाइकिल रोका इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति आकर बांस के डंडे लेकर मेरे सिर पर जोरदार हमला कर दिया जिससे मेरा सर फट गया ।गस आने के कारण जमीन पर गिर गया तभी विपक्षी उपरोक्त मोटरसाइकिल की डिग्गी से 3 लाख 81 हजार लेकर फरार हो गये और मुझे गंभीर चोटे आई। 2 लाख 80 हजार रुपए बैंक से चेक द्वारा निकाला था तथा एक लाख एक हजार दुकान पर कलेक्शन का था। इस मामले में जैतपुर प्रभारी दिनेश मिश्रा से संपर्क किया गया को उन्होंने बताया कि लूट का कोई मामला नहीं है मारपीट हुआ है फिलहाल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में पीड़ित ने बताया कि पुलिस मामले को दबाकर कार्रवाई नहीं करना चाह रही है जबकि मेरे साथ लूट और मारपीट हुई है।

## वक्फ पर सियासी बवाल

भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है। कानून का राज है, तटस्थ और विवेकी न्यायपालिका है। इस देश में वक्फ बोर्ड भी है। वह जिस इमारत, जमीन, गांव और सैकड़ों साल पुराने मंदिर और मठ की तरफ अपनी उंगली उठाता है, तो वह उसकी संपत्ति मान ली जाती है। बेशक विवादों के लिए एक ट्रिब्यूनल भी है, लेकिन उसमें 40,950 से अधिक मामले अब भी लंबित पड़े हैं। 9942 मामले ऐसे भी हैं, जो मुसलमान वादियों ने ही वक्फ के खिलाफ कर रखे हैं। देश में सेना और रेलवे के बाद सबसे अधिक वक्फ बोर्ड के अधीन 9.40 लाख एकड़ जमीन है। आर्थिक विश्लेषण किया जाए, तो उस जमीन से 1.25 लाख करोड़ रुपए की आमदनी होनी चाहिए। वक्फ जमीन के कब्जेबाज सिर्फ 200 करोड़ रुपए की आमदनी ही मानते रहे हैं। क्या यह किसी घोटाले की ओर संकेत करता है? क्या ऐसी निरंकुशता और कानूनहीनता किसी संवैधानिक देश में स्वीकार्य हो सकती है? यह बुनियादी आधार है, जिस पर वक्फ बोर्ड के नए कानून, नए नियमों और पूरी तरह कानूनी प्रारूप के लिए मौजूदा कानून में संशोधन अनिवार्य है। भारत में सेंट्रल और राज्य के कुल 30 बोर्ड कार्यरत हैं। लाखों संपत्तियां वक्फ बोर्ड के अधीन हैं, लेकिन आम मुसलमान के लिए कोई फायदा नहीं। आम मुसलमान के लिए कोई अधिकृत अस्पताल नहीं। आधुनिक स्कूल, कॉलेज नहीं हैं। जरूरतमंद के लिए आर्थिक मदद की कोई विशेष योजना नहीं है। मुसलमानों की स्थिति पर सच्चर कमेटी की रपट में भी वक्फ पर कई गंभीर और तल्ख टिप्पणियां की गई थीं। दरअसल एक ताकतवर तबके के वक्फ बोर्ड के जरिए लाखों संपत्तियों पर अवैध कब्जे हैं। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 के तहत न तो किसी के मौलिक अधिकार छीने जा रहे हैं, न मजहबी आजादी को 'गुलाम' बनाया जा रहा है और न ही सरकार किसी मस्जिद, इबादतगाह, दरगाह, मदरसों, कब्रिस्तानों आदि पर कब्जे के मंसूबे पाले बैठी है।

संविधान और प्रभावशाली न्यायपालिका के देश में यह करना संभव भी नहीं है। मुस्लिम सांसद ओवैसी साक्ष्यों और अतीत की घटनाओं के आधार पर यह साबित करें कि सरकार वक्फ संशोधन कानून इसलिए बनाना चाहती है, ताकि मुसलमानों की वक्फ परिसंपत्तियों को हड़पा जा सके। मुस्लिम और उनके वोट बैंक पर जिंदा राजनीतिक दलों के नेता औसत मुसलमान को भड़काने और आंदोलित करने की सियासत कर रहे हैं, लिहाजा राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वक्फ बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 655 पन्नों की रपट को 'फर्जी' करार दिया है। उसे अलोकतांत्रिक, संविधान-विरोधी और प्रक्रिया-विरोधी भी माना है। लोकतांत्रिक भारत में 'असंवैधानिक' तो यह है कि वक्फ संपत्तियों का कोई 'सेंट्रल डाटा' ही उपलब्ध नहीं है। वक्फ वाले तो संसद भवन की जमीन को भी वक्फ की संपत्ति मानते हैं। शुक्र है कि अभी राष्ट्रपति भवन उनकी निगाहों से बचा हुआ है। वक्फ को लालकिला और कुतुब मीनार की जमीन को भी वक्फ की संपत्ति मानने में कितना वक्त लग सकता है? हैरान व्यवस्था है कि वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले को किसी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती! अब संशोधित बिल के अनुसार ट्रिब्यूनल के फैसले को राजस्व अदालत, सिविल कोर्ट और उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ में ऐसे कई बिंदु और व्यवस्थाएं हैं, जिन्हें कानून के दायरे में लाना संसद का दायित्व है।

## आतंकवाद व वैश्विक युद्धों पर मोदी ट्रंप की पार्टनरशिप

किशन भावनानीं

वैश्विक स्तरपर भारत के लिए विरोध का स्वर निकालने वाले देशों में मोदी की वाशिंगटन यात्रा व ट्रंप के साथ शानदार केमिस्ट्री, दोस्ती व अनेक समझौते एफ 35 विमान की पेशकश व आतंकवाद पर संयुक्त बयान से खासकर पड़ोसी व विस्तारवादी देश तिलमिला से गए हैं व ताबडतोप पाक के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने तिलमिलाकर कहा कि पाक के बलिदान को स्वीकार किए बिना इस तरह की टिप्पणियों से हैरान है, तो वहीं ट्रंप ने 26/11 मुंबई हमले के तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यापित करने की घोषणा कर दी। बता दें,वैसे तो भारत सहित समूचा विश्व आतंकवाद नामक मानवजनित त्रासदी से पीड़ित हैं, तथापि भारत बहुत लम्बे समय से आतंकवाद का शिकार होता रहा है। भारतीय राज्यों में प्रमुखता से जम्मू एवं कश्मीर, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब व उत्तर प्रदेश आसाम शहर अनेक राज्य आतंकवाद से त्रस्त रहा है।आतंकवाद भारतीय उपमहाद्वीप का सर्वप्रमुख विकास अवरूद्ध करने वाला समस्या सिद्ध हुआ है जो समय समय पर आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था व प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहा है,और जान माल की अत्यधिक क्षति आतंकवादी घटनाओं से ही अब तक हुआ है, चाहे वह मुम्बई बम ब्लास्ट की घटना हो या बनारस संकट मोचन, रेलवे स्टेशन की आतंकी घटना या फिर दिल्ली की घटना हो या जम्मू कश्मीर पुलवामा अटैक संसद पर हमला या फिर 26/11 का हमला सभी में असंख्य जाने गई है। जो क्षेत्र आज आतंकवादी गतिविधियों से लम्बे समय से जुड़े हुए हैं उनमें जम्मू-कश्मीर, मुंबई, मध्य भारत (नक्सलवाद) और आठ बहन राज्य (उत्तर पूर्व के आठ राज्य) शामिल हैं। अतीत में पंजाब में पनपे उग्रवाद में आंतकवादी गतिविधियां शामिल हो गयीं जो भारत देश के पंजाब राज्य और देश की राजधानी दिल्ली तक फैली हुई थीं, जो अब धीरे-धीरे पकड़ में आ रही है व समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए गए हैं। चूँकि भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ़ मजबूती से एक और एक ग्यारह बनकर लड़ने की घोषणा व वैश्विक युद्धों पर मोदी ट्रंप की पार्टनरशिप, दुनियाँ को नई लीडरशिप! साथियों बात अगरहम वॉशिंगटन डीसी में मोदी ट्रंप के जॉइंट स्टेटमेंट की करें तो,उसमें कहा गया है कि वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ निश्चित ही लड़ाई लड़ी जानी चाहिए और आतंकवादियों को पनाह देने वाले ठिकानों को पूरी दुनियाँ से खत्म किया जाना चाहिए,इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने ग्लोबल टेररिज्म के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है और पाकिस्तान से 26/11 मुंबई और पठानकोट हमलों के अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया। ज्वाइंट स्टेटमेंट में नाम लेकर पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए ना करे द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया, जो आपसी विश्वास, साझा हितों, सद्भावना और नागरिकों की मजबूत भागीदारी पर आधारित होगा। इसके अलावा ज्वाइंट स्टेटमेंटमें अलकायदा,आईएसआई जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठनों की तरफ से आने वाले खतरों के खिलाफ सामूहिक तौर पर लड़ने को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई है। इसके अलावा दोनों नेताओं ने डिफेंस, ट्रेड, एनर्जी सिक्योरिटी, टेक्नोलॉजी और लोगों के बीच सहयोग के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला है। ज्वाइंट स्टेटमेंट में नेताओं ने इस बात पर फिर से जोर दिया है, कि आतंकवाद एक वैश्विक संकट है, जिससे सामूहिक तौर पर लड़ा जाना चाहिए और दुनिया के हर कोने से आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने 26/11 को मुंबई में हुए हमलों और 26 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान में एबी गेट बम विस्फोट जैसे जघन्य कृत्यों को रोकने के लिए अल-कायदा, आईएसआईएस, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूहों से आतंकवादी खतरों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है।**

# आयकर कानून के सरल होने विवाद घटेंगे

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई



पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4



लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है। आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे। यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए। देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चे पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है।

# बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद मणिपुर शांत होगा!

**राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मई, 2023 में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जातीय हिंसा शुरू होने के बाद भी बीरेन सिंह पर इस हिंसा को भड़काने के आरोप लगते रहे। उन पर मैतेई संगठनों को हथियार मुहैया कराने तक के आरोप लगे। बीरेन सिंह के खिलाफ सबसे गंभीर आरोप सशस्त्र मैतेई संगठन आरामबाई टेंग्गोल की मदद करने का लगा है। इसके बावजूद केंद्र सरकार खासकर मैतेई समुदाय के बीच उनकी भारी लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए उनको कुर्सी से हटाने का खतरा नहीं मोल लेना चाहती थी।**

प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह का इस्तीफा मजबूरन लेना पड़ा। मणिपुर 3 मई, 2023 से जातीय हिंसा और हत्याओं के कारण जलता रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री को बरकरार रखा गया। अब विरोध और बगावत अविश्वास प्रस्ताव तक आ गई है। बीती 3 फरवरी को भाजपा के 19 विधायकों समेत कुल 33 विधायक दिल्ली आए और प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री से मुलाकात कर



मुख्यमंत्री बदलने का आग्रह किया। आगाह किया गया कि अविश्वास प्रस्ताव के साथ भाजपा विधायक भी मुख्यमंत्री के खिलाफ वोट कर सकते हैं।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को लगा कि 60 के सदन में करीब 35 विधायक विरोध में हैं, लिहाजा राज्य सरकार का पतन अपरिहार्य है। अंततः मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तलब कर उन्हें इस्तीफे के लिए आदेश देना पड़ा। यह ऐसा राजनीतिक इस्तीफा है, जो बहुत पहले ही अतिदेय था। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को यथावत क्यों पदासीन रखा गया, इसका रहस्य तो प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ही जानते हैं। बगावत की चिंगारी लपटों में तब्दील हो सकती है, यह यथार्थ तो सितंबर-अक्टूबर में ही सामने आ गया था। तब भाजपा के 19 विधायक स्पीकर सत्यब्रत सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिले थे। उस दौरान महाराष्ट्र चुनाव के कारण मामला ठंडा कर दिया गया, लेकिन मणिपुर जलता रहा।

मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई तबके को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की हाईकोर्ट की सिफारिश के बाद 3 मई 2023 को राज्य में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क गई थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, उस हिंसा में अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सैकड़ों करोड़ की संपत्ति जल कर राख हो गई है। इसके अलावा 50 हजार से ज्यादा लोग विस्थापन का शिकार होकर मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड के राहत शिविरों में अनिश्चित जिंदगी गुजार रहे हैं। हिंसा शुरू होने के बाद से ही बीरेन सिंह सरकार पर मैतेई संगठनों को मदद करने के आरोप लगते रहे हैं। अभी हाल में वायरल एक ऑडियो क्लिप में बीरेन सिंह कथित रूप से एक मैतेई संगठन को सरकारी हथियारों की लूट में मदद करने का दावा करते सुनाई दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उस क्लिप की फोरेंसिक जांच का आदेश दिया है।

मणिपुर राज्य पर्वतीय और घाटी यानी दो इलाकों में बंटा है। मैतेई बहुल घाटी इलाके में विधानसभा की 40 सीटें हैं और नागा-कुकी बहुल पर्वतीय इलाके में 20 सीटें। लेकिन हिंसा शुरू होने के बाद से ही पर्वतीय इलाके के विधायक, जिनमें दो मंत्रियों समेत बीजेपी के सात विधायक भी शामिल हैं, बीरेन सिंह को घेरे हुए थे। लेकिन आखिर ऐसा क्या हुआ कि बड़े पैमाने पर होने वाली हिंसा के बावजूद बीरेन सिंह अपनी कुर्सी



से चिपके थे और बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व भी उनका खुल कर समर्थन कर रहा था?

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मई, 2023 में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जातीय हिंसा शुरू होने के बाद भी बीरेन सिंह पर इस हिंसा को भड़काने के आरोप लगते रहे। उन पर मैतेई संगठनों को हथियार मुहैया कराने तक के आरोप लगे। बीरेन सिंह के खिलाफ सबसे गंभीर आरोप सशस्त्र मैतेई संगठन आरामबाई टेंग्गोल की मदद करने का लगा है। इसके बावजूद केंद्र सरकार खासकर मैतेई समुदाय के बीच उनकी भारी लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए उनको कुर्सी से हटाने का खतरा नहीं मोल लेना चाहती थी। लेकिन धीरे-धीरे यह साफ होने लगा था कि मैतेई और कुकी समुदाय के बीच इतनी कड़वाहट पैदा हो गई है, जिसे पाटना संभव नहीं है। क्या बीरेन सिंह को उनके खिलाफ लग रहे आरोपों या पार्टी में विरोध की वजह से हटाया गया है? इस सवाल पर प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष ए शारदा देवी ने डीडब्ल्यू से कहा, बीजेपी विधायकों में कहीं कोई मतभेद नहीं है। बीरेन सिंह ने राज्य के हितों को ध्यान में रखते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया है। वो यहां शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के पक्षधर हैं। लेकिन शारदा देवी के इस दावे पर सवाल उठ रहे हैं। कुकी नेता एच. थांगलियाट सवाल करते हैं कि आखिर 21 महीने बाद शांति की बात कहां से सूझी। अगर उन्होंने हिंसा शुरू होने के बाद ही इस्तीफा दे दिया होता तो राज्य में सैकड़ों बेकसूरों को अपनी जान से हाथ नहीं धोना पड़ता।

राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय तनाव इतना हिंसक हो गया कि अभी तक 250 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। करीब 60,000 लोग बेघर हो चुके हैं। करीब 5000 घर जलाए जा चुके हैं। 386 धर्मस्थल तोड़े जा चुके हैं। भीड़ ने 3 मंत्रियों समेत 6 विधायकों के घर फूंक दिए। हिंसा के करीब 6000 मामले दर्ज हैं। इनमें 11 गंभीर मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। 6745 लोग जेल में कैद हैं। ये सभी सरकारी आंकड़े हैं। असली डाटा भिन्न और ज्यादा हो सकता है। मणिपुर वीभत्स होता गया है। वैसे मणिपुर में हिंसा और हत्याओं के दौर कांग्रेस सरकारों के दौरान भी देखे गए हैं, लेकिन मौजूदा दौर में महिलाओं को सरेआम नग्न कर सड़कों पर घुमाया गया। इससे अधिक असामाजिक, अराजक और शर्मनाक हालात क्या होंगे! लेकिन मुख्यमंत्री बरकरार रहे और सत्ताओं के खेल जारी रखे गए। मणिपुर का मुद्दा संसद में भी पुरजोर तरीके से गूंजता रहा। चुनावों के दौरान भी कभी-कभार सुना गया, लेकिन 21 महीने तक यह नरक क्यों उबलता रहा, शायद ही देश को कभी इसका जवाब मिल सके! बेशक बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को सौंप दिया है। भल्ला केंद्रीय गृह सचिव रह चुके हैं, उसी अनुभव के मद्देनजर उन्हें मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया। माना जा रहा है कि बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद जल्द ही दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत शुरू हो जाएगी। बातचीत को गति देने के लिए मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाकर राज्यपाल अजय भल्ला को पूरी कमान सौंपने पर भी विचार किया जा रहा है। सवाल यह है कि अब बीरेन सिंह के जाने के बाद मणिपुर के हालात कैसे होंगे? क्या अमन-चैन का दौर लौट सकता है? क्या मैतेई और कुकी के बीच अनुसूचित जनजाति के दर्जे का विवाद हल हो सकता है? क्या मणिपुर में ड्रग सिंडिकेट को नियंत्रित किया जा सकेगा और म्यांमार की खुली सीमा का कानून संशोधित किया जाएगा? फिलहाल ये सवाल बहुत कठिन और पेचीदा लगते हैं। बगावती गुट स्पीकर टी. सत्यब्रत सिंह को अपना नया मुख्यमंत्री चुनने के पक्ष में है। क्या भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उनके नेतृत्व के लिए सहमत है? एक बात तो साफ है कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के इस्तीफे से डेढ़ साल से अधिक समय से हिंसाग्रस्त राज्य में स्थायी शांति के लिए बातचीत की राह आसान हो गई है।

# रुकावटों को तोड़ते हुए बेगम क़ुदसिया एज़ाज़ रसूल की मीरास

रेशम फ़ातिमा

**यूपी असेंबली में मुख़ालिफ़ीन के रहनुमा के तौर पर 1950 में रहीं और 1952 में राज्य सभा का मेंबर रहीं, उन्होंने अज़ीम किरदार अदा किया पालिसीयां बनाने में जो लाखों लोगों को मुतास्सिर किया। उनकी कामयाबी मुस्लिम औरतों की सलाहीयत को ज़ाहिर करती है जो एक अच्छी तबदीली के असरात की तरफ़ रहनुमाई करते हैं, हालाँकि ये मुसीबत के मुक़ाबला करने के दौरान भी हुआ। बेगम रसूल मुआशरा की रिवायात से मुक़ाबला किया, जो कि इस्तिक़ामत और पुर-अज़्म की कहानी है।**

**"तेरे माथे पे ये आँचल बहुत ही खूब है लेकिन**
**तो इस आँचल से एक पर्चम बना लेती तो अच्छा था"**

बेगम क़ुदसिया एज़ाज़ रसूल का सफ़र इस शेर के जौहर को ज़ाहिर करते हैं, जहां रिवायात का पर्दा-ए-तक़वियत के पर्चम में बदल जाता है। वो सिर्फ एक रहनुमा ही नहीं थीं बल्कि वो हिक्मत-ओ-क़ुव्वत की अलामत थीं, जिन्होंने हिन्दुस्तान में मुस्लिम औरतों के किरदार को दुबारा तआरुफ़ कराया। हिन्दुस्तान की तारीख़ी वाक़ेयात में वो तरक्क़ी और हिम्मत की चमकती हुई अलामत थीं। उन्होंने मुस्लिम औरत की ना-तसख़ीर रूह की अलामत को ज़ाहिर करती है जिन्होंने इस मुल्क के मुस्तक़बिल की तशकील के लिए मुआशरा के रस्म-ओ-रिवाज से मुक़ाबला किया। जैसा कि आईन-साज़ असेंबली के सिर्फ एक मुस्लिम औरत मेंबर होने के नाते, उनकी शिरकत क़वी बनाने की आइडयल के साथ गूँजती है, इन रुकावटों को चैलेंज किया जो उन पर नाफ़िज़ किए गए थे मज़हब, सनफ़ी और दर्जा के ज़रिये। उनकी कहानी मुस्लिम औरतों के लिए आज एक वोज़ह दावत है कि वो अवामी ज़िंदगी में आगे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और अपने हक़ीक़ी मुक़ाम के हुसूल के लिए जद्द-ओ-जहद करे इस मुल्क की तरक़्क़ी में।

बेगम रसूल का सफ़र उस ज़माने में शुरू होता है जब औरतें, ख़ासकर के मुस्लिम औरतें आम लोगों के ज़िंदगीयों से आम तौर पर ग़ायब हुआ करती थीं। वो एक मालदार घराने से ताल्लुक़ रखती थी, मालियर कोटला, पंजाब में, वो मराआत और फ़ुर्सत की ज़िंदगी गुज़ार सकती थी। इसके बावजूद, उन्होंने लोगों की ख़िदमत के लिए अपने आपको क़ुर्बान कर दिया, 1937 में उन्होंने दक़यानूसी तसव्वुरात को तार-तार करते हुए यूनाइटेड प्रोविन्स लेजिस्लेटिव कौंसिल के इंतिख़ाब में ग़ैर रिज़र्वेशन की सीट के लिए मुक़ाबला किया और जीता, और सियासत में मुस्लिम औरतों के लिए मॉडल बन गई। बाद में वो यूपी असेंबली में मुख़ालिफ़ीन के रहनुमा के तौर पर 1950 में रहीं और 1952 में राज्य सभा का मेंबर रहीं, उन्होंने अज़ीम किरदार अदा किया पालिसीयां बनाने में जो लाखों लोगों को मुतास्सिर किया। उनकी कामयाबी मुस्लिम औरतों की सलाहीयत को ज़ाहिर करती है जो एक अच्छी तबदीली के असरात की तरफ़ रहनुमाई करते हैं, हालाँकि ये मुसीबत के मुक़ाबला करने के दौरान भी हुआ। बेगम रसूल मुआशरा की रिवायात से मुक़ाबला किया, जो कि इस्तिक़ामत और पुर-अज़्म की कहानी है। 1937 में इंतिख़ाब का मुक़ाबला करने के लिए उन्होंने पर्दा को दरकिनार किया और खुले तौर पर ज़मींदारी निज़ाम के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाई, बावजूद उसके कि उनकी मराआत याफता परवरिश हुई थी। वो मुसलसल रिजअत-पसंद उसूलों का मुक़ाबला करती रहीं, वो इस नज़रिए के ख़िलाफ़ लड़ाई



लड़ी कि मुस्लिम औरतें घरेलू मुक़ाम मैं महदूद हो जाये। उन्होंने मुस्लिम औरतों से गुज़ारिश की कि वो पर्दे के साया को हटा दें और मुआशरा में अपना हक़ीक़ी मुक़ाम हासिल करें। इसकी स्वाने-उमरी, पर्दा से पार्लियामेंट तक,उनके तारीख़ी सफ़र को ज़ाहिर करता है, और ये वाज़ेह सबूत है कि वो औरतों को मुतास्सिर करने के लिए पुर-अज़्म थी, जो मुआशरे के रुकावटों से लड़ कर आगे बढ़ी। आईन-साज़ असेंबली में, उनके अलफ़ाज़ दर्ज हैं ''रिज़र्वेशन एक ख़ुद तबाहकुन हथियार है जो अक़ल्लियतों को हमेशा के लिए अक्सरियत से जुदा कर है।'' ये उनके इत्तिहादी नज़रिया और सेकुलर हिन्दुस्तान को ज़ाहिर करता है जहां पर तमाम अक़्वाम भरोसे और हम-आहंगी के साथ रहते हैं। उन्होंने मुसलमानों से दरख़ास्त की कि वो अलाहदगी पसंद रुजहानात को ख़त्म करें और शमोलियती सच्ची जमहूरी मुल्क की तशकील में फ़आल किरदार अदा करें। बेगम रसूल का हिन्दुस्तान की आज़ादी में शिरकत और मुल्क की तरक्क़ी के लिए सियासत से कहीं ऊपर है। वो मुतनाज़ा मसाइल के ख़िलाफ़ मज़बूती से खड़ी रहती थीं, जैसा कि अक़ल्लियत रिज़र्वेशन के ख़िलाफ़, और बड़े लीडर के साथ कंधे से कंधे मिला कर रहीं जैसा कि सरदार पटेल जिन्हों ने मुत्तहदा इंतिख़ाब की वकालत की। उनका नज़रिया मज़हब की बुनियाद पर रिज़र्वेशन के ख़िलाफ़ इन्क़िलाबी था, जैसा कि उन्होंने बहस की है कि मुसलमानों को अच्छी नीयत और इत्तिहाद पर भरोसा करना चाहिए, ना कि जुदाई पर। उनका इन्क़िलाबी फ़ैसला फ़िर्कावाराना कशीदगी के दौरान ज़ाहिर करता है उनका पुख़्ता अज़्म हिन्दुस्तान के इत्तिहाद और सालमियत लिए।

बेगम रसूल की ज़िंदगी मुस्लिम औरतों के लिए मुतास्सिर का एक ज़रिया है, जदीद हिन्दुस्तान के मुश्किलात का अहाता करते हुए। सियासत में इसकी रहनुमाई, औरतों के हुक़ूक़ की वकालत और इंडियन वूमन हाकी फ़ेडरेशन के सदर में उनका किरदार लगभग 20 सालों का, उनकी मुख़्तलिफ़ शिरकत और हिस्से की मिसाल क़ायम करते हैं। 2000 में उन्हें पद्म-भूषण एवार्ड से नवाज़ा गया जो उनके अज़ीम विरसा की याद-दहानी करता है। आज मुस्लिम औरतों के लिए उनकी कहानी अमल करने के लिए दावत है। ये उन्हें गुज़ारिश करती हैं कि वो अवामी ज़िंदगी में शिरकत करें, मुआशरे के रुकावटों के ख़िलाफ़ लड़ें, इन दक़यानूसी तसव्वुरात के ख़िलाफ़ मुक़ाबला करें जो उन्हें महदूद करने की कोशिश करते हैं। ख्वााह सियासत में, तालीम में, खेल में या मुआशरा के काम में, बेगम की रूह हर औरत में ज़िंदा है जो ख्वाब देखने की हिम्मत रखती हैं और अपने ख्वाब को हक़ीक़त में बदलने की कोशिश कर सकती हैं।

जैसा कि हिन्दुस्तान रिपब्लिक डे का जश्न मना रहा है, बेगम क़ुदसिया एज़ाज़ रसूल के विरसा को दुबारा याद करना दोनों वक़्ती और ज़रूरी है। वो एक औरत की ताक़त को पेश करती है कि कैसे उन्होंने पुख्ता अज़्म किया। कुछ मुख़्तलिफ़ करने के लिए। ऐसी दुनिया में जहां पर नुमाइंदगी और मसावात के मामलात से लड़ रहे होते हैं, उनकी कहानी शमोलियती अहमियत को ज़ाहिर करती है और मुस्लिम औरतों की सलाहियत को फ़रोग़ देती है कि कैसे वो इस मुल्क की तरक्क़ी में अपना किरदार अदा कर सकते हैं। उनकी ज़िंदगी मुसलमान औरतों की नई नस्ल को मुतास्सिर कर सकती हैं, कि वो आगे बढ़ें, रुकावटों को तोड़ें, हिन्दुस्तान की मुस्तक़बिल की तशकील में अपनी जगह बनाएँ। जैसा कि उन्होंने लिखा है 'ख़ामोश मुस्लिम ख्वातीन को अपनी आवाज़ तलाश करनी चाहिए।' ऐसा कर के वो सिर्फ उनके विरसा को इज्ज़त नहीं देती हैं बल्कि रिपब्लिक के आइडियल को भी वो मदद करते हैं जिसे उन्हीं ने बनाया। उनकी कहानी उम्मीद की अलामत है।

# पछुआ हवा के धीमे होते ही प्रदेश में चढ़ा पारा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के विभिन्न इलाकों में दो दिनों से चल रही तेज पछुआ हवा की गति शनिवार को धीमी हुई। इससे तापमान के साथ गर्मी भी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 19 फरवरी तक इसी तरह का मौसम रहेगा। जबकि 20 व 21 फरवरी को दो दिन पारा गिरेगा। 20 फरवरी को पश्चिमी यूपी के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की भी संभावना है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस झांसी में रिकॉर्ड किया गया।

फरवरी के शुरूआत से ही यूपी के मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। इसी का नतीजा रहा कि बीते दिनों कई जिलो में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया। हालांकि 12 फरवरी की रात से 14 फरवरी तक प्रदेश के विभिन्न



इलाकों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चली। इससे तापमान में गिरावट आई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक शनिवार को लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में पछुआ हवा की गति कम हुई है। अब 10 से 15 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से पछुआ हवा चल रही है। उन्होंने बताया आगामी 19 फरवरी तक मौसम इसी तरह रहेगा व पारा लगातार बढ़ेगा।

■ 19 फरवरी से इन जिलों में बारिश का अनुमान, जारी हुआ अलर्ट

### सबसे कम रहा मुरादाबाद का तापमान

वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि हवाओं के थमने के बाद शनिवार को उत्तर प्रदेश के मध्य और दक्षिणी भागों में अधिकतम तापमान में कुछ स्थानों पर उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इनमें प्रयागराज में 5.9 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के परिणामस्वरूप दक्षिण उत्तर प्रदेश के चार जिलों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस के निशान को पार कर गया है। इनमें झांसी का अधिकतम तापमान 33.1, प्रयागराज 32.6, वाराणसी 31.2 , हमीरपुर 30.2 पर है। जबकि मुरादाबाद में अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो प्रदेश में सबसे कम है।

# अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ ने जताया रोष

**टूंडला।** अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ की आवश्यक बैठक नगर के सब्जी मंडी स्थित प्रदेश कार्यालय पर संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य रूप से रेल विभाग के विद्युत कर्मचारी एसएसईपीएस की लापरवाही से निराश्रित गाय की मृत्यु होने पर रोष व्यक्त किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री लोकेंद्र सिंह पौनिया ने कहा कि नगर के लाइनपार भूत चौराहे पर 13 जनवरी को रेल विभाग के विद्युत पोल से चिपक कर एक निराश्रित गाय की करंट से चिपक का दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। गाय की मृत्यु में रेल के विद्युत विभाग के कर्मचारी एसएसई पीएस हरपाल सिंह की घोर लापरवाही सामने आई जबकि स्थानीय लोगों द्वारा घटना से पूर्व कई बार हरपाल सिंह को पोल में आ रहे करंट की सूचना दी थी। परंतु हरपाल सिंह ने अनसुनी और लापरवाही कर दी इस कारण एक दिन पहले एक महिला को करंट लगा और दूसरे दिन एक निराश्रित गए चिपक कर मर गई। नगर के गौमाता भक्तों और हिंदू समाज में रोष व्याप्त है।

# 58 शिकायतों में से 7 का हुआ मौके पर निस्तारण

## अधिकारी समय से करें शिकायतों का निस्तारण : सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने तहसील टुंडला में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ जनसुनवाई करते हुए कहा कि गंभीर प्रकरणों वाले मामलों का निस्तारण विभागीय अधिकारी उसी दिन त्वरित गति से निस्तारित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जहां राजस्व विकास एवं पुलिस विभाग से जुड़े हुए मामले हो वहां इन विभागों में जुड़े सभी अधिकारी संयुक्त रूप से आपसी समन्वय रखते हुए उन मामलों का निस्तारण सुनिश्चित कराए, आई0जी0आर0एस0 सम्बन्धित मामलों को ससमय और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 58 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर ही 7 शिकायतों का निस्तारण कराया और शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में पूरी गुणवत्ता के साथ



सम्पूर्ण समाधान दिवस

निस्तारण कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आवेदक को दोबारा एक ही प्रकरण के लिए न आना पडे। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा है कि इसका कडाई से पालन सभी अधिकारी करें ओर उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता को गंभीरतापूर्वक सुनें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकत्री विमला देवी पत्नी स्वर्गीय लख्मीचंद निवासी ग्राम व पोस्ट रसूलाबाद ने अपनी शिकायत में मृतक पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए जाने के संबंध में बताया कि उसके पति की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी अब उसे मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने वीडीओ टूंडला को नियम अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, इसी प्रकार राकेश कुमार पुत्र शिवप्रसाद निवासी गड़ी उसरा पोस्ट पमारी तहसील टूंडला ने वर्तमान खतौनी से कुर्की आदेश को हटवाने के संबंध में कहा उसने बताया की उसकी आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण केसीसी जमा नहीं कर पाया था, जिसके कारण बैंक ने वसूली करने के आदेश अमीन को दिए थे इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार टूंडला को निराकरण करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास आधिकारी ने कई शिकायती प्रकरणों में विद्युत, राजस्व, पुलिस व सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण करने के लिए मौके पर ही भेजा। इसके अतिरिक्त उन्होने उप जिलाधिकारी टुंडला व पुलिस क्षेत्राधिकारी टुंडला को निर्देश दिए कि वह दो बजे सम्पूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के उपरांत जमीनी विवाद व अतिक्रमण के प्रकरणों में अलग-अलग राजस्व व पुलिस की टीम बनाकर मौके पर भेजकर शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर पूरी गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ निस्तारण कराए और निस्तारण को शिकायत कर्ता को अवगत भी कराए।

# यूज्ड प्लास्टिक को अर्पण कलश बोतल बैंक की स्थापित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के दृष्टिगत नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा कई अभिनव प्रयास किये जा रहे हैं जिसके अन्तर्गत यमुना नदी के घाटों के किनारे प्रयोग की गयी पूजा समाग्री आदि की एकत्रित करने हेतु अर्पण कलश की स्थापना करायी जा रही है ताकि घाटों के किनारे पूजा करने के उपरान्त पूजा सामग्री को यमुना नदी में प्रवाहित न करते हुये अर्पण कलश में सामग्री को एकत्रित किया जायेगा। इसी प्रकार नगर निगम द्वारा व्यवस्थित किये गये वेंडिंग जोन एरिया/ मंदिरों एवं कॉलेज के आसपास क्षेत्र में यूज्ड प्लास्टिक बोतल, कैन एवं सूखे कूड़े को एकत्रित किये जाने हेतु हार्ट की आकृति में बोतल बैंक की स्थापना करायी जा रही है जिसके अन्तर्गत महा नगर में विश्राम घाट दाऊजी घाट



बंगाली घाट पर 03 स्थानों पर अर्पण कलश की स्थापना का कार्य नगर निगम द्वारा कराया गया है। इसी प्रकार मथुरा नगर में श्रीकृष्ण जन्मस्थान पोतरा कुंड विकास मार्केट एवं बीएसए कॉलेज के पास बोलत बैंक की स्थापना करायी गयी है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा स्थानीय जनता से अनुरोध किया गया कि यमुना नदी के घाटों पर पूजा उपरान्त पूजा सामग्री को अर्पण कलश में तथा वेंडिंग जोन एवं पब्लिक क्षेत्र में स्थित बोतल बैंक में प्लास्टिक बोतल, केन एवं सूख कूड़ा डाले जाने का अनुरोध किया गया है।

# 'शांत मन से किया गया परिश्रम सकारात्मक'

## जिला ओपन शूटिंग चैंपियनशिप के विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला राइफल एसोसिएशन शूटिंग रेंज सिविल लाइन में आयोजित जिला मथुरा ओपन शूटिंग चैंपियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि खिलाड़ियों को धैर्य के साथ मेहनत करनी चाहिए। शांत मन से किया गया परिश्रम सकारात्मक परिणाम देता है, राकेश कुमार नगर मजिस्ट्रेट ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार के उत्साह से यह प्रतियोगिता आयोजित हो पाई है। उपजिलाधिकारी श्रीमती प्राजक्ता त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मेहनत से अपना लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास करना चाहिए। श्री अनिल कपरवान ने सभी



खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्रतियोगिता प्रभारी मनीष चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता के एयर पिस्टल आई एस एस एफ वर्ग के चैंपियन ऑफ चैंपियंस ग्वालियर के पुष्पेन्द्र सिंह को पुरस्कार स्वरूप ग्यारह हजार रुपए नकद, ट्रॉफी , दूसरे स्थान पर रही गाजियाबाद की संस्कृति बाना को आठ हजार एक सौ रुपए और ट्रॉफी, तीसरे स्थान पर रहे फरीदाबाद के कपिल को पांच हजार एक सौ रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, एयर पिस्टल एन आर वर्ग चैंपियन ऑफ चैंपियंस बने बागपत के सागर तोमर को दस हजार रुपए नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, दूसरे स्थान पर रहे आगरा के कुशाग्र रत्नम को सात हजार एक सौ रुपए और ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर रहे बुलंदशहर के लक्ष्य को चार हजार एक सौ रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, एयर राइफल आई एस एस एफ वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियंस बनी प्रयागराज की दीक्षा वैश्य को ग्यारह हजार रुपए नकद, ट्रॉफी दूसरे स्थान पर रही गाजियाबाद की प्रकृति चौधरी को आठ हजार एक सौ रुपए ट्रॉफी, तीसरे स्थान पर रहे शामली के पीयूष शर्मा को पांच हजार एक सौ रुपए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, एयर राइफल एन आर वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियंस बने गाजियाबाद के निखिल कुमार को दस हजार रुपए नकद, ट्रॉफी दूसरे स्थान पर रही निहारिका को सात हजार एक सौ रुपए, ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर रही निकिता फौजदार को चार हजार एक सौ रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया , तकनीकि अधिकारी रहे आदर्श चौधरी, विक्रांत सिंह तोमर, मुकेश चौधरी सहित पूरी ऑफिशियल टीम अंजली प्रकाश, हर्षवर्धन सिंह, यश चौधरी, अनुभव त्यागी, नवदीप सिंह, दक्ष, गगन, लक्ष्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया , इस अवसर पर देविंद्र सिंह, गोविंद शर्मा, हिमांशु सैनी, विशाल चौधरी, विकास डागर आदि उपस्थित रहे।

# चादरपोशी व लंगर में उमड़ा अकीदतमंदों का हुजूम



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के हैदरिया में चल रहे ताजुद्दीन बाबा के तीन दिवसीय उर्स के दूसरे दिन चादरपोशी और लंगर में अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा जबकि इसके पहले शानदार नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया था।

कस्बे के मोहल्ला हैदरिया बड़े कसौड़ा स्थित हजरत ताजुद्दीन बाबा रह.के उर्स पर शुक्रवार रात मजार पर शानदार नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया जिसमें कारी जमील, फजलुर्रहमान रायपुर, आकिल बिजनौरी, इस्लाम उददीन इस्लाम, मसीह मौधवी, कुर्रतुल ऐन, कारी फारूक सहित अन्य शायरों ने शानदार कलाम पेश किए जबकि मुशायरे का संचालन कारी अताउर्रहमान कादरी ने किया और आयोजन कमेटी के साथ आकिल बिजनौरी ने किया।वहीं शनिवार सुबह मजार पर कुरआन ख्वानी और दस बजे से लंगर का आयोजन किया गया जो देरशाम तक चलता रहा।

# संत प्रेमानंद के पदयात्रा मार्ग पर पसरा सन्नाटा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वृंदावन के परिक्रमा मार्ग में जो मार्ग पहले रात में गुलजार रहा करता था, आज वहां सन्नाटे का दृश्य लोगों को चिंतित कर रहा है। जहां एक और दुकानदार परेशान हैं, तो वहीं रोजाना फेरी लगाने वाले भी। क्योंकि अब यहां से संत प्रेमानंद महाराज का निकलना नहीं हो रहा है।

पिछले दिनों एनआरआई ग्रीन सोसायटी के लोगों ने प्रेमानंद महाराज की यात्रा में रात्रि में होने वाली आतिशबाजी और बजने वाले ढोल का विरोध किया था। इस बात की जानकारी होने पर संत प्रेमानंद ने इस रास्ते से निकलने वाली पैदल यात्रा को ही स्थगित कर दिया था। पदयात्रा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई है। पदयात्रा बंद होने की सूचना पर भक्तों में आक्रोश व्याप्त हो गया। भक्तों ने अनुरोध किया तो संत प्रेमानंद



■ यात्रा मार्ग के दुकानदार ग्राहकी कम होने से बौखलाए

महाराज ने यात्रा का रास्ता और समय दोनों में परिवर्तन कर दिया। अब यहां के दुकानदार और फेरी लगाने वाले चिंतित हैं। उनका कहना है कि संत प्रेमानंद की पैदल यात्रा के कारण यहां लोगों की आवाजाही रहती थी, लेकिन पदयात्रा बंद होने के लिए उनकी कमाई बेहद कम हो गई। फेरी लगाकर सामान बेचने वाले भी अब यहां नजर भी नहीं आ रहे हैं।

वहीं शनिवार को पदयात्रा निकलने वाले मार्ग पर ब्रज के वासी एकत्रित हुए। यहां से महाराज के आश्रम गए। भले ही उनकी महाराज से भेंट नहीं हो पाई, लेकिन उन्होंने महाराज को अपना संदेश जरूर भेज दिया । सभी ने एक स्वर में मांग करते हुए कहा कि महाराज इसी मार्ग से अपनी पदयात्रा सुचारू रखें।

# खेलों में युवाओं का उज्जवल भविष्यः राजवीर सिंह

**मथुरा।** मथुरा महानगर के डीग गेट स्थित मेवाती मोहल्ले के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह का राहुल कुरैशी ने माला पहनकर स्वाफा बांधकर भगवान श्री कृष्ण की छवि भेंट कर जोशीला स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि राजवीर सिंह ने मैदान में पहली बॉल खेलकर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। सर्वप्रथम समर सेठ व अनिल सेठ की टीम के बीच मैच हुआ अनिल सेठ की टीम ने मैच जीता मुख्य अतिथि राजवीर सिंह ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किये जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह ने कहा मथुरा जनपद में क्रिकेट के खेल में युवाओं को काफी रुचि है यही युवा आगे चलकर जिले की टीम में खेलते हैं प्रदेश की टीम में खेलते हैं।

# प्रोफेसरों के रोमांचक खेल मुकाबला

## बीएसए कॉलेज के विज्ञान संकाय की टीम ने दिखाया दम

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बीएसए (पीजी) कॉलेज के त्रिदिवसीय वार्षिक खेल महाकुंभ का आज तीसरे दिन रंगारंग समापन समारोह हुआ। अंतिम दिन का मुख्य आकर्षण शिक्षकों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले रहे, जिसमें हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, रस्साकसी और म्यूजिकल चेयर जैसे खेलों ने समां बांधा। मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं यूपी राज्य हॉकी संघ के संयुक्त सचिव संजय गौतम ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर समापन समारोह का शुभारंभ किया।

हॉकी ग्राउंड पर विज्ञान संकाय और रेस्ट ऑफ कॉलेज टीम के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला हुआ। संघर्षपूर्ण मैच में विज्ञान संकाय की टीम ने 2-1 के अंतर से जीत दर्ज की। खेल के दौरान शिक्षकों और छात्रों का जोश देखते ही बनता था। प्रोफेसरों के बीच



हुए क्रिकेट मुकाबले में रेस्ट ऑफ कॉलेज इलेवन बनाम विज्ञान इलेवन के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। इस मैच में भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. रवीश शर्मा ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबको चौंका दिया। उनकी घातक गेंदबाजी और विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर विज्ञान इलेवन ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। डॉ. रवीश शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। उनकी खेल कुशलता और शानदार रिफ्लेक्सेस ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को मेडल, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। महाविद्यालय के सभी प्रोफेसरों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपने साथी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। समापन समारोह के अंत में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिसने पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा, खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता सिखाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। हमारे शिक्षक और छात्र जिस तरह पूरे जोश के साथ इस महाकुंभ में भाग लेते हैं, वह खेल भावना का अद्भुत उदाहरण है।

इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. एस के राय, डॉ एस के सिंह, डॉ खुशवंत सिंह,बीपी राय, डॉ. जसवंत सिंह, डॉ के वाई सिंह, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ आनंद त्रिपाठी, डॉ बी के गोस्वामी, डॉ अनिल कुमार भाटी, सोनू ठाकुर, प्रदीप प्रकाश एवं कपिल अत्री का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने इस खेल महाकुंभ की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अगले वर्ष इस आयोजन को और बड़े स्तर पर किया जाएगा, ताकि खेल प्रतिभाओं को और अधिक अवसर मिल सके। इस रोमांचक खेल महाकुंभ ने खिलाड़ियों, शिक्षकों और छात्रों में नया जोश और ऊर्जा भर दी। बीएसए कॉलेज का यह आयोजन जिले की खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता


**अयोध्या।** सैन्य शहीद स्मारक सेवा ट्रस्ट अयोध्या द्वारा अमर जवान मंगल पाण्डेय चौक स्थित सैन्य शहीद स्मृतिका पर पुलवामा शहीद दिवस पर पुलवामा आतंकी हमले में शहीद मां भारती के वीर जवानों को पुष्पांजलि व दीपांजलि देकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश नाथ श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संयोजन ओम प्रकाश सिंह नाहर ने किया।

कार्यक्रम अध्यक्ष कैलाश नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे वीर जवानों ने भारत माता की रक्षा में सीमा पर हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहूति दी है। अमर बलिदानियों की स्मृति में स्थान-स्थान पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन अति आवश्यक है। जिससे नौजवानों में देश के प्रति समर्पण की भावना जागृत होगी और राष्ट्र मजबूत होगा और जब-जब हमारे देश पर संकट के बादल छाये है। हमारे देश के वीरों ने अपना बलिदान इस देश को संकट से बचाया है। ऐसे बलिदानियों को शत-शत् नमन है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश नाथ श्रीवास्तव, कवीन्द्र साहनी, कमल कुमार, प्रभात अग्र्रवाल, राजेश वर्मा, मो शकीर, मो इशहाक, कंधई, रमेश आर्या, बीएन मिश्रा, एसके सिंह व ओम प्रकाश सिंह नाहर ने पुलवामा शहीदों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल आयीं 111 शिकायते

**राठ।** आज दिनांक 15 फरवरी को जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील राठ में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 111 शिकायते प्राप्त हुई। जिसमें पुलिस की 28, राजस्व की 26, विद्युत की 12, विकास की 08, समाज कल्याण की 06, नगर पालिका की 05, नमामि गंगे की 05, जलसंस्थान की 05, खाद्य विभाग की 03 आदि शिकायते प्राप्त हुई। मौके पर 11 शिकायतों का निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी द्वारा खातेदार मृतक होने जाने के उपरान्त अविवादित बरासत का आदेश पारित कर 05 व्यक्तियों को नकल खतौनी एवं 02 व्यक्तियों को वृद्वापेंशन प्रमाण पत्र वितरण किये गये। जिलाधिकारी द्वारा तहसील प्रांगण में महिला प्रतिक्षालय का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा क्रीडास्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्रीडास्थल में समुचित व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# 'स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा से पूर्व पहुंच प्रश्नपत्र के लिफाफे खुलवायें'



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर में हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी, मुख्य विकास अधिकारी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा आयोजित कराई जा रही हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु तैनात किये केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को कड़े निर्देश दियें है कि वह प्रतिदिन बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घण्टे पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंचेगे और सारी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अपनी पूरी देख-रेख में प्रश्नपत्र के लिफाफे खुलवायेंगे और इस आशय के अपने हस्ताक्षर भी करेंगे। उन्होने यह भी निर्देश दियें है कि पूरे परीक्षा समय में तैनात रहकर उत्तर पुस्तिका सील कराने तक परीक्षा केंद्र पर ही मौजूद रहेंगे तत्पश्चात् अपनी उपस्थिति कंट्रॉल रूम में दर्ज करायेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों

■ उत्तर पुस्तिका सील कराने तक तैनात रहेंगे: सीडीओ

पर नकल विहीन परीक्षा पारदर्शितापूर्ण ढंग से कराये जाने एवं उसकी वेबकास्टिंग द्वारा मानिटरिंग किये जाने के उद्देश्य से कम्प्यूटर प्रणाली जिसमें वॉयस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा, मॉनीटर, डीवीआर, राऊटर डिवाइस, एवं हाईस्पीड ब्राडबैण्ड कनेक्शन लगे होने की अनिवार्यता के दृष्टिगत इन्हें सम्पूर्ण परीक्षा अवधि में कियाशील रखना केन्द्र व्यवस्थापक की जिम्मेदारी होगी, उन्होने कहा कि इस कम्प्यूटर प्रणाली में जानबूझ कर विचलन या छेड़छाड़ को अनुचित साधन प्रयोग मानते हुए कार्यवाही की जाये, किसी प्राकृतिक आपदा व आकस्मिकता की स्थिति में इन उपकरणों के बन्द होने की दशा में केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को तत्काल सूचित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत छात्रों ने ने दिया स्वच्छता का संदेश



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में 07 दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन शिविर स्थल की साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। सरस्वती वंदना एवं एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ नवीन अग्रवाल ने शिविर का शुभारंभ किया।

एनएसएस कार्यक्रम श्रृंखला में प्रथम सत्र में साइबर क्राइम विषय पर साइबर क्राइम जिला पुलिस मुख्यालय से इंस्पेक्टर रमेश भारद्वाज एवं सब इंस्पेक्टर मोहित वर्मा ने साइबर क्राइम की बारीकियों को उदाहरण देकर स्वयंसेवकों को समझाया और कहा कि हमको कभी किसी लालच और भय में नहीं आना चाहिए। इस अवेयरनेस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रोफेसर राजेश गौतम, प्रोफेसर उमेश शर्मा, डॉ राजेश सारस्वत ,डॉ अजय उपाध्याय उपस्थित रहे। दोपहर द्वितीय सत्र के अंतर्गत बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य नटवर नागर ने मथुरा जिले की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक विरासत की घटनाओं के इतिहास की रोचक जानकारियां दी। साथ ही अभी न्यूज़ से पधारे गोपाल चतुर्वेदी ने मथुरा जिले के पौराणिक महत्व के बारे में बताते हुए सभी स्वयंसेवकों को इन पौराणिक स्थानों का भ्रमण करने की सलाह दी।

# बीजेपी सरकार में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम लोग परेशानः सचिव



अवधनामा संवाददाता

■ पीडीए की बैठक में संविधान बचाव और देश बचाव का भी नारा गूंजा

**महोबा।** शनिवार को पनवाड़ी में सिद्ध गोपाल राजपूत के निवास पर पीडीए की बैठक सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस मौके पर समाज वादी पार्टी के प्रदेश सचिव महेश कश्यप ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम आदमी और युवा परेशान है। नौकरी के झूटे आश्वासन देकर युवाओं को भाजपा सरकार धोका दे रही है। नौकरी न निकलने से हर साल लाखों शिक्षित बेरोजगार बेकार होता जा रहा है। इतना ही नही महंगाई चरम पर पहुंच गई है, आम आदमी बढती महंगाई के चलते खासा परेशान है। तेल, घी, दूध की कीमतें आसमान छूं रही है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार तेजी से बढ रहा है। किसी भी विभाग में बिना सुविधा शुल्क दिए कोई काम नही हो रहा है। लोग भ्रष्टाचार से आजिज आ चुके है। उन्होने कहा कि भाजपा शासन में आम आदमी बुरी तरह से परेशान है। पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान को समाप्त करने की साजिश रच रही है। यदि संविधान में संशोधन कर दिया गया तो डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर द्वारा जो अधिकार आम लोगों को दिए गए है वह अधिकार समाप्त हो जाएगें। और भाजपा सरकार अपनी तानाशाही से सरकार चलाएगी। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार से आम आदमी ऊब चुका है, अब नौकरियां न मिलने से युवाओं का भी भाजपा से मोहभंग होने लगा है। कहा कि सपा सरकार में सौर ऊर्जा प्लांट लगवाए गए थे जिससे भारी मात्रा में बिजली का उत्पादन हो रहा है। इस मौके पर सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत, मनोज तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय राज यादव, बाबू मंसूरी, कुंभकरण यादव, सपा नेता राज कुमार अहिरवार, अयूब कुरैशी, अरविंद मिश्रा, सपा ब्लॉक अध्यक्ष मुकीम खान ने भी विचार व्यक्त किए।

# जन-शिकायतों का निराकरण अधिकारियों की जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता

■ निस्तारण के उपरांत असंतुष्ट फीडबैक मिलने पर होगी प्रभावी कार्यवाहीः अंजनी कुमार

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील करहल में जन-शिकायतें सुनने के दौरान कहा कि भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को किसी भी दशा में लंबित न रखा जाए, तत्काल पुलिस, राजस्व की टीम गठित कर मौके पर भेज कर समस्या का निदान कराया जाए, भूमि की पैमाइश, अनाधिकृत कब्जे हटाते समय फोटो लिये जाएं, समस्या का निदान करने के पश्चात शिकायतकर्ता के साथ 02 गणमान्य व्यक्तियों के हस्ताक्षर कराएं जाऐं, राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी भूमि संबंधी प्रकरणों पर विशेष सावधानी बरतें, एक बार पैमाइश, मेढ़बंदी के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाए तो ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही कर प्राथमिकी दर्ज करायें। उन्होने कहा कि अधिकारी किसी स्तर से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण करें, निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से वार्ता करने के उपरांत निस्तारण आख्या अपलोड की जाये, शासन स्तर से किसी भी शिकायत पर असंतुष्ट फीडबैक न मिले। श्री सिंह ने कहा कि अधिकारी प्रत्येक कार्य-दिवस में जन-समस्या सुन प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता पर निदान करें, किसी भी पीड़ित व्यक्ति को अपनी समस्या के निदान के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़े, अधिकारी प्राप्त शिकायतों का व्यक्तिगत जिम्मेदारी मान निराकरण करें, अधीनस्थों की रिपोर्ट पर किसी भी दशा में शिकायत के निस्तारण को अपलोड न किया जाये बल्कि शिकायतकर्ता से वार्ता करने के उपरांत उसके संतुष्ट होने पर ही निस्तारण आख्या अपलोड करें। ग्राम खेड़ा नि. नवीन कुमार ने जन-सुनवाई के दौरान जब अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसे वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभान्वित किया गया था और उसे योजना के तहत 02 किश्तों की



धनराशि भी उपलब्ध करायी जा चुकी है, आवास का कार्य पूर्ण होने के बाद भी बार-बार सम्पर्क के बावजूद अंतिम किश्त की धनराशि उपलब्ध नहीं करायी जा रही है, जिस पर उन्होने खंड विकास अधिकारी करहल को निर्देशित करते हुये कहा कि तत्काल जांच कर लाभार्थी को तृतीय किश्त की राशि उपलब्ध करायें, लाभार्थीपरक योजनाओं में अधिकारी संवेदनशील रहकर कार्य करें, किसी भी लाभार्थी को अकारण समस्या का सामना न करना पड़े, समय से योजनाओं में किश्तों की राशि उपलब्ध करायी जाये। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर तहसील करहल के दूर-दराज क्षेत्र से आए 72 फरियादियों ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र निस्तारण हेतु प्रस्तुत किये, जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर फरियादी को तत्काल राहत प्रदान की। ग्राम पंचायत अहलादपुर के पूर्व प्रधान शिशुपाल सिंह ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि वर्तमान प्रधान मीना देवी के पति ग्रामसभा की आवादी की गाटा संख्या-265 पर लगभग 50 वर्षों से फसल कर रहे हैं, उक्त नम्बर पर फसल की सिंचाई हेतु बोरिंग भी कर ली है, आवादी की भूमि पर किये गये अनाधिकृत कब्जे की जांच कर भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाये, जिस उन्होने उप जिलाधिकारी करहल को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही हेतु आदेशित किया, ग्राम सहन नि. राम सरन सिंह ने गाटा संख्या-3374, 3377 पर किये गये अनाधिकृत कब्जे को हटवाने की मांग पर भी उप जिलाधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने को कहा। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुन उपस्थित थानाध्यक्षों को तत्काल प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.सी. गुप्ता, उप जिलाधिकारी करहल नीरज कुमार द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, परियोजना निदेशक सत्येन्द्र कुमार, उपायुक्त मनरेगा श्वेतांक पाण्डेय, उप कृषि निदेशक एन.के. त्रिपाठी, उप संचालक चकबंदी भूपेन्द्र कुटियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रंजना शुक्ला, जिला कृषि अधिकारी डा. सूर्य प्रताप सिंह, ए.आर. को-ऑपरेटिव जितेन्द्र पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी, आई.जी.आर.एस. प्रभारी अनुज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# गर्भवती महिलाओं की डीएम, एसपी ने की गोदभराई



■ 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को वितरित किया आयुष्मान कार्ड

■ 06 दिव्यांगों को जारी किये गये दिव्यांगता प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर 03 गर्भवती महिलाओं मैनसी, मीना कौशल व किरन की गोद भराई की 03 बच्चों अनिष्ठा पटेल, वेदांश श्रीवास्तव व नीतू को अन्नप्रासन कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर 70 वर्ष से अधिक आयु के 02 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा 06 दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किये गये। डीएम व एसपी ने 70 वर्ष से अधिक आयु के 02 बुजुर्गों को अपने हाथ से आयुष्मान कार्ड का वितरण किया।

# फिजियोंथैरेपी मशीन का पेंशनर भवन में शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन महोबा में इंडियन बैंक की तरफ से फिजियोथैरेपी मशीन लगा दिए जाने से पेंशनरों के अलावा शहर के अन्य लोगों को भी फिजियोथैरेपी मशीन का लाभ मिल सकेगा। इस मशीन के आने से बरिष्ठ नागरिक और पेंशनर खासा गदगद है। मशीन से बरिष्ठ नागरिकों और पेंशनरों को लाभ मिलेगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन में पहुंचकर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिहं सेंगर ने मशीन और विधान परिषद निधी से मिले वाटर कूलर का शुभारंभ कराया। इस मौके पर एमएलसी ने कहा कि पेंशनरों ने बृद्धजनों के सेवार्थ की गई पहल और नवीन उपकरणों से जो लाभ प्राप्त होगा वह बयोबृद्ध के लिए कल्प वृक्ष की भांती साबित होगा, उन्होने कहा कि प्रदेश में बरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान की यह पहल एसे समय



के लिए अतियंत उपयोगी साबित होगी। जब इस उम्र के पड़ाव पर आते आते लोग चलने फिरने में असहज हो जाते है, उन्हे घर बैठे उपचार देने का भागीरथी प्रयास है। उन्होने कहा कि सेवा भाव के इस पुनीत कार्य के लिए वह हर संभव मदद करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि समाज सेवा से बड़ा कोई पुनीत कार्य नही है, एक दिन सभी सरकारी सेवकों को सेवानिबृत्त होना है। कहा कि शासन की नीतियों के अनुरूप् न केवल आपकी बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक परिवारों के प्रति उनकी समस्याओं का निदान कराना मेरी पहली प्रथक्ता है। जब कोई कार्य अच्छी भावनाओं के साथ किया जाता है तो निश्चित रूप से सफल्ता प्राप्त होती है। अंचल बैंक बांदा के क्षेत्रीय प्रबंधक घनश्याम ने कहा कि जब व्यक्ति स्वस्थ रहेगा तो समाज भी स्वस्थ रहेगा। यह प्रयास न केवल पेंशनरों बल्कि आम नागरिकों के लिए भी अतियंत उपयोगी साबित होगा। पेंशनर सेवा संस्थान के महा मंत्री वीके तिवारी ने कहा कि फिजियों थैरेपी चिकित्सा की शरूआत वर्ष 2020 की गई, जिसका पेंशनर निरंतर लाभ उठा रहे है। उन्होने ने बताया कि डॅक्टर सुरेंद्र सिंह के सहयोग से पेंशनरों और आमजन को लाभ मिल रहा है। इस मौके पर इंडियन बैंक महोबा के लीड बैंक अधिकरी सरोज कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवाहन महोबा, शिव कुमार त्रिपाठी, देवेंद्र सक्सेना, लक्ष्मी त्रिपाठी, ओपी सिंह, सहित तमाम वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सीएल साहू ने किया।

## ढाबे में गांजा बिकने का वीडियो वायरल,पुलिस तलाश में जुटी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** नेशनल हाईवे 34 में प्रेमनगर के समीप एक ढाबे में महिला द्वारा गांजा बेचने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस महिला की तलाश में जुटी है। वीडियो वायरल होते ही महिला भूमिगत हो गई है। वायरल वीडियो की हिंदुस्तान पुष्टि नहीं करता है।

नेशनल हाईवे में इंगोहटा एवं सुमेरपुर के मध्य प्रेम नगर के समीप कई दुकानें एवं ढाबे है। इन दुकानों एवं ढाबो में ज्यादातर ट्रक चालक ठहरते हैं। इन्हीं में से एक ढाबे में महिला गांजा बेच रही है। वायरल वीडियो में महिला कागज की पुड़िया खोल कर दिखा रही है जिसमें गांजा नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद महिला को इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज ढूंढ रहे हैं। वह भूमिगत हो गई है। चौकी इंचार्ज शिवशंकर पांडे ने बताया कि महिला महोबा जनपद के खन्ना थाना क्षेत्र के ग्योडीं गांव की बताई जा रही है। मौजूदा समय में गायब है। तलाश कराई जा रही है।

## समझौता केंद्र मे दस परिवारो को मिलाया गया

**बहजोई (संभल)** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया तो वहां कुल 42 पत्रावली सुनकर 10 परिवारों को मिलाया गया तथा 7 पत्रावली विभिन्न कारणों से आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय विचाराधीन होने के कारण बंद करने की संतुति की गई खास बात यह रही कि आज कोई भी पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति नहीं की गई कुल 17 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्दता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट काउंसलर कंचन माहेश्वरी बबीता शर्मा तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक ,उषा आदि लोग उपस्थित रहे।

## शोक सभा का आयोजन किया गया

**संभल।** अन्जुमन ए फरोगे अजॉ नूरियो सराय के सदर वजीरूल हसन का कल शुक्रवार को इंताकाल हो गया था इसी सिलसिले मे इमाम बाडा इमाम अली रज़ा में शोक सभा की गयी जिसमें मरहूम के इसाले सवाब के लिए दुआ की गयी वक्ताओ ने सदर साहब के निधन को अन्जुमन के लिए भारी नुकसान बताया मरहूम ने अन्जुमन फरोगे अजॉ की स्थापना की थी और इनकी सदारत मे अन्जुमन ने मातम व नोहाख्वानी के लिए मातमी कार्यक्रमों मे शिरकत की शोक सभा में डॉ मौहम्मद अब्बास साहब नौगावा सादात शादाब नकवी अमरोहा मौहम्मद हादी नैय्यर अब्बास पैकर संभली शाहा आलम शाने अब्बास शाहिद अता अब्बास आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा पूर्ण करने वाले बच्चों की दस्तारबंदी की गयी

**संभल।** जश्ने बहारा कांफ्रेंस में दीनी तालीम मुकम्मल करने वाले बच्चों की दास्तरबंदी की गई। नामचीन उलेमा ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर चारचांद लगा दिए। क्षेत्र के ग्राम चिमयावली में जश्ने बहारा कांफ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया उलेमा एंड मशाईख बोर्ड राष्ट्रीय अध्यक्ष सय्यद मोहम्मद अशरफ कछोछ्वी रहे। कार्यक्रम का आगाज़ मुकद्दस किताब की तिलावत से कारी शुऐब ने किया। अध्यक्षता शहर मुफ्ती कारी अलाउद्दीन व संचालन मौलाना अजीम अशरफी ने किया। इस मौके पर कारी मोअज्ज़म, कारी रेहान, कसीम अशरफी ने नातो मनकबत पेश की। मुफ्ती जमील ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अहले गांव की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हुज़ूर अशरफे मिल्लत ने अपने सम्बोधन मे तालिम हासिल के लिए प्रेरित किया। शिक्षित बनकर भविषय को उज्जवल बनाने और लोगों की सेवा करने जैसे टिप्स दिए। अंत मे मुल्क व शहर मे अमन शांति के लिए दुआ की गई। इस मौके पर कार्यक्रम मे शकील अहमद एडवोकेट, करी सखावत, नूर, मौ0 अकरम, कारी एहसान, कारी इरान, ख्वाजा कलीम अशरफ, तकी अशरफ आदि मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया



**संभल।** जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में ÷संपूर्ण समाधान दिवस÷ का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में तहसील सम्भल में ÷संपूर्ण समाधान दिवस÷ का आयोजन किया गया एवं फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

## ज्वेलर्स के घर से जेवरात चोरी

**कुरारा,हमीरपुर।** कस्बा के ज्वेलर्स के घर से सोने के गहने चोरी हो जाने की तहरीर थाने में दी गई थी। जिसमे पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया थापुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। कस्बा कुरारा के आशुतोष सोनी पुत्र सुनील सोनी ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि मेरे दादा शिवबालक राम सोनी व दादी अलग मकान में रहते है। तथा सुबह मैं उनकी दुकान में जाता हूं तथा दिनभर दादा के साथ रहता हुं।

शाम 6 बजे दुकान बंद कर दूसरे मकान में चला जाता हूं। पिछले 6 माह में सोने की जंजीर ,अंगूठी,सोने का हार,तथा सोने का अन्य सामान चोरी हो गया है। इस घटना का पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। तथा पुलिस ने सुराग लगाकर कस्बा के वार्ड चार कांशीराम कालोनी निवासी तौफीकपुत्र खलील को गिरफ्तार कर चोरी के आरोप में न्यायालय में पेश किया है।

# बाइक और कार की टक्कर से चालक की मौत, दो घायल

अवधनामा संवाददाता

■ पुलिस ने दुर्घटना के बाद कार को कब्जे में लेकर शुरू की जांच

**महोबा।** श्रीनगर बेलाताल मार्ग में बेलाताल तिराहे के पास एक कार और बाइक ने आमने सामने टक्कर हो जाने से बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दो अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीनगर में उपचार कराया गया। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची श्रीनगर पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना श्रीनगर के ग्राम सिजरिया निवासी मनोज कुमार 26 अपने दो साथियों के साथ बाइक से श्रीनगर से अपने गांव सिजरिया जा रहा था। तभी बेलाताल तिराहे के पास सामने से आ रही चार पहिया कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक चालक मनोज कुमार की हालत नाजुक होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि बाइक सवार मुनना 32 सहित दो लोगों के घायल होने पर उनका सीएचसी श्रीनगर में इलाज कराया गया।

कर सवार भोपाल से प्रयागराज के लिए प्रयागराज में स्नान करने जा रहे थे,लेकिन रास्तें में कार दुर्घटना के कारण गाड़ी को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। दुर्घटना में हुई ग्रामीण की मौत के बाद गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है। घर में शव आते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया।

# साइकिल पाकर चौकीदारों के खिले चेहरे



अवधनामा संवाददाता

■ सूचना तंत्र की मजबूती के लिए 47 ग्राम प्रहरियों को बांटी साइकिल

**महोबा।** ग्रामीण सूचना तंत्र और ग्रामीण सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस प्रशासन ने शनिवार को 47 ग्राम प्रहरियों को साइकिल बितरति की गई। जिससे अब गांव के चैकीदार सिर पर लाल पगड़ी बांधकर ग्रामीण क्षेत्र का गश्त कर गांव की सूचनाए अब आसानी से एकत्र कर सकेंगे। चैकीदार अब साइकिल के जरिये कम समय में गांव का गश्त करके सूचनाए एकत्र कर सकेंगे।

पुलिस प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक अनूठी नई पहल शुरू की है। शनिवार को पुलिस लाइन में एक सादा समारोह कार्यक्रम आयोजित करके 47 ग्राम प्रहरियों को साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर चैकीदरों के चहरे खुल उठे। इस पहल से ग्राम प्रहरियों को अब अपने गांव का गश्त करने में आसानी रहेगी, साथ ही गांव की सूचनाए एकत्र कर तत्काल पुलिस को सौंपी जाएगी। अब जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय और थानों में सूचना देने के लिए आने जाने में भी समय नरही लगेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने ग्राम प्रहरियों को उनकी महात्वपूर्ण जिम्मेदारियों सें भी अवगत कराया। उन्होने कहा कि ग्राम प्रहरियों की सक्रियता से अपराध नियंत्रण में भी बड़ी मदद मिलती है। प्रहरियों को बीट पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी के साथ निरंतर संपर्क में रहने के भी निर्देश दिए गए।

# प्रदेश के महानिदेशक आयुष ने किया जनपद का भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये प्रदेश के महानिदेशक आयुष मानवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी आधिकारी कार्यालय बहराइच का भ्रमण कर भवन एवं परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव का जायज़ा लिया तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि आमजन तक आयुष पद्धति को पहुंचाया जाय। बैठक के दौरान महानिदेशक आयुष चिकित्सकों द्वारा बतायी गई समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण कराये जाने की बात कहीं।

महानिदेशक ने पं दीनदयाल उपाध्याय आयुर्वेदिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर, नगर बहराइच, जिला होम्योपैथिक कार्यालय, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कुण्डासर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर गण्डारा एवं राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय भकला इत्यादि का निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों एवं चिकित्साधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि चिकित्सालय आने वाले सभी मरीज़ों को शासन की मुशानुरूप चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं से भी आच्छादित किया जाय। महानिदेशक श्री सिंह द्वारा लोक निर्माण विभाग बहराइच के निरीक्षण भवन में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट के दौरान 50 बेडेड चिकित्सालय के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इस अवसर पर आयुष विभाग के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी आधिकारी डॉ रंजन वर्मा, ज़िला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ यूसुफ अली अंसारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष मिशन डॉ प्रभात कुमार मिश्र, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ बंदना, डॉ राजेश, डॉ सुधीर, डॉ आंतरिक्ष बैशवार, डॉ पुनीत चौधरी, डॉ राजेश कुमार, डॉ विक्रम एवं धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में सुबह से जुटी फरियादियों की भीड़

■ 24 शिकायतों में से मौके पर दो शिकायतों का किया निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** तहसील चरखारी में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों नेक फरियादियों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के मौके पर 24 शिकायकर्ताओं ने अपनी शिकायत अधिकारियों के समक्ष रखी। जिसमें से मात्र दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबन्धित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर निस्तारण किया जाए। शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से अवश्य वार्ता



तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी वित्त एव राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उनके द्वारा 15 शिकायतकर्ताओं की शिकायत को सुनते हुए मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबन्धित अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौंपा गया साथ ही उन्हें निर्देश दिए गए कि समस्याओं का समयवद्ध और गुणवत्ता के आधार पर निस्तारित किया जाए। इसी प्रकार तहसील कलपहाड़ में आयेजित समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम द्वारा 36 फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए चार का मौके पर निस्तारण किया गया।

करें और यदि शिकायतकर्ता निस्तारण की गई शिकायत संतुष्ट नहीं है तो उक्त मामले को निस्तारित नहीं माना जायेगा। डीएम ने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को निपटाने में लापरवाही न बरते और इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अंतर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया।

एसपी पलश बंसल ने कहा कि फरियादियों को अपनी समस्या के लिए इधर उधर भटकना न पड़े इसके लिए प्राथमिकता के साथ समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जाए और निस्तारण की गई शिकायत की गुणवत्ता जांच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियोंए कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। संपूर्ण समाधान दिसय के मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा भी फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

## फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले छह गिरफ्तार



**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में थाना रजपुरा व गुन्नौर पुलिस टीम द्वारा फर्जी बीमा पाँलिसी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह (बीमा माफिया) के 06 अभियुक्तों को विभिन्न बैकों की 81 पासबुक व 16 चैक बुक व 35 डेबिट कार्ड व 25 आधार कार्ड व 18 पैन कार्ड व 51 बीमा पाँलिसी क्लेम फार्म व 31 मृत्यु प्रमाण पत्र व 17 बीमा पाँलिसी बोन्ड व 12 फोटो कांपी बीमा पाँलिसी व 02 लैपटाँप व 05 मोबाइल फोन व 7 भिन्न भिन्न सिम व विभिन्न बैंको की 18 सील मोहर व 01 मैट्रो ट्रेन कार्ड व दो बैंग के साथ गिरफ्तार किया गया।

## 09 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर श्री अखण्डप्रताप सिंह के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में तथा सम्बन्धित थानाध्यक्षों के कुशल नेतृत्व में थाना जयसिंहपुर से 07 , थाना मोतिगरपुर से 01, थाना लम्भुआ से 01 कुल 09 नफर अभियुक्तों को अन्तर्गत धारा 170/126/135बीएनएसएस में गिरफ्तार कर सम्बन्धित माननीय न्यायालय भेजा गया।

# वायु प्रदूषण को फेफड़ों और हार्ट की समस्याओं के लिए जिम्मेदार

## लोगों की कमजोर होती जा रही है याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता, सामने आई इसकी सबसे बड़ी वजह

आमतौर पर वायु प्रदूषण को फेफड़ों और हार्ट की समस्याओं के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है पर समय के साथ ये ब्रेन हेल्थ के लिए भी खतरनाक साबित होता जा रहा है। समय के साथ ये ब्रेन हेल्थ के लिए भी खतरनाक साबित होता जा रहा है। प्रदूषित हवा में थोड़े समय के लिए भी सांस लेने से आपकी याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता पर नकारात्मक असर हो सकता है।

ब्रेन हेल्थ (मस्तिष्क की सेहत) में होने वाली समस्याएं स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बनी हुई हैं। समय के साथ इसका खतरा बढ़ता ही जा रहा है। अध्ययनों में इसके लिए खराब होती लाइफस्टाइल और खान-पान से संबंधित दिक्कतों को एक कारण माना जाता रहा है।

एक हालिया रिपोर्ट में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि लोगों की

> ■ ब्रेन हेल्थ (मस्तिष्क की सेहत) में होने वाली समस्याएं स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बनी हुई हैं।

सोचने-समझने की क्षमता समय के साथ कम होती जा रही है, वयस्कों से लेकर बुजुर्ग तक सभी इसका शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने याददाश्त में कमी को लेकर भी शिकायत की है। मस्तिष्क से संबंधित इन सभी विकारों के लिए वैज्ञानिकों ने बढ़ते वायु प्रदूषण को प्रमुख कारण पाया गया है।

ब्रिटेन में किए गए हालिया अध्ययन में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। आमतौर पर वायु प्रदूषण को फेफड़ों और हार्ट की बीमारी के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है पर समय के साथ ये ब्रेन हेल्थ के लिए भी खतरनाक साबित होता जा रहा है। प्रदूषित हवा में थोड़े समय के लिए भी सांस लेने से आपकी याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता पर नकारात्मक असर हो सकता है।

बर्मिंघम और मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया कि वायु प्रदूषण का बढ़ता स्तर विशेषतौर पर पीएम 2.5 के संपर्क में रहने से आपकी सेहत पर कई प्रकार से



नकारात्मक असर हो सकता है।

पीएम 2.5 वायु प्रदूषण का वह घटक है जो स्वास्थ्य को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाता है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2015 में वायु प्रदूषण के कारण होने वाले स्वास्थ्य संबंधित दुष्प्रभावों ने करीब 42 लाख लोगों की जान ले ली। इसे सिर्फ सांस लेने से या फेफड़ों की समस्या से जोड़कर देखना सही नही हैं, इसका आपके मस्तिष्क की कार्यक्षमता पर भी असर हो रहा है।

जर्नल नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित इस अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि जो लोग प्रदूषित हवा के अधिक संपर्क में रहते हैं उनके लिए ध्यान केंद्रित करना और भावनाओं पर नियंत्रण भी मुश्किल हो सकता है। दिमागी भटकाव की ये स्थिति रोजमर्रा के कामों पर भी गहरा असर डाल सकती है।

शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन में 26 वयस्कों को दो समूहों में बांट कर अध्ययन किया है। इसमें एक समूह वह था जो प्रदूषित हवा के संपर्क में रहता था जबकि और दूसरे समूह के लोग स्वच्छ हवा में सांस लेते थे।

दोनों समूह के लोगों की मस्तिष्क की कार्यक्षमता की जब जांच की गई तब पता चला कि जो लोग प्रदूषित वातावरण वाली जगहों पर रहते थे उनमें समय के साथ आत्म नियंत्रण और ध्यान केंद्रित करने जैसी समस्याएं बढ़ती गईं।

विशेषज्ञों ने अध्ययन में पाया कि हवा में मौजूद महीन कण जिन्हें पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) कहा जाता है, वह दिमागी क्षमता पर नकारात्मक असर डालते हैं। इतना ही नहीं कुछ घंटे भी पीएम 2.5 की संपर्क में रहना आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी सिफारिश की है कि एक दिन में हवा में मौजूद पीएम 2.5 का स्तर 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए। वर्ष भर में यह स्तर पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से कम होना चाहिए।

शोध से पता चलता है कि वायु प्रदूषण (पीएम 2.5), संज्ञानात्मक गिरावट का कारण बनकर स्मृति को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। प्रदूषित हवा के अधिक संपर्क में रहने वाले लोगों में डिमेंशिया जैसी गंभीर मस्तिष्क समस्याओं को भी बढ़ते हुए देखा गया है। प्रदूषित हवा के सूक्ष्म कण मस्तिष्क में सूजन और रक्त के प्रवाह में कमी को भी बढ़ाने वाले हो सकते हैं जिसके कई गंभीर दुष्प्रभावों का जोखिम बढ़ जाता है।

# विशेषज्ञों की सलाह- हार्ट के मरीजों को जरूर खाना चाहिए चीकू

## इम्युनिटी और एनर्जी भी होगी बूस्ट

चीकू में कई जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं, जो हड्डियों, दिल, फेफड़ों, पाचन और त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। हार्ट को हेल्दी रखने के लिए चीकू खाना विशेष लाभप्रद हो सकता है। आहार में इस फल को शामिल करके स्वास्थ्य संबंधित कई लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

स्वस्थ रहने के लिए खान-पान को ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को आहार में हरी सब्जियों और मौसमी फलों को जरूर शामिल करना चाहिए। फलों में भरपूर पौष्टिकता होती है जिससे कई प्रकार की बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

कुछ फलों को हृदय को स्वस्थ रखने से लेकर पाचन, इम्युनिटी और शरीर की ऊर्जा को बढ़ाने में भी लाभकारी बताया गया है। चीकू ऐसा ही एक फल है जो कई अद्भुत गुणों

> **आवश्यक**
> **स्वस्थ रहने के लिए खान-पान को ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है।**

का खजाना माना जाता है। चीकू में आयरन, कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है जिसकी हमारे शरीर को नियमित रूप से जरूरत होती है। हार्ट को हेल्दी रखने के लिए चीकू खाना विशेष लाभप्रद हो सकता है।

**दिल की सेहत के लिए चीकू फायदेमंद**

चीकू में कई जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं, जो हड्डियों, दिल, फेफड़ों, पाचन और त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। चीकू में पोटैशियम और मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा होती है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करती है। इस फल के



सेवन से विटामिन बी, सी, ई, कैल्शियम, पोटैशियम, फाइबर, मैग्नीशियम, मैंगनीज और एंटीऑक्सिडेंट आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। इनकी मात्रा हार्ट हेल्थ को ठीक रखने में मददगार हो सकती है।

**पाचन रहता है ठीक**

चीकू में फाइबर की भी भरपूर मात्रा होती है, जो कब्ज की समस्या में आराम पहुंचाती है। इसमें फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, जो आंतों कार्यप्रणाली में सुधार करते हैं और पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार करते हैं। इसी तरह चीकू में आयरन, कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो हड्डियों को मजबूती देने का काम करते हैं। विटामिन सी और कॉपर रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाकर संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नवीन चंद्र जोशी कहते हैं फाइबर से भरपूर चीकू पेट और पाचन के लिए बेहतरीन फल है, लेकिन अत्यधिक सेवन करने से यह सेहत के लिए हानिकारक भी हो सकता है। इसलिए इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

**त्वचा के लिए फायदेमंद ही चीकू**

चीकू का सेवन त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने में भी मदद करता है। चीकू में मौजूद विटामिन सी, एस्कॉर्बिक एसिड, फ्लेवोनोइड्स और पॉलीफेनोल्स जैसे एंटीऑक्सिडेंट पाए जाते हैं, जो कोलेजन के उत्पादन में मदद करते हैं। ये झुर्रियों को जल्दी आने से रोक सकते हैं। स्किन को हेल्दी रखने के लिए चीकू खाना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**एनर्जी होती है बूस्टर**

चीकू प्राकृतिक शर्करा (ग्लूकोज, फ्रुक्टोज और सुक्रोज) से भरपूर होता है, जो शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है। थकान, कमजोरी और सुस्ती महसूस होने पर इसे खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है।

# इंसानों के मस्तिष्क में देखी गई माइक्रोप्लास्टिक की बढ़ती हुई मात्रा

प्लेसेंटा, रक्त, ब्रेस्ट मिल्क, लिवर-किडनी के बाद अब इंसानों के मस्तिष्क में भी माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा बढ़ती हुई देखी गई है। ब्रेन में माइक्रोप्लास्टिक के कारण मस्तिष्क की मूल संरचना में बदलाव हो रहा है, जिसके चलते डिमेंशिया के अलावा स्ट्रोक-हार्ट अटैक से मौत का जोखिम 4.5 गुना तक बढ़ सकता है।

दुनियाभर में तेजी से बढ़ती गंभीर और क्रोनिक बीमारियां वैज्ञानिकों के लिए चिंता का कारण बनी हुई हैं। गड़बड़ होती दिनचर्या ने तो स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ा ही दी हैं, इसके अलावा कई प्रकार की पर्यावरणीय स्थितियों के कारण भी जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। हालिया रिपोर्ट्स में माइक्रोप्लास्टिक और इसके कारण बढ़ती गंभीर समस्याओं को लेकर अलर्ट किया जा रहा है।

न्य मैक्सिको यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन के अनुसार अब इंसानों के मस्तिष्क में भी माइक्रोप्लास्टिक का स्तर बढ़ता हुआ



पाया गया है। विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि ब्रेन में माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति ब्लड-ब्रेन बैरियर को प्रभावित कर सकती है जिसके दुष्परिणाम काफी चिंताजनक हो सकते हैं।

ब्लड-ब्रेन बैरियर, रक्त और मस्तिष्क के बीच एक झिल्ली नुमा अवरोधक पट्टी होती है, जो मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचने से बचाती है। वैज्ञानिकों ने अलर्ट किया है कि लिवर और किडनी की तुलना में मस्तिष्क में कहीं अधिक मात्रा में प्लास्टिक के अति सूक्ष्म कण जमा हो रहे हैं, भविष्य में इसके गंभीर जोखिम हो सकते हैं।

हालिया अध्ययन की रिपोर्ट में वैज्ञानिकों की टीम ने बताया कि किडनी और लिवर की तुलना में ब्रेन में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता कहीं अधिक देखी गई है। अध्ययन में पाया गया कि साल 2024 में मरने वाले लोगों के मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक का स्तर साल 2016 में मरने वाले लोगों की तुलना में लगभग 50% अधिक था।

गौरतलब है कि इससे पहले माइक्रोप्लास्टिक कई अन्य अंगों जैसे प्लेसेंटा, रक्त, ब्रेस्ट मिल्क, लार और यहां तक कि धमनियों में बनने वाले प्लाक में भी देखा जा चुका है। पिछले साल प्रकाशित एक अध्ययन में प्लाक बिल्डअप में माइक्रोप्लास्टिक मिलने के बाद शोधकर्ताओं ने आगाह किया था कि चूंकि इन धमनियों से रक्त हृदय से लेकर मस्तिष्क तक जाता है, इसके कारण दिल का दौरा, स्ट्रोक या इसके कारण मृत्यु का जोखिम भी बढ़ सकता है।

# बोर्ड एग्जाम के दौरान बच्चों की डाइट का रखें ख्याल इन टिप्स को फॉलो कर खानपान को बनाएं बेहतर



ऐसे में आज की यह खबर अभिभावकों के लिए है। आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस समय बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खानपान को भी बेहतर बनाना काफी जरूरी है। बच्चों की डाइट में वो चीजें शामिल करें, जिनसे उनका स्वास्थ्य बेहतर हो और वह अच्छे से एग्जाम दे पाएं। आइए जानते हैं।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। देशभर में दोनों परीक्षाओं के लिए करीब 44 लाख छात्र पंजीकृत हैं। परीक्षाओं के लिए बोर्ड ने सीसीटीवी कैमरों से लैस 7800 केंद्र बनाए हैं। परीक्षाएं शुरू होने पर छात्रों में तनाव होना स्वाभाविक है। ऐसे में स्कूलों के प्रिंसिपल व काउंसलरों का कहना है कि परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थी जितना रिलेक्स रहेंगे उतना बेहतर तरीके से प्रश्न पत्र हल कर पाएंगे। ऐसे में आज की यह खबर अभिभावकों के लिए है। आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस समय बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खानपान को भी बेहतर बनाना काफी जरूरी है। बच्चों की डाइट में वो चीजें शामिल करें, जिनसे उनका स्वास्थ्य बेहतर हो और वह अच्छे से एग्जाम दे पाएं। आइए जानते हैं।

**डाइट में मिलेट्स को करें शामिल**

बोर्ड एग्जाम्स के दौरान बच्चों का स्ट्रेस लेवल काफी हाई होती है। ऐसे में उन्हें काफी शुगर क्रेविंग्स भी होती है। इससे बचने के लिए आपको उनकी डाइट में मिलेट्स शामिल करने की बहुत जरूरत है। यही नहीं, अगर आपके बच्चे को चावल खाने का शौक है तो आप उन्हें ब्राउन राइस भी खिला सकती हैं। इससे उनकी क्रेविंग भी शांत हो जाएगी।

**कैसे करें स्ट्रेस को दूर**

बोर्ड एग्जाम्स के दौरान बच्चों को स्ट्रेस होना काफी आम है। ऐसे में उन्हें वही खाना दें, जिससे नेचुरली उनका स्ट्रेस लेवल कम हो जाए। बच्चों को स्ट्रेस से दूर करने के लिए उन्हें केला, चावल और मूंगफली खाने को दें। साथ डी उन्हें एनर्जी ड्रिंक से भी दूर रखें। इससे उनके सेहत पर इसका दुष्प्रभाव भी पड़ सकता है।

आमतौर पर बच्चों को घर के खाने से ज्यादा बाहर के खाने यानी की जंक फूड खाने की क्रेविंग होती है। हालांकि, एग्जाम के दौरान उन्हें इसे खाने से परहेज करवाएं। ऐसे में आपको बच्चे की ब्रेकफास्ट डाइट में ड्राई फ्रूट्स शामिल करने की जरूरत है।

बोर्ड एग्जाम के दौरान बच्चे अक्सर इस कदर स्ट्रेस में आ जाते हैं कि इसका असर उनके पाचन तंत्र पर पड़ता है। इसके लिए आपको अपने बच्चे को न्यूट्रिशन से भरपूर डाइट देने की जरूरत है। बच्चों को इस दौरान केला और दही खूब खिलाएं। इससे वह स्वस्थ रहेंगे।



# क्या सिर्फ महिलाओं को ही होता है माइग्रेन ?

जानिए इस भयानक सिरदर्द से जुड़ी जरूरी बातें

सिर में दर्द होना बहुत आम समस्या है, इसके कई कारण हो सकते हैं। पर कई बार सिरदर्द की समस्या आपको काफी असहज करने वाली हो सकती है। विशेषतौर पर सिर के एक तरफ और आंखों में दर्द के साथ अगर उल्टी-मितली की समस्या होती है तो आपको सावधान हो जाना चाहिए, ये सामान्य सिरदर्द से इतर माइग्रेन का संकेत हो सकता है।

माइग्रेन एक आम समस्या है, जो दुनियाभर में 148 मिलियन (14.8 करोड़) से अधिक लोगों को प्रभावित करती है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि माइग्रेन का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, माइग्रेन पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दोगुना आम है।

माइग्रेन के प्राथमिक लक्षणों में मध्यम से लेकर गंभीर सिरदर्द होता है। लगभग 60% लोगों ने सिर के एक तरफ दर्द की शिकायत की और लगभग 80%



लोगों को मतली उल्टी का अनुभव होता है। चूंकि माइग्रेन भी सिरदर्द की समस्या है, इसलिए अक्सर इस बीमारी का सही निदान नहीं हो पाता है। अगर आप भी अक्सर सिर के एक हिस्से में तेज दर्द से परेशान रहते हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**मिथ- माइग्रेन केवल महिलाओं को होता है?**

विशेषज्ञ कहते हैं, किशोरावस्था के दौरान महिलाओं में पुरुषों की तुलना में माइग्रेन होने की आशंका दोगुना अधिक होती है। 35 वर्ष की आयु तक, माइग्रेन की समस्या पुरुषों की तुलना में महिलाओं में तीन गुना अधिक हो जाता है। हालांकि ये मान लेना कि माइग्रेन सिर्फ महिलाओं को ही होता है ये ठीक नहीं है। माइग्रेन सभी लिंग या आयु के लोगों को प्रभावित कर सकता है, लगभग 13 में से एक पुरुष माइग्रेन का अनुभव करते हैं।

**मिथ- माइग्रेन सिर्फ एक सिरदर्द है, इससे ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, माइग्रेन में भले ही आपको सिरदर्द होता है पर ये सामान्य सिरदर्द नहीं है। एमहर्स्ट में न्यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. जेनिफर मैकविज कहते हैं, माइग्रेन वास्तव में प्राथमिक स्थितियों में सिरदर्द संबंधित विकार है पर ये सिरदर्द से कहीं ज्यादा है। माइग्रेन एक साइकोसोमेटिक समस्या मानी जाती है, जो कई मामलों में मानसिक स्वास्थ्य विकारों का दुष्प्रभाव भी हो सकता है। इसलिए अक्सर होने वाले माइग्रेन पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

**मिथ- डाइट ठीक रखकर माइग्रेन से बचा जा सकता है**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ऐसा कोई विशेष आहार नहीं है जो माइग्रेन को ठीक कर सके। हालांकि कुछ आहार संभावित ट्रिगर्स को रोक सकते हैं। कुछ रिपोर्ट्स बताते हैं साबुत अनाज, फल-सब्जियां और और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर आहार बीमारियों को रोकने में मदद कर सकते हैं, पर इसके लिए कोई प्रमाणित शोध आधारित तथ्य नहीं हैं।

# अपेंडिसाइटिस क्यों होता है, जानिए लक्षण और बचाव के उपाय



वर्तमान जीवन-शैली में सिर दर्द से लेकर पेट में दर्द होना आम समस्या है। इस दर्द की कई वजह हो सकती हैं, जिसमें ज्यादा तनाव लेना और अत्यधिक तला-भुना खाना शामिल है। मगर जब पेट में होने वाला यह दर्द नाभि के पास से शुरू होकर धीरे-धीरे पेट के दाहिनी ओर नीचे की तरफ बढ़ता है तो यह अपेंडिसाइटिस का संकेत हो सकता है। अपेंडिक्स शरीर का एक छोटा अंग है, जो छोटी और बड़ी आंत के जोड़ पर स्थित होता है। वैसे तो यह शरीर के लिए कोई महत्व नहीं रखता, पर अगर इसमें कोई परेशानी आ जाए तो यह गंभीर रूप ले सकता है।

**क्या है अपेंडिसाइटिस**

अपेंडिसाइटिस एक ऐसी स्थिति है, जिसमें अपेंडिक्स में सूजन या संक्रमण हो जाता है। इस समस्या में अगर समय पर इलाज न मिले तो स्थिति गंभीर हो सकती है। अपेंडिसाइटिस की गंभीर स्थिति में अपेंडिक्स फट जाता है और संक्रमण पूरे पेट में फैल सकता है। यह स्थिति जानलेवा भी होती है। चिकित्सकों के अनुसार, यह बीमारी ज्यादातर 10 से 30 वर्ष की आयु के लोगों में देखी जाती है। मगर कुछ वर्षों से अपेंडिसाइटिस के मामले अधिक उम्र के लोगों में भी पाए जाने लगे हैं।

**शुरुआती लक्षण**

इसके लक्षणों में पेट के निचले दाहिने हिस्से में तेज दर्द होना शामिल है। शुरुआत में इसका दर्द नाभि के पास महसूस होता है और फिर धीरे-धीरे दाहिने से निचले पेट की ओर बढ़ जाता है। इसके अलावा भूख में कमी, उल्टी, बुखार, गैस, दस्त और कब्ज जैसी समस्या होती है। इस दौरान मरीज को पेट पर दबाव डालते ही तेज दर्द महसूस होता है और हल्की सूजन रहती है।

**वजह भी जान लें**

अपेंडिसाइटिस तब होता है, जब अपेंडिक्स (आंत के अंतिम हिस्से) में सूजन या संक्रमण हो जाता है। इसके मुख्य कारणों में अपेंडिक्स का ब्लॉक होना शामिल है, जैसे कि फेकल पदार्थ, कीटाणु या अन्य पदार्थ, जो अपेंडिक्स के मुंह को बंद कर देते हैं। इससे बैक्टीरिया की वृद्धि होती है, जिससे सूजन और संक्रमण उत्पन्न होता है। कभी-कभी आंत में सूजन, संक्रमण या कैंसर भी अपेंडिक्स को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा खाने में रेशेदार पदार्थों की कमी और आनुवंशिक प्रवृत्ति भी शामिल है।

**बचाव के उपाय**

हालांकि अपेंडिसाइटिस को पूरी तरह से रोक पाना मुश्किल है, लेकिन कुछ उपाय इसे होने की आशंका को कम कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहला कदम है स्वस्थ आहार को अपनाना, जिसमें फाइबर की मात्रा अधिक हो, जैसे- फल, सब्जियां, साबुत अनाज आदि। इससे आंतों की सेहत बेहतर रहती है और अपेंडिक्स में ब्लॉकेज का खतरा कम होता है। नियमित व्यायाम भी आंतों की गतिशीलता को बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही पर्याप्त पानी पीने की आदत डालें। इसके अलावा किसी भी पेट की समस्या या संक्रमण को नजरअंदाज न करें और समय पर डॉक्टर से परामर्श करें।

# संक्षिप्त समाचार

## नेट मीटर की रीडिंग से योजना का लाभ मिलेगा

**जौनपुर।** विकास भवन सभागार जनपद जौनपुर में पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत विद्युत विभाग के मीटर रीडरों को उचित रीडिंग करने हेतु ट्रेनिंग यूपी नेडा लखनऊ से उपकारी नाथ द्वारा दी गई, जिससे घरेलू सौर उपभोक्ताओं को विद्युत बिल में सौर ऊर्जा का लाभ मिल सके उनके द्वारा कहा गया कि नेट मीटर की उचित रीडिंग से ही उपभोक्ता को योजना का लाभ मिलेगा जिससे उपभोक्ता स्वयं योजना के लाभ के बारे में अन्य उपभोक्ताओं को बताएंगे। बताते चले योजना के अंतर्गत घरेलू सौर संयंत्र में अधिकतम 108000 रूपये तक की सब्सिडी भी शासन द्वारा दी जा रही है। बैठक में यूपीनेडा जौनपुर परियोजना अधिकारी पी पी सिंह एवं अन्य कार्यकारी उपस्थित रहे।

## वाटर शेड यात्रा को विधायक ने दिखाई झंडी




**जौनपुर।** बदलापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महमूदपुर में जलागम विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत वॉटर शेड यात्रा और गोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र सम्मलित होकर यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उन्नतशील किसानों को सम्मानित किया और भूमि संरक्षण की शपथ दिलाया गया।कम्पोजिट खाद निर्माण हेतु वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का लोकार्पण व वृक्षारोपण किया। इस मौके पर उप कृषि निदेशक हिमांशु पाण्डेय, पीडी आत्मा रमेश यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम और द्वितीय, सत्यनारायण सिंह, ग्राम प्रधान संजय सिंह, रणजीत सिंह, अजय रजक आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांगो को वितरित किया गया सहायक उपकरण



**जौनपुर।** विकास खण्ड-सुजानगंज के परिसर में मुख्य अतिथि सांसद राज्य सभा, सीमा द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि ऊषा शुक्ला, ब्लाक प्रमुख सुजानगंज के कर कमलो द्वारा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग जौनपुर द्वारा आयोजित ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में ट्राईसाइकिल तथा अन्य सहायक उपकरण का वितरण खण्ड विकास अधिकारी श्याम नारायन चतुर्वेदी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला के उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा पेंशन, दुकान लोन, शादी अनुदान, यू0डी0आई0डी0 कार्ड के विषय में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर सांसद एवं ब्लाक प्रमुख द्वारा कुल 64 ट्राईसाइकिल, 05 स्मार्ट केन, 02 हियरिंग एड एवं 02 व्हीलचेयर का वितरण किया गया। सहायक उपकरण वितरण में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कार्यालय के कर्मचारियों एवं एवं खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया।

## तहसील बदलापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में तहसील बदलापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए निर्देशित किया कि सम्बन्धित अधिकारीगण मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को प्राथमिकता पर निस्तारित करें। जिलाधिकारी के द्वारा उपजिलाधिकारी के नवीन चैम्बर का उदघाटन किया गया जिसमें उनके द्वारा जनसुनवाई की जाएगी, जिससे शिकायताकर्ताओं की शिकायतों को सुनते हुए त्वरित निस्तारण कराया जा सकेगा। इस दौरान कुल 92 शिकायते प्राप्त हुयी जिसमें से 16 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी योगिता सिंह, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बाबा चंदन शहीद की मजार पर चढ़ायी गयी चादर



**आजमगढ़।** जनपद के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित पुलिस लाइन परिसर में स्थित बाबा चंदन शहीद की मजार का उर्स ए पाक पर कौव्वाली के साथ चादर यात्रा निकाला गया बाबा चंदन शहीद मजार पर अकीदत के साथ हिंदू व मुस्लिम लोगों ने सामूहिक रूप से चादर चढ़ाकर मन्नते मांगी। बाबा चंदन शहीद की मजार की विशेषता बताते हुए जायरीन फखरे आलम ने कहा कि बाबा चंदन शहिद की मजार पर कई वर्षो से की भांति इस वर्ष भी उर्स मनाया गया है बाबा चंदन शहीद मजार की विशेषता है कि बाबा लिखित हुई अर्जी को पहले सुनकर उनकी मुरादें पूरी करते हैं जो भी लोग बाबा को लिखित रूप से अपनी मांगे या मुरादे मांगते हैं उनको - बाबा बिना भेदभाव के उनको पूरा करते हैं। इस अवसर पर लोगों में प्रसाद स्वरूप मीठे चावल का वितरण किया गया। अवसर पर सलीम रजा, उमर गुड्डु, संतोष, उमर इलियास, समर, मुन्ना, असद, अनीश विनोद सहित आदि उपस्थित रहे।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** विकास खंड रामनगर के सभागार में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मड़ियाहूं डा.आर.के.पटेल, विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी रामनगर रेनू चौधरी व निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अरुण कुमार सिंह, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, राजेश्वर मिश्र , विनोद कुमार सिंह एवं योगेन्द्र सिंह, प्रकाश सिंह, प्रवेश पाल, ज्ञानेश, अनिल दुबे, सच्चिदान्द चौबे, आनन्द कुमार मौर्य, विद्याशंकर शर्मा, वीरेन्द्र सिंह, बृजेश कुमार सिंह, अंजू पटेल, अभिलाषा सिंह, प्रमोद कुमार गुप्ता, रिषभ यादव एवं वि खंड के सभी न्याय पंचायत की आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एवं बाल वाटिका में अध्ययनरत उत्कृष्ट बच्चे, तथा कक्षा 1, 2, 3, के निपुण बच्चों को विधायक द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।खण्ड शिक्षा अधिकारी, रामनगर सुभाष गुप्ता द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम के साथ मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## पिंडखर में सड़क मार्ग की समस्या बनी चुनौती

**बांदा, अतर्रा।** ग्राम पंचायत पिंडखर, तहसील अतर्रा के ग्राम पिंडखर में वर्षो से दर्जनों ग्रामीण परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। खासकर भरतलाल, लालाराम सहित अन्य ग्रामीणों के घरों तक पक्की सड़क न होने के कारण उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या केवल आने-जाने तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी आवश्यक जरूरतों को भी प्रभावित कर रही है।जदयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग किया है कि पेड़खर ग्राम पंचायत में जल्द से जल्द रोड बनवा जाए जिससे बच्चे टाइम से स्कूल पहुंच सके मरीजों को टाइम से अस्पताल पहुंचाया जा सके और आपस में जो विवाद हो रहा है ग्रामीणों में रोड को लेकर विवाद को भी खत्म करा सके।गांव में सही रास्ता न होने से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में दिक्कत होती है। कच्चे रास्तों और जलभराव के कारण बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं। बच्चों को स्कूल पहुंचने में अधिक समय लगता है, जिससे उनकी पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ता है।

# FUN-O-LYMPICS 2025 का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** यूरोकिड्स और भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी (प्री-प्राइमरी विंग) के तत्वावधान में आज FUN-O-LYMPICS 2025 का भव्य आयोजन विद्यालय परिसर, श्रीनाथ विहार, चिल्ला रोड, बांदा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष खेल महोत्सव का उद्देश्य नन्हे बच्चों में खेल भावना, आत्मविश्वास और टीम वर्क को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर चंद्रकला कुशवाहा, राम लखन कुशवाहा, नानाजी आर. पी. जगतबन्धु, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, इंदिरा गुप्ता मैम, शिव रतन कुशवाहा एवं श्यामा कुशवाहा जैसे गणमान्य अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्री-प्राइमरी के बच्चो ने "ALE" और "EVERYBODY" गानों पर धमाकेदार नृत्य कर अपनी रंगा-रंग प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया 7 यूरो किड्स के बच्चो ने "SUGAR AND TEA" गाने पर धमाकेदार नृत्य कर सभी को झुमने पर मजबूर कर दिया। विद्यालय की निदेशिका संध्या कुशवाहा ने आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया और बच्चों को खेल



के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ÷खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि यह बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास का एक महत्वपूर्ण साधन है।

Pack Your Bag Challenge – बच्चों को सीमित समय में सही वस्तुएं अपने बैग में रखनी थीं।

2. Balancing Ball Race (Parent & Kid) – अभिभावकों और बच्चों ने मिलकर संतुलन बनाए रखा और रेस पूरी की।

3. Long Jump for Pre-Primary Kids – बच्चों ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए लंबी छलांग लगाई।

4. Tire Pull Race – कमर से बंधे टायर को खींचते हुए दौड़ पूरी करनी थी। 5. Throw the Ball in the Basket – बच्चों ने तय समय में गेंद को टोकरी में डालने की प्रतियोगिता में भाग लिया। 6. Hula Hoop Challenge – बच्चों ने हुला हूप का संतुलन बनाकर अपनी फिटनेस का प्रदर्शन किया।

7. Balancing Plate & Ball – बच्चों ने अपने दाँतों से प्लेट पकड़कर उस पर रखी गेंद को संतुलित किया।

उत्साहजनक प्रदर्शन एवं पुरस्कार वितरण-कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में अव्वल रहे यूरो किड्स के पी0 जी0 कक्षा के छात्र कार्तिक, मयंक और अभिमन्यू, नर्सरी के छात्र इवंया, मानुशी, यूरो जूनियर के छात्र अक्षत, अक्षरा और अयांश, और यूरो सीनियर के छात्र आराध्या, अनन्या, और प्रांजल और इसी क्रम में प्री-प्राइमरी के नर्सरी और एल0 के0 जी0 के अवनी पाण्डेय, वमिका, और अवनी, यू0 के0 जी0 के नैतिक, आराध्या और अमायरा को मुख्य अतिथियों द्वारा मैडल और सर्टिफिकेट का वितरण किया गया, उन्होंने बच्चों की मेहनत, आत्मविश्वास और टीम वर्क की सराहना की। इन सभी खेल स्पर्धाओं में बच्चों ने अपनी चपलता, समन्वय और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

# आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का वार्षिक उत्सव संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर, आजमगढ़।** आर के ग्लोबल स्कूल सढियाव के प्रांगण मैं आर ग्रुप आप इंस्टीट्यूट का चालीसवां वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह का प्रारंभ आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव ने मुबारकपुर विधानसभा के विधायक अखिलेश यादव तथा अतरौलिया विधानसभा के विधायक संग्राम यादव एवं पूर्व विधायक राम दर्शन यादव वहीं ग्रुप के संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया बतौर मुख्य अतिथि धर्मेंद्र यादव ने कहा कि हम ग्रुप के संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव को धन्यवाद देता हूं कि आज सढियाव के क्षेत्र में जो शिक्षा की ज्योति प्रकाशित कर रहे हैं हमारी कामना है कि यह ग्रुप आपके नेतृत्व में और भी आगे बढ़े वहीं विधायक अखिलेश यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह शिक्षा की संस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे भी शिक्षा ग्रहण कर पा रहे हैं दूसरी तरफ विधायक डॉक्टर संग्राम यादव ने भी कहा कि संस्थापक का अथक प्रयास है कि आज 40 वर्षो से परंपरागत शिक्षा से लेकर आज तकनीकी शिक्षा तक इस ग्रुप में विद्यार्थियों को दिया जा रहा है अंत में डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह है कि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रह पाए आरके ग्रुप के 40 वर्षो का गौरवशाली इतिहास रहा जो आप लोगों के बीच है वही संस्था के निर्देशक डॉ विशाल यादव ने आर के ग्रुप के इतिहास की व्याख्या की तथा आर के ग्रुप संस्थाओं के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कियागया अंत में आए सभी अतिथिगण को संस्थापक डॉ प्रेम प्रकाश यादव ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ राजकुमार गुप्ता,,के एन यादव, प्रधान प्राचार्य राम लखन यादव, डॉ भावना यादव, डॉ अवधेश यादव तथा क्षेत्र की सम्मानित जनता एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में निर्देशक डॉक्टर विशाल यादव ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथिगण एवं अभिभावकगण एवं छात्राओं को आभार व्यक्त किया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं0:DCE-BL-01-2025**

अधिशासी अभियन्ता/पुल/चालू लाईन/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित करते हैं: **ई-निविदा सं.: DCE-BL-01-2025, कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के भटनी-गोरखपुर खण्ड पर देवरिया सदर-बैतालपुर स्टेशनों के मध्य किमी 456/6-7 पर स्थित पुल सं0 133 अप (3x18.3 मीटर) वेल्डेड प्लेट गर्डर का रिगर्डरिंग द्वारा सुपर स्ट्रक्चर का मजबूतीकरण कार्य, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 92,30,807.04, **बयाना की राशि (₹):** ₹ 1,84,600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधि:** 10 (दस) माह। **नोट:** • ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक **10.03.2025 को 11.00 बजे**। • ई-निविदा की प्राप्ती की तिथि दिनांक **10.03.2025 को 10.59 बजे** तक। • ई-निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अभियन्ता/पुल/चा0ला0 गोरखपुर**

मुजाधि/डब्ल्यू-404

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बेहटा-सीतापुर

पत्रांक : 2887/पंचम राज्य वित्त/15वॉ वित्त( अनटाईड/टाइड)/निविदा पत्रा0/2024-25

दिनांक : 15.02.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की मोहरबंद निविदायें दिनांक 25.02.2025 के अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04.00 बजे ठेकेदारो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी टेण्डर को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 16.02.2025 से दिनांक 25.02.2025 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से सांय 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत की जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी बेहटा के नाम बंधक होगा। टेण्डर स्वीकार की स्थिति में एवं प्रतिभूति की धनराशि स्वीकार टेण्डर की 08 प्रतिशत जमा करना अनिवार्य होगा, अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां जमा करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी दरें/धनराशि अंको एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | परियोजना का नाम | कार्य का प्रकार | प्राक्कलन की दरो का विवरण | कार्य की प्राक्कलित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी.) सहित | जमानत राशि (2%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामरूढ़ा | राम नरायन के घर से नीरज के घर तक सी0सी0 रोड़ व नाली निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 701000.00 | 1000.00 | 14100.00 |
| 2 | मरसण्डा | डामर रोड़ से कल्लू के घर तक नाले पर आर0सी0सी0 कबर (पत्थर) कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 360000.00 | 1000.00 | 7200.00 |
| 3 | चेनिया | रूकनापुर डामर रोड़ से संतोष के घर तक सी0सी0 रोड़ निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 942000.00 | 1000.00 | 18900.00 |
| 4 | बहिया बहरामपुर | बहरामपुर रोड़ से रमेष शुक्ला के घर तक सी0सी0 रोड़ व नाली निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 904000.00 | 1000.00 | 18100.00 |
| 5 | पुरवा आचार्या | रिहार डामर रोड़ से सुन्दरपुरवा गांव तक सी0सी0 रोड़ निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 970000.00 | 1000.00 | 19400.00 |
| 6 | रोहा चॉदीखेरा | बसन्त वर्मा के घर से सुरेन्द्र वर्मा के घर तक अवशेष भाग का इण्टरलांकिग निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 478000.00 | 1000.00 | 9600.00 |
| 7 | तम्बौर देहात | के0पी0सिंह डिग्री कालेज न्यू कैम्पस से रोड़ तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 843000.00 | 1000.00 | 16900.00 |
| 8 | तम्बौर देहात | थाना तम्बौर, महिला बूथ, मीटिंग हाल के सामने व आरक्षी बैरक तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 790000.00 | 1000.00 | 15800.00 |
| 9 | मरसण्डा | डामर रोड़ से संकटा के घर तक इण्टरलांकिग व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 950000.00 | 1000.00 | 19000.00 |
| 10 | मरसण्डा | कल्लू के घर से तालाब तक नाला का अवषेश भाग का निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 366000.00 | 1000.00 | 7400.00 |
| 11 | मरसण्डा | हरिनाम बढ़ई के घर से लेखपाल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली के अवषेश भाग का निमार्ण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 569000.00 | 1000.00 | 11400.00 |
| 12 | सिकरी बेहटा | मुकुन्द राम के खेत से मल्लू यादव के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 969000.00 | 1000.00 | 19400.00 |
| 13 | बेहटा पकौडी | बी0आर0सी0 में पुरूष व महिला शौचालय का निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 420000.00 | 1000.00 | 8400.00 |
| 14 | संहिजर कला | बाजपेईपुरवा से नउवापुरवा तक मिट्टी पटाई व खण्डजा निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 981000.00 | 1000.00 | 19700.00 |
| 15 | पर्वतपुर | शीलू बी0डी0सी0 के घर से नीलू के घर तक कोडरा में सी0सी0 रोड़ निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 987000.00 | 1000.00 | 19800.00 |
| 16 | महसी | विक्रम बी0डी0सी0 के घर से तालाब तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 699000.00 | 1000.00 | 14000.00 |
| 17 | औरीशाहपुर | तम्बौर रतनगंज मार्ग से श्याम लाल यादव के घर तक सी0सी0 रोड़ निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 998000.00 | 1000.00 | 20000.00 |
| 18 | अढ़मलपुर | परसिया मरसण्डा मार्ग पर विजय वर्मा के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 699000.00 | 1000.00 | 14000.00 |
| 19 | अढ़मलपुर | सैदीपुरवा अड़मलपुर मार्ग पर राम खेलावन के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 445000.00 | 1000.00 | 8900.00 |
| 20 | अढ़मलपुर | अड़मलपुर रोड़ पर ललित वर्मा के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 445000.00 | 1000.00 | 8900.00 |
| 21 | बेहटा | प्रेरणा कैन्टीन की मरम्मत व अन्य कार्य | 15वॉ वित्त (टाइड) | प्राक्कलन के अनुसार | 146200.00 | 1000.00 | 3000.00 |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बेहटा-सीतापुर**


## नि:शुल्क चिकित्सा एवं एनीमिया परीक्षण शिविर का आयोजन

**आजमगढ़।** भारत विकास परिषद शाखा आजमगढ़ के तत्वधान में शहर के गुरुटोला वार्ड स्थित बिट्ठल घाट गुरुद्वारा पर नि:शुल्क चिकित्सा एवं एनीमिया परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। परिषद अध्यक्ष सीताराम पाण्डेय के नेतृत्व में भारत माता व विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित किया गया। जिसके बाद वन्देमातरम के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक और एलोपैथिक के विशेषज्ञों ने मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान की। सचिव डॉ देवेश दुबे ने बताया कि शिविर में चर्म रोग, उदर रोग, साइटिका, बवासीर, जोड़ो के दर्द व अन्य रोगों के लगभग 320 मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। अध्यक्ष सीताराम ने बताया कि शिविर में मरीजों को नि:शुल्क दवा भी वितरित की गई।


# कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जोन-2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रॉक - 2315/ई0ई0-2/एल0 जे0एस0

दिनॉक - 15/02/2025

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 22/02/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनाँक 22/02/2025 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 22/02/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply of Submersible 1.5 HP & Spare Parts at Jalkal Vibhag, Zone-2 Store, Lko | 5000.00 | Rs. 300 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-2**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक पर केस, 122 करोड़ के गबन का मामला

**मुम्बई।** सहकारी बैंक की 28 शाखाओं में से अधिकांश मुंबई महानगर में स्थित हैं। इसके अलावा




पड़ोसी गुजरात के सूरत में भी इसकी दो शाखाएं हैं। बैंक की एक शाखा पुणे में भी है।

मुंबई पुलिस ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक, लेखा प्रमुख और उनके सहयोगियों के खिलाफ 122 करोड़ रुपये के गबन का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मामले को आगे की जांच के लिए शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया, बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवर्षि घोष ने शुक्रवार को मध्य मुंबई के दादर पुलिस थाने में जाकर पैसे के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार उन्होंने बताया, %बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश रची। बैंक के प्रभादेवी और गोरेगांव कार्यालयों की तिजोरियों में रखे धन से 122 करोड़ रुपये का गबन किया।

उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर मेहता और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (5) (लोक सेवकों, बैंकरों और भरोसेमंद पदों पर बैठे अन्य लोगों द्वारा आपराधिक विश्वासघात), 61 (2) (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के दायरे को देखते हुए मामले को ईओडब्ल्यू को सौंप दिया गया है। एजेंसी ने जांच शुरू कर दी है।

इस सहकारी बैंक की 28 शाखाओं में से अधिकांश मुंबई महानगर में स्थित हैं। इसके अलावा पड़ोसी गुजरात के सूरत में भी इसकी दो शाखाएं हैं। बैंक की एक शाखा पुणे में भी है। बैंक के खिलाफ आरबीआई की कार्रवाई से इसके ग्राहकों में खलबली मच गई,

# महाराष्ट्र में बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को किया कुर्क

**मुम्बई।** ईडी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में मेसर्स वन वर्ल्ड क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड (ओसीपीएल) और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तलाशी अभियान चलाया। इसके तहत जांच एजेंसी ने 12 फरवरी और 13 फरवरी को राज्य के अलग- अलग स्थानों पर छापेमारी की और कई संपत्तियों को कुर्क कर दिया।

महाराष्ट्र में बैंक धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत ईडी ने 12 फरवरी और 13 फरवरी को राज्य के अलग- अलग स्थानों पर छापेमारी की और कई संपत्तियों को कुर्क कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए ईडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर

**कार्रवाई**

**ईडी की और से दी गई जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 13 फरवरी 2025 को मुंबई में 8 अलग-अलग स्थानों पर की गई।**

बताया कि मुंबई में ईडी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में मेसर्स वन वर्ल्ड क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड (ओसीपीएल) और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तलाशी अभियान चलाया।

ईडी की और से दी गई जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई




पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 13 फरवरी 2025 को मुंबई में 8 अलग-अलग स्थानों पर की गई। तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए और उन्हें जब्त कर लिया गया।

**1.69 करोड़ की संपत्ति कुर्क**

साथ ही ईडी ने आगे एक दूसरे पोस्ट में बताया कि ईडी ने 12 फरवरी 2025 को पीएमएलए, 2002 के तहत मेसर्स राजमल लखीचंद ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के बैंक धोखाधड़ी मामले में महाराष्ट्र के जलगांव और नासिक जिलों में स्थित 1.69 करोड़ रुपये की कई अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है।


**धोखाधड़ी में फंसे जमकर्ताओं को दी थी राहत**

बीते महीने जनवरी में ऐसे ही एक मामले में महाराष्ट्र के एक सहकारी बैंक के धोखाधड़ी में फंसे लाखों जमाकर्ताओं के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आ रही है।

जहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने महाराष्ट्र के एक सहकारी बैंक के धोखाधड़ी में फंसे लाखों जमाकर्ताओं को 289 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि यह मामला पेन (रायगढ़ जिला) पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर से सामने आया था। मामले में आरोप था कि पेन कोऑपरेटिव अर्बन बैंक के अधिकारियों ने अपने ऑडिटर्स के साथ मिलकर बैंक के खातों में हेरफेर किया, जिससे बैंक को 651.35 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# आब्रिट्राज फंडों ने एक साल में सात फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया



**नई दिल्ली।** 2025 की शुरुआत में बाजार में बिकवाली देखी गई है। मिड-स्मॉल कैप जो 2024 में बेहतर फायदा दिए थे, जनवरी में बिकवाली के दबाव में टूट गए। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं, कंपनियों की कम कमाई व निवेशकों की सतर्कता ने बाजार पर दबाव बनाया।

शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद आब्रिट्राज फंडों ने एक साल में फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी की तुलना में ज्यादा रिटर्न दिया है। इन फंडों ने सात फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। इसी अवधि में बड़े बैंकों के एफडी पर सात फीसदी से कम ब्याज मिला है।

आंकड़ों के मुताबिक, तीन साल में एक्सिस आब्रिट्राज फंड ने 6.25 फीसदी का रिटर्न दिया जबकि टाटा की इसी कैटेगरी ने 6.29 फीसदी का रिटर्न दिया है। आदित्य बिड़ला की स्कीम ने 6.31 फीसदी, यूनियन म्यूचुअल फंड की आब्रिट्राज स्कीम ने 6.18 फीसदी, एचएसबीसी और बड़ौदा बीएनपी पारिबास म्यूचुअल फंड की स्कीम ने 6.19 फीसदी-6.19 फीसदी रिटर्न दिया।

2025 की शुरुआत में बाजार में बिकवाली देखी गई है। मिड-स्मॉल कैप जो 2024 में बेहतर फायदा दिए थे, जनवरी में बिकवाली के दबाव में टूट गए। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं, कंपनियों की कम कमाई व निवेशकों की सतर्कता ने बाजार पर दबाव बनाया। एक्सिस के आब्रिट्राज फंड मुख्य रूप से एक्सिस मनी मार्केट फंड में निवेश करता है। इसके पास एक से नौ माह की परिपक्वता प्रोफाइल के साथ उच्च रेटिंग वाले मनी मार्केट साधन भी हैं।

# वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने प्रख्यात प्रिंटमेकर देवराज डाकोजी को 'क्रिटिक्स च्वाईस अवार्ड' से सम्मानित किया



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने प्रख्यात प्रिंटमेकर देवराज डाकोजी को प्रिंटमेकिंग की दुनिया में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'डब्लूयूडी क्रिटिक्स च्वाईस अवार्ड' से सम्मानित किया है। वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति प्रोफेसर (डाक्टर) संजय गुप्ता द्वारा दिया गया यह सम्मान डाकोजी की असाधारण प्रतिभा और प्रिंटमेकिंग के क्षेत्र को लेकर उनके समर्पण को पहचान दिलाता है और साथ ही समकालीन कला में एक प्रमुख हस्ती के तौर पर उनकी प्रतिष्ठा बढ़ाता है। सम्मान समारोह में एक्जिबिट320 की निदेशक सुश्री रसिका कजारिया भी उपस्थित थीं।

हैदराबाद में जन्मे डाकोजी का अपने पिता के लिए जड़ी बूटियों को चुनने के उनके शुरुआती अनुभव ने उन्हें कला के प्रति प्रेरित किया जिससे प्रकृति उनका मुख्य विषय बन गई। छपाई के कार्यों में उन्हें भारतीय संस्कृति से प्रेरणा मिली जिससे प्रकृति और पशुउनके मूल स्वभाव में समाहित हो गए। उनके उल्लेखनीय कार्यों में पाषाण सीरीज शामिल है जो उनके गृहनगर से प्रेरित है और सैन डियागो में 1985 में एक मोर के साथ उनके अनुभव से प्रभावित एक सीरीज है।

दृश्य कलाओं के लिए डब्लूयूडी क्रिटिक्स च्वाईस अवार्ड्स की शुरुआत वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन द्वारा देश में विभिन्न शैलियों में दृश्य कलाकारों को प्रोत्साहित करने और उन्हें सशक्त करने के लिए की गई। ये अवार्ड्स स्थापित कलाओं में असाधारण कलात्मक योगदान को सम्मान देता है और उभरते कलाकारों को दिल्ली एनसीआर में प्रमुख कला वीथिकाओं में अपनी रचनाओं को प्रस्तुत करने के लिए उन्हें पहचान दिलाता है। यह अवार्ड एक विशेष रूप से डिजाइन ट्रॉफी और एक प्रमाण पत्र के साथ दिया जाता है। यह देशभर में समृद्ध दृश्य कला संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए कलाकार को सम्मानित करता है।

वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति डाक्टर संजय गुप्ता ने कहा, कला के जरिए जीवन को सबसे अच्छे ढंग से अभिव्यक्त किया जा सकता है और डब्लूयूडी में हम इस क्षेत्र के प्रचारक हैं। डब्लूयूडी क्रिटिक्स च्वाईस अवार्ड्स के साथ हम देवराज डाकोजी के लिए गहरा सम्मान प्रकट करते हैं जिनके लिथोग्राफ और नक्काशी ने पिछले कई दशकों से भारतीय संस्कृति को शानदार तरीके से प्रदर्शित किया है। अपने जीवंत कार्यों के जरिए उन्होंने प्रिंटमेकिंग, पेंटिंग और मिक्स्ड मीडिया के बीच सीमाओं का विस्तार किया है। सतह और बनावट को लेकर उनकी समझ बहुत गहरी है और उनकी ड्राइंग दृष्टिगत है। कार्य और मार्गदर्शन दोनों के जरिए समकालीन भारतीय प्रिंटमेकिंग पर उनके प्रभाव ने कलाकारों की कई पीढ़ियों को आकार देने में मदद की है।

# सुविचारित जीवन की परिकल्पना के साथ लॉन्च हुआ इम्पीरियल कॉर्टयार्ड, जहां आधुनिक घर और सहूलियत एक साथ मिलेंगी



**मेरठ।** मेरठ में एरियस इन्फ्रावेंचर्स द्वारा निर्मित आधुनिक और सुविधाजनक आवासीय परिसर इम्पीरियल कॉर्टयार्ड का भव्य शुभारंभ 15 फरवरी को किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के राज्य ऊर्जा मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने औपचारिक रूप से रिबन काटकर इस प्रॉजेक्ट की शुरुआत की। 2027-28 तक पूरा होगा प्रोजेक्ट, बुकिंग लॉन्च इवेंट के दौरान ही पंजाब नेशनल बैंक के सौजन्य से 75 फ्लैट्स की बुकिंग हो चुकी है, जो इस प्रोजेक्ट में लोगों की गहरी रुचि को दर्शाता है। एरियस इन्फ्रावेंचर्स के प्रबंध निदेशक अरविंद ने इस मौके पर कहा हमने इम्पीरियल कॉर्टयार्ड को सिर्फ एक अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसी कम्युनिटी के रूप में डिज़ाइन किया है, जहां लोग एक सुविचारित, आरामदायक और आधुनिक जीवनशैली का आनंद ले सकें। लॉन्च इवेंट में मिली शानदार प्रतिक्रिया ने हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। अपनी स्ट्रैटेजिक लोकेशन, आधुनिक सुविधाओं और सुविधाजनक जीवनशैली के साथ इम्पीरियल कॉर्टयार्ड उन होमबायर्स के लिए एक पसंदीदा विकल्प बनने जा रहा है, जो एक संपूर्ण आवासीय अनुभव की तलाश में हैं।

कार्यक्रम में राज्य ऊर्जा मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा शहरीकरण के बढ़ते दौर में सुव्यवस्थित और आधुनिक आवासीय परियोजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इम्पीरियल कॉर्टयार्ड जैसी पहल लोगों को एक संतुलित और सुविधाजनक जीवनशैली प्रदान करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इसी के साथ परियोजना की शुभ शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए, उद्घाटन कार्यक्रम में हवन पूजा का आयोजन भी किया गया।

इम्पीरियल कॉर्टयार्ड में 2, 3 और 5 बीएचके के शानदार अपार्टमेंट उपलब्ध हैं, जो खुली और हवादार जगहों के साथ डिज़ाइन किए गए हैं। यह प्रोजेक्ट प्राकृतिक रोशनी का पूरा लाभ उठाने और हर वर्ग फुट को उपयोगी बनाने के सिद्धांत पर आधारित है। यहां रहने वाले लोगों को सुंदरता और सुविधा का बेहतरीन संतुलन मिलेगा। बेहतर जीवनशैली के लिए आधुनिक सुविधाएं ,इम्पीरियल कॉर्टयार्ड उन सुविधाओं से लैस है, जो आराम और सक्रिय जीवनशैली दोनों को बढ़ावा देती हैं,स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए *स्विमिंग पूल व जिम, योग और दौड़ने के शौकीनों के लिए *जॉगिंग ट्रैक व योगा पैवेलियन, बच्चों के मनोरंजन के लिए *प्ले एरिया और इनडोर गेम्स हॉल,खेल प्रेमियों के लिए *हाफ बास्केटबॉल कोर्ट और ग्रीन पार्क, सामुदायिक आवागमन के लिए *इंटरनल ड्राइववे, रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए शॉपिंग आर्केड इस शानदार लॉन्च इवेंट में कई संभावित होमबायर्स ने भाग लिया और परियोजना की आधुनिक सुविधाओं तथा सुविधाजनक जीवनशैली की सराहना की।

# छावा के एलबम लॉन्च में ए.आर. रहमान की बेहतरीन परफॉर्मेंस ने जीता लोगों का दिल

**नई दिल्ली।** एक भव्य म्यूज़िकल कार्यक्रम में एकेडमी अवार्ड विजेता कंपोज़र, ए.आर. रहमान ने छावा के अत्यधिक प्रतीक्षित एलबम का लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने ताकत, भावनाओं और ऐतिहासिक भव्यता का प्रदर्शन करते हुए एक जबरदस्त परफॉर्मेंस भी दी। एलबम के अनावरण के मौके पर फिल्म के कलाकार विकी कौशल और रश्मिका मंदाना, डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर, प्रोड्यूसर दिनेश विजान, और प्रोजेक्ट की क्रिएटिव टीम भी मौजूद थी। इस संगीत संध्या के अवसर पर ए.आर. रहमान ने मीठे गीतों और भव्य व्यवस्थाओं के साथ अपने सिग्नेचर स्टाईल में संगीत का ऐसा माहौल बना दिया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान द्वारा निर्मित और लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित छावा की वर्ल्डवाईड रिलीज़ 14 फरवरी, 2025 को हो गई है।

छावा का एलबम लॉन्च संगीत का एक महाआयोजन था, जिसमें ए.आर. रहमान और उनकी टीम ने छावा



एलबम से कुछ ऐसे सम्मोहक गीतों की प्रस्तुति दी, जिसने सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांस ट्रूप की ऊर्जा ने हर परफॉर्मेंस को जीवंत कर दिया, जिससे माहौल की तीव्रता परवान चढ़ गई। हर ताल, हर तान बाणों की तरह वातावरण को चीरते हुए लोगों के कानों तक पहुँच रही थी और उन्हें मीठे स्वरों में मराठा गौरव का एहसास करा रही थी। इसके बाद कलाकारों और ए.आर. रहमान के बीच बातचीत के माध्यम से दर्शकों को छावा एलबम के भाव की झलक प्राप्त हुई।

दिग्गज संगीतकार, ए.आर. रहमान ने कहा, ''कुछ फिल्में केवल कहानियाँ नहीं होती हैं। वो धड़कते दिल की गर्जना होती हैं। छावा उन्हीं में से एक है। मुझे लक्ष्मण उटेकर, दिनेश विजान, विकी कौशल, रश्मिका मंदाना और अपनी बेहतरीन म्यूज़िकल टीम के साथ इस फिल्म का स्कोर, बीजीएम और गाने बनाने में बहुत मजा आया। मुझे उम्मीद है कि मेरे सभी फैंस को यह संगीत उतना ही पसंद आएगा, जितनी खुशी इसे बनाने में हमें हुई है। मैं अब अपनी यह पेशकश श्रोताओं द्वारा सुने जाने का उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूँ। छावा 14 फरवरी को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है।''

विकी कौशल ने कहा, ''छावा का हिस्सा होना बहुत गर्व की बात है, खासकर तब, जब इसका संगीत महान संगीतकार ए.आर. रहमान सर ने बनाया हो। मैंने उनके साथ पहली बार काम इस फिल्म में किया है। उन्हें इन खूबसूरत ट्रैक्स को लाईव परफॉर्म करते हुए देखना एक यादगार अनुभव है, जो आजीवन मेरे दिल में रहेगा। अब यह एलबम रिलीज़ हो चुका है, इसलिए मैं इन गानों के लिए श्रोताओं की प्रतिक्रिया देखने के लिए बहुत उत्साहित हूँ।

## आयकर विभाग की वेबसाइट पर अपलोड हुआ आयकर विधेयक, मौजूदा कानून से कर सकते हैं मिलान

**नई दिल्ली।** आयकरदाता अब आयकर अधिनियम, 1961 की धाराओं का मिलान आयकर विधेयक, 2025 के संबंधित खंडों से कर सकते हैं। आयकर विभाग ने आयकर कानून 1961 की नए आयकर विधेयक की धाराओं के साथ मैपिंग कर दी है औरर आयकरदाता आयकर विभाग के पोर्टल पर जाकर इनका मिलान कर सकते हैं। सरलीकृत आयकर विधेयक 2025 को बीती 13 फरवरी को ही लोकसभा में पेश किया गया था। विधेयक के पारित होने के बाद आयकर विधेयक 2025, 64 साल पुराने आयकर कानून की जगह लेगा। दरअसल समय के साथ आयकर कानून में बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही थी। आयकर विधेयक 2025 में 2.6 लाख शब्द हैं, जबकि आयकर कानून में शब्दों की संख्या 5.12 लाख है। नए विधेयक में 536 धाराएं हैं, जबकि मौजूदा कानून में 819 प्रभावी धाराएं हैं। नए विधेयक में 23 अध्याय हैं, जबकि मौजूदा कानून में 47 अध्याय हैं। विधेयक में 57 सारणी हैं जबकि मौजूदा आयकर कानून में 18 सारणियां हैं। नए विधेयक में आयकरदाताओं को कर की गणना करने में आसानी होगी। मौजूदा कानून की तुलना में नए विधेयक में 1200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं।

14 फरवरी को एक्स पर साझा पोस्ट में आयकर विभाग ने बताया कि करदाता ड्रॉप डाउन मेनू से आयकर अधिनियम, 1961 की धारा का चयन कर सकता है और उसके अनुसार, आयकर विधेयक में संबंधित खंड दिखाई देंगे। इसके अलावा, करदाताओं की सुविधा के लिए सारणीबद्ध प्रारूप में अनुभागवार मैपिंग की गई है। विधेयक में छोटे वाक्यों का उपयोग किया गया है और तालिकाओं और सूत्रों के उपयोग से इसे पाठकों के लिए आसान बनाया गया है। टीडीएस, अनुमानित कराधान, वेतन संबंधित प्रावधानों के लिए तालिकाएं प्रदान की गई हैं।

# फ्लिपकार्ट ने डिजिटल समावेश के अपने प्रयासों को विस्तार दिया

**नई दिल्ली।** भारत का घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट अपने प्रयासों के माध्यम से छोटे कारोबारियों, ग्रामीण उद्यमियों और




महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को डिजिटल इकोनॉमी में आगे बढ़ने में सक्षम बना रहा है। फ्लिपकार्ट ने वंचित वर्ग के विक्रेताओं एवं उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए कई कार्यशालाओं का आयोजन किया है, जिनके माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, उनकी क्षमता बढ़ाई जाती है और उन्हें ऑनबोर्डिंग के बारे में बताया जाता है। इनमें ऐसे क्षेत्रों को लक्ष्य किया जाता है, जहां डिजिटल साक्षरता एवं ई-कॉमर्स को लेकर जागरूकता की कमी के कारण उनके लिए बाजारों तक पहुंचना और लिंक पाना मुश्किल होता है, जिससे आजीविका पर प्रभाव पड़ता है।

फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा फ्लिपकार्ट भारत के ई-कॉमर्स इकोसिस्टम को मजबूत करने, लाखों एमएसएमई, उद्यमियों एवं एसजीएच को प्रौद्योगिकी, इनोवेशन व एक मजबूत बाजार के माध्यम से आगे बढ़ने में सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी राष्ट्रव्यापी कार्यशालाओं के माध्यम से हम छोटे व्यवसायों और उद्यमियों को आत्मनिर्भर होने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में सक्षम बना रहे हैं। हम लगातार इनोवेशन कर रहे हैं और इसके साथ-साथ हम समाज के सभी वर्गों के उत्थान एवं सशक्तीकरण के लिए ई-कॉमर्स का लाभ उठाने के नए तरीकों की खोज भी कर रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एमएसएमई एक अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

फ्लिपकार्ट ने 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल के तहत सेलर्स को शिक्षित करने एवं जोड़ने के लिए विभिन्न सरकारी इकाइयों, नॉर्थ ईस्टर्न हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल से हाथ मिलाया है। फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोगी के रूप में महा कुंभ 2025 में भी भागीदारी की है।

## सैमसंग का नया बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर स्मार्ट कूलिंग का अगला कदम

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंगने आजनई बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सीरीजलॉन्च की है, जो330 लीटर और 350 लीटरकी क्षमता में उपलब्ध होगी। यह नई सीरीज एडवांस्ड एआई तकनीक से लैस है, जिसमेंएआई एनर्जी मोड, एआई होम केयर और स्मार्ट फॉरवर्डजैसे फीचर्स शामिल हैं। यह खूबसूरत डिज़ाइन और सुविधाजनक स्टोरेज विकल्पों के साथ आता है। भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, इस सीरीज मेंस्टाइल, इनोवेशन और बेहतरीन परफॉर्मेंसका शानदार मेल किया गया है। नई बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सीरीजन केवलस्मार्ट एनर्जी मैनेजमेंटमें मदद करती है, बल्किखाद्य पदार्थों की ताजगी बनाए रखनेऔरएक्टिव फ्रेश फिल्टरजैसी उन्नत सुविधाएँ भी प्रदान करती है। यह फ़िल्टर 99.9त्न तक हानिकारक बैक्टीरिया को खत्मकरता है, जिससे आपका खाना अधिक सुरक्षित और स्वच्छ बना रहता है। यह सब कुछस्लीक और कस्टमाइज़ेबल डिज़ाइनमें पेश किया गया है। इसके अलावा, इसमेंडिजिटल इन्वर्टर कंप्रेसरदिया गया है, जो न केवलटिकाऊ और बिजली बचाने वालाहै, बल्कि 20 साल की वारंटीके साथ आता है। इस सीरीज का उद्देश्यभारत में आधुनिक रेफ्रिजरेशनको एक नई परिभाषा देना है। सैमसंग इंडिया के सीनियर डायरेक्टर, डिजिटल अप्लायंसेज, गुफरान आलमने कहा, हमारीबीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सीरीजउपभोक्ताओं कोतकनीक, डिज़ाइन और सुविधाका बेहतरीन संतुलन प्रदान करती है। यह न केवलएआई से संचालित एनर्जी सेविंग, बल्किबेहतर कूलिंग और हाईजीन सॉल्यूशंसभी देती है, जो बदलती भारतीय जीवनशैली के अनुरूप है। खूबसूरत फिनिश औरस्मार्ट फॉरवर्ड, एआई होम केयर, ट्विन कूलिंग प्लसइ औरकन्वर्टिबल 5-इन-1 मोड्स जैसे एडवांस्ड फीचर्स के साथ, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को ऐसे उपकरण देना है जो उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाएं।

# एमजी हेक्टर का अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ वैल्यू फॉर मनी एसयूवी का स्थान बरकरार

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की प्रमुख एसयूवी, एमजी हेक्टर भारतीय कार खरीदारों के लिए लगातार पहली पसंद बनी हुई है, जो बगैर भारी कीमत के स्टाइल, स्पेस, आराम और अत्याधुनिक तकनीक की तलाश में हैं, साथ ही 500 रुपये प्रति माह का कम मेंटेनेंस खच. 'प्रीमियम हैचबैक की तुलना में कम मेंटेनेंस खर्च के साथ, एमजी हेक्टर 2024 में एसयूवी श्रेणी में एक स्मार्ट निवेश के रूप में उभरकर सामने आई है। भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी - एमजी हेक्टर ने अपनी लॉन्चिंग के बाद से ही भारतीय एसयूवी उत्साही लोगों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यह लक्ज़री, दक्षता और बोल्ड आइकोनिक डिज़ाइन का एक बेमिसाल संयोजन है। तकनीक-आधारित सुविधाओं से लैस और आरामदायक सवारी प्रदान करने वाली हेक्टर आधुनिक ड्राइवर की जरूरतों को पूरा करती है। एमजी



हेक्टर अपनी कम कुल स्वामित्व लागत, उच्च रीसेल वैल्यू और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण उद्योग में एक बेंचमार्क स्थापित कर रही है। 2019 में लॉन्च की गई भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी एमजी हेक्टर ने एसयूवी बाजार में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अपने ड्यूल पैन पैनोरमिक सनरूफ जैसी कुछ बेहतरीन पेशकशों के साथ, एमजी हेक्टर का डीजल वेरिएंट एसयूवी के शौकीनों के लिए एक बेहतरीन पैकेज है, जो पावर और परफॉरमेंस की तलाश में हैं, साथ ही इसमें तकनीक और बेहतरीन परफॉरमेंस का भी जोड़ है। उद्योग जगत में सबसे बेहतरीन 35.56 सेमी (14 इंच) एचडी इंफोटेनमेंट सिस्टम, 75 से अधिक कनेक्टेड कार फीचर्स, एडवांस्ड सेफ्टी ऑफरिंग्स, डुअल-पैन पैनोरमिक सनरूफ और अन्य समान रूप से आकर्षक समावेशन के साथ, हेक्टर को एसयूवी के शौकीनों को असाधारण और विशिष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# शिकायती पत्रों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

## कप्तानगंज तहसील मे डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में शनिवार को तहसील कप्तानगंज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी संदर्भों का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिए। **52 मामलों में मात्र 8 का निस्तारण–** आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 27 में से 08 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 04, विकास विभाग से संबंधित 08, स्वास्थ्य विभाग का 01 तथा अन्य विभाग के 12 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 52 में से 08 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 44 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

## अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 16 को

**अमेठी।** श्रम विभाग के अधीन संचालित अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 280 सीटों के सापेक्ष 170 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा के फार्म भरे हैं। प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी को होगी। राजकीय बालिका इंटर कालेज गौरीगंज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सहायक श्रम आयुक्त गोविन्द यादव ने बताया कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत पात्र बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने व उनके बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हेतु श्रम विभाग के अधीन अटल आवासीय विद्यालय का संचालन मण्डल स्तर पर जनपद अयोध्या के रुदौली तहसील अन्तर्गत अमराई गांव में संचालित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा-06 में 140 छात्र/छात्राओं तथा कक्षा-09 में 140 छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा।

# गोरखपुर, अमेठी, अयोध्या ने जीते लीग मैच, राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता शुरू



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/मुंशीगंज।** डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में ओपेन स्टेट आमंत्रण पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता शनिवार को शुरू हुई। डी एम ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और आगे बढ़ने के संदेश दिए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। उप क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि प्रथम दिवस को पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता दो टीमों (टीम-ए तथा टीम-बी) के मध्य खेला गया, जिसमें 13/17 से गोरखपुर ने 4 गोल के अन्तर से मीरजापुर, 11/21 से अमेठी ने 10 गोल के अन्तर से प्रयागराज, 11/13 से अमेठी ने 2 गोल के अन्तर से वाराणसी तथा 24/25 से अयोध्या ने 1 गोल के अन्तर से बस्ती से मैच में जीत हासिल किया। इस दौरान उप्र हैण्डबाल संघ के संयुक्त सचिव अमित पाण्डेय, उपक्रीड़ाधिकारी मो. मोसर्रफ खॉ ने अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया तथा प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में सूर्यभान, अमित कुमार पाण्डेय, विमलेश ध्रुव, उज्ज्वल सोनकर, प्रसुमन आनन्द, नवनीत सिंह, प्रेम प्रकाश सिंह, पंकज यादव, निलेश, मनोज कुमार सिंह, जयसिंह, बीरबल शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया।

## नास्तिकता के गर्भ से ही आस्तिकता का आविर्भाव होता है : राधेश्याम

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत पकड़ी में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को कथावाचक राधेश्याम शास्त्री ने अपने कथा के माध्यम से श्रोताओं को बताया कि भागवत महापुराण इतिहास नहीं है। इतिहास में जो हुआ है वह सदा नही होता है। पुराण में जो हुआ है वह सदा सदैव होता रहता है। भागवत महा पुराण में घटनाओं का अंकन नहीं है बल्कि घटनाओं के माध्यम से सत्य की ओर इंगित है। पुराण सत्य सनातन शाश्वत का उद्घोषणा करता है। कभी नास्तिक के घर आस्तिक का जन्म होता है कभी आस्तिक के घर नास्तिक का जन्म होता है।फिर उसी नास्तिकता में आस्तिकता का फूल लगता है। तो नास्तिकता आस्तिकता की माता पिता है। नास्तिकता के गर्भ से ही आस्तिकता का आविर्भाव होता है। पुराण में जिस तरफ इशारा है वह रोज होता है। प्रतिपल होता है सबके भीतर हुआ है सबके भीतर हो रहा है, और जब भी कभी मनुष्य होगा कहीं भी मनुष्य होगा पुराण का सत्य दोहराया जाएगा।पुराण सार निचोड़ है, घटनाएं नहीं, इतिहास नहीं मनुष्य के जीवन का अंतर्निहित सत्य है। साधारणतः आप समझते हो कि नास्तिक आस्तिक का विरोधी है ?

# बारहवीं के छात्रों को नम आंखों से दी गई भावभीनी विदाई

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** श्रीमती राधिका देवी इंटरमीडिएट कॉलेज में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें इंटरमीडिएट के छात्रों को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान जूनियर बच्चों ने अपने सीनियर विद्यार्थियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किए। इस मौके पर विद्यालय में प्रबंधक ने बच्चों को कहा कि विद्यालय में विदाई का मौका बहुत खास होता है आंख तो नम होती है लेकिन खुशी का मौका भी होता है कि इंटरमीडिएट के बाद हर क्षेत्र में जाकर अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। आप लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पांच हजार का चेक व जिला टॉप करने पर 21 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चन कर किया गया। विदाई समारोह में इंटरमीडिएट के छात्रों ने अपना अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन रंजीत कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रबंधक विनय श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य रामदरश सिंह, प्रह्लाद श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, अफताब आलम, आत्म प्रकाश पाण्डेय, कमलभान सिंह, सईद अहमद, सत्यजीत राव, सूरज सिंह, जन्मेजय शर्मा, हरिकेश सिंह, दुर्गेश यादव, ओमकार सिंह आदि लोग उपस्थित रहें।

## झोपड़ी में अचानक लगी आग, सात माह का मासूम बालक झुलसा, मौत

**अमेठी।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के मैदपुर गांव में खेत की झोपड़ी में लगी आग से 7 महीने के मासूम की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शुक्रवार की देर शाम के समय मैदपुर गांव के निवासी राम केवल अपनी पत्नी के साथ खेत में काम कर रहे थे और उनका बच्चा पास की झोपड़ी में सो रहा था। अचानक अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चे को आग से बाहर निकाला। लेकिन तब तक बच्चा गंभीर रूप से झुलस चुका था। परिजन तत्काल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम इलाज के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बृजेश कुमार ने अमेठी और रतन सिंह ने लिया भादर के बीडीओ का कार्यभार



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिले के तीन विकास खंडों में खंड विकास अधिकारी बदले गए हैं। अमेठी में बृजेश कुमार और भादर में रतन सिंह ने नये खंड विकास अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया है। अमेठी और भादर के खंड विकास अधिकारी रहे विनय कुमार वर्मा को मुसाफिरखाना का खंड विकास अधिकारी नियुक्त किया गया है। खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार और रतन सिंह ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार ने कर्मचारियों के साथ परिचय बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी काम नियमों के अधीन करने के साथ जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण हमारी प्राथमिकता है। कोई भी पत्रावली अनावश्यक रूप से लम्बित न रहे, सभी पंचायत सचिव और ब्लाक कार्मिक इस बात का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी, कमलेश कुमार, मो नदीम, लाल बहादुर सिंह, फिरोज खान आदि मौजूद रहे।

# रंगोली में नीतू, भाषण में हरिओम व दौड़ में शिवम् प्रथम स्थान

## गोरखपुर विवि के 75 वर्ष पूर्ण होने पर एसएमबीएल कालेज आयोजित रहा कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** श्री मुरलीधर भागवत लाल महाविद्यालय में गोरखपुर विश्वविद्यालय के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने विविध प्रतियोगिता प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता में रंगोली बनाया गया जिसमें प्रथम स्थान बीए फर्स्ट सेमेस्टर की नीतू, द्वितीय स्थान पर अंजली व तृतीय स्थान पर साहिबा खातून, वहीं भाषण में हरिओम नारायण, 100 मीटर दौड़ में प्रथम शिवम् कनौजिया, द्वितीय राहुल यादव, तृतीय शिवम चौरसिया दौड़ प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग) में प्रथम स्थान पर ममता कुशवाहा, द्वितीय गीतांजलि चौधरी, तृतीय स्थान पर अर्पिता रहीं। इस अवसर पर रेफरी की भूमिका फरीदा खातून व अशोक कुमार ने संभाला, संचालन अभय सिंह और रमेश यादव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ राज श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव, उप प्राचार्य शकील अफगन, सुधीर चौहान, रजनीश पांडेय, सौरभ पांडेय, मांडवी, प्रियंका, माला यादव व अनेक शिक्षक व प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज, रायबरेली।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को किसी आवश्यक कार्य में व्यस्त होने के कारण जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के समाधान दिवस में न पहुंचने से वादकारियों में मायूसी दिखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी सचिन यादव और क्षेत्राधिकार यादवेंद्र बहादुर पाल ने वादकारियों की फरियाद सुनी।

आयोजित समाधान दिवस में कुल 43 मामले आए, जिसमें सर्वाधिक 15 मामले राजस्व विभाग, पुलिस विभाग से संबंधित 12, विकास से संबंधित 5 मामले तथा अन्य 10 मामले दर्ज किए गए। पांच मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए आश्वासन दिया गया है। आपको बता दें कि, डीएम और एसपी के महराजगंज संपूर्ण समाधान दिवस में न पहुंचने से उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव की अध्यक्षता में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य के द्वारा 43 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष पांच शिकायतों का निस्तारण विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर कर दिया गया। उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव ने तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## जहरीला पदार्थ खाने से 27 वर्षीय युवक की हुई मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के नरई गांव में एक 27 वर्षीय युवक के जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले की जानकारी होने पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। आपको बता दें कि, सीएचसी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नरई गांव का रहने वाला शिव शंकर 27 पुत्र जगन्नाथ सोमवार की रात अज्ञात कारणों से कीट नाशक दवा का सेवन कर लिया जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर आनन-फानन सीएचसी महराजगंज पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत में सुधार न होता देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी पुलिस को होते ही फौरन पुलिस बल अस्पताल पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि, घटना की जानकारी अस्पताल के माध्यम से हुई थी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है छानबीन की जा रही है।

## एसडीएम ने किया नवोदय विद्यालय की टाटा ऑटोमोबाइल लैब का निरीक्षण

**महराजगंज, रायबरेली।** शनिवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय स्थित बच्चों के कौशल विकास हेतु टाटा आटोमोबाइल लैब का निरीक्षण एसडीएम सचिन यादव व सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल तहसीलदार मंजुला मिश्रा द्वारा किया किया। इस मौके पर प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चंदन बागीश व आटोमोबाइल शिक्षक शिवम् अवस्थी मौजूदा रहे। वहीं एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों ने टाटा मोटर्स के कौशल विकास के योगदान को सराहा व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भारत को लोक कल्याणकारी गणराज्य बनाने में फेल रही हैं सरकारें

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** संसद में बजट सत्र के दौरान बसपा सांसद राम जी गौतम की ओर से दिया गया वक्तव्य सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। बसपा

> **बजट सत्र के दौरान बसपा सांसद राम जी गौतम का वक्तव्य सुर्खियों में, पुरानी पेंशन की मांग उठाने पर सरकारी कर्मचारी खुश**

समर्थकों के साथ आम लोग भी रामजी गौतम के वक्तव्य को लाइक और शेयर कर रहे हैं।अटेवा के जिला महामंत्री अजय कुमार मौर्य ने संसद में पुरानी पेंशन की मांग को उठाने के लिए सांसद राम जी गौतम को साधुवाद दिया है।


राम जी लाल गौतम ने संसद में बजट पर चर्चा के दौरान बोलते हुए देश में सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी को फोकस किया और कहा कि आजादी के बाद 77 साल का समय बीत चुका है, देश में आर्थिक विषमता कायम है, अभी भी लाखों परिवार भूमिहीन है। सरकार गरीब परिवारों को आत्म निर्भर बनाने के लिए देश में खाली पड़ी 40 हेक्टेयर जमीन को 56 फीसदी भूमिहीन परिवारों में बांटे।देश की लगभग सभी राज्यों की सरकारें केन्द्र से एस सी /एस टी के लिए आवंटित फंड को डायवर्ट करके दूसरे मदों में खर्च कर रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी इस पर रोक लगाएं। एस सी/एस टी के तमाम बच्चे फीस स्ट्रक्चर के कारण अच्छे शिक्षण संस्थानों में एडमिशन नहीं पा रहे हैं, सरकार एस सी एस टी के बच्चों की फीस फ्री करें और निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करते हुए स्कालरशिप का भुगतान समय से सुनिश्चित करे। सांसद राम जी गौतम ने कृषि और बीमा क्षेत्र को सरकार के अधीन करने की भी मांग की है। शनिवार को बहुजन समाज पार्टी की ओर से आयोजित कैडर कैम्पों में इन बिंदुओं पर खासी चर्चा हुई। मंडल प्रभारी जिया लाल त्यागी ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर जातिवादी मानसिकता से ग्रस्त होकर काम करने के आरोप लगाए और कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों की नीति एस सी /एस टी ओ ओ बी सी की जातियों को कमजोर बनाए रखने की है। इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी ने कहा कि बसपा की सरकार में उत्तर प्रदेश में भूमिहीन को बहन मायावती जी ने भूमिधर बनाने का काम किया।नये पट्टे देने के साथ अभियान चलाकर पुराने पट्टों पर कब्जा दिलाया। मंडल प्रभारी सर्वेंद्र अम्बेडकर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब सांसद थे तो उन्होंने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पत्र लिखा था।

## गले में साड़ी का फंदा लगा छत की कुंडी से लटकने से महिला की मौत

**भाटपार रानी, देवरिया।** खामपार थाना के ग्राम भठ्वा तिवारी में शुक्रवार की रात्रि एक 27 वर्षीय महिला द्वारा गले में फांसी का फंदा लगाकर पंखे की कुंडी में लटकने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रात्रि में ही पीएम के लिए भेज दिया। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। ग्राम भठ्वा तिवारी के कृष्ण मुरारी कुशवाहा की शादी खामपार थाना के ग्राम धर्मखोर करन में 8 वर्ष पूर्व हरिकांत कुशवाहा की पुत्री शकुंतला के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। पति कृष्ण मुरारी कुशवाहा विदेश दुबई में है। ससुर रामायण कुशवाहा ने बताया कि शकुंतला रात्रि 9 बजे बच्चों के साथ कमरे में चली गई। कुछ देर के बाद बच्चे रोने लगे। वह देखा तो अवाक हो गया। आसपास के लोग भी जुट गए। सूचना पाकर रात में ही मायके वाले पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील रुद्रपुर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में तहसील रुद्रपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी, विशेषकर लेखपाल, अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करें और भूमि विवादों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक भूमि जैसे खलिहान, चकरोड, नाले आदि पर अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटाने और इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकांश शिकायतें भूमि पैमाइश, पारिवारिक संपत्ति विवाद और अवैध कब्जे से संबंधित होती हैं, यदि लेखपाल सक्रिय रहेंगे तो इन शिकायतों में कमी आएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लंबित शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की दिशा में प्रभावी कार्यवाही भी की गई। राशन कार्ड संबंधी शिकायतों के समाधान के तहत दिव्यांग महिला को अंत्योदय कार्ड तथा दो अन्य लाभार्थियों को पात्र गृहस्थी राशन कार्ड मौके पर ही उपलब्ध कराए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 17 राजस्व विभाग, 04 पुलिस विभाग, 05 विकास विभाग, 08 खाद्य एवं रसद तथा अन्य विभागों से संबंधित 07 प्रार्थना पत्र थे। इनमें से 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष 32 शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देशों के साथ सौंपा गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा संबंधित थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## सदर विधायक ने 30 दिव्यांगजनों को दी ट्राईसाइकिल

**देवरिया।** सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने विकास भवन, देवरिया में 30 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल प्रदान की। यह कार्यक्रम जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, ताकि वे स्वाभिमान के साथ जीवनयापन कर सकें। दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं, और उनके सशक्तिकरण के लिए हमारा हर संभव प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। ट्राई साइकिल प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने इस सहयोग के लिए आभार जताया और इसे अपने जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव बताया।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच छात्रों की हुई विदाई

**भटनी।** साहोपार मार्ग स्थित चन्द्रशेखर प्रेस्टीज ट्यूटोरियल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानेदार अश्वनी कुमार प्रधान ने दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सीनियर की विदाई एक प्रक्रिया है। यह एक संदेश है कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है। छात्रों को जीवन में सीखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल की छात्रा खुशबू यादव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वागत गीत खुशी तथा अनुष्का ने प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। मानसी के विदाई गीत पर सभी की आंखे नम हो गयीं। वहीं स्कूल के अर्चना, अन्नू, काजल,अनन्या, तन्नू, अन्नू, लक्ष्मी आंचल आदि की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस दौरान जूनियर छात्रों ने अपने सीनियरों को उपहार देकर विदा किया। प्रबंधक अर्पित नाथ तिवारी ने अतिथियों को अंगवस्त्र माल्यार्पण कर स्वागत किया।

बहराइच/सुल्तानपुर/फिरोजाबाद/मैनपुरी

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील कैसरगंज में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह फरवरी के तृतीय शनिवार को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, एसडीएम न्यायिक लालधर व अन्य अधिकारियों के साथ आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया मौके पर जाकर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय। डीएम ने कहा कि अगले पखवाड़े में उनके द्वारा तहसीलों का निरीक्षण किया जायेगा। सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिया कि पटलों पर अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति को दुरूस्त कर लिया जाय। इस अवसर पर सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, सहा.अभि. लघु सिंचाई मंशाराम मौर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार अभय राज पाण्डेय, नायब तहसीलदार सुरेन्दर व सचिन सम्बन्धित बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सागर आईटीआई में पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत 150 सर्टिफिकेट वितरण किए



**टूंडला।** सागर आईटीआई टूंडला में गौतम बुद्ध वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई विश्वकर्मा योजना के तहत छात्र छात्रों को 150 सर्टिफिकेट वितरण किए गए। इस अवसर पर प्रबंधक एसके सागर ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन सागर आईटीआई टूंडला में किया गया। इसमें छात्र छात्राओं को 150 पीएम विश्वकर्मा सर्टिफ़िकेट प्रदान किए गए। इससे छात्र छात्राओं को लाभ प्राप्त होंगे, वह अपने जीवन में आत्म निर्भर बन सकेंगे। इस मौके पर पुष्पेंद्र सूर्यवंशी,अभिषेक सिंह, जगदीश राम गौतम, सत्येंद्र श्रीवास्तव, एसके सागर के अलावा बड़ी संख्या में छात्र छात्राए मौजूद रहे।

## जीआरपी, आरपीएफ पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चलाया चेकिंग अभियान



**टूंडला।** रेलवे स्टेशन टूंडला पर जीआरपी,आरपीएफ पुलिस फोर्स द्वारा महाकुंभ की भीड़ के चलते चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाहर से आने जाने वाली रेल यात्रियों पर पैनी नजर रखी गई। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर ट्रेनों में चल रही भीड़ के चलते जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार व आरपीएफ पुलिस फोर्स द्वारा ट्रेनों वेटिंग रूम टिकट घर सर्कुलेटिंग एरिया आदि स्थानों पर रेल यात्रियों के बैग एवं अटैची आदि सामान की चेकिंग की गई तथा संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखी गई। इस दौरान जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि ट्रेनों में भीड़ के चलते रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर जीआरपी एवं आफ पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने 04-लेन चौड़ीकरण का किया शिलान्यास

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रू. 624.01 लाख की लागत से किशनी-भावंत-मैनपुरी-औंछा-जसराना मार्ग के शहरी भाग का 04-लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य का शिलान्यास करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह सड़क एक व्यवस्थित, आदर्श सड़क बनेगी, माह जून 2025 तक सड़क का कार्य पूर्ण होगा, सड़क के सौन्दर्यीकरण, चौड़ीकरण से जहां एक ओर लोगो को आवागमन में सुविधा मिलेगी वहीं दूसरी तरफ जाम की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होने कहा कि बाजार का मुख्य भाग होने के कारण यह मार्ग पर काफी व्यस्त रहता है, बाजार की व्यस्तता के कारण इस भाग का यातायात घनत्व अधिक है, जिससे यहां जाम की समस्या बनी रहती है।

## एक बाल अपचारी को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा 01 बाल अपचारी को चोरी के माल सहित पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा चोरी की घटना की रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान के तहत अपर अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा बाल अपचारी को बैंदी की पुलिया के पास जौंधरी की तरफजाने वाले रोड पर थाना क्षेत्र नारखी जनपद फिरोजाबाद से 15.02.25 को मय चोरी के माल सहित पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु.अ.सं. 37/25 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत है। जिसके पास से एक प्लास्टिक का बोरा जिसमें 02 बाथरूम सावर स्टील कम्पनी, 01 सावर आर्म स्टील कम्पनी, 05 छोटी टोंटी स्टील, 06 टोंटी बडी स्टील, 03 सिंक टोटी स्टील, 12 टोंटी स्टील वारसल बडी स्टील कम्पनी बरामद हुयी। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। बाल अपचारी के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पुलिस अभिरक्षा में लेने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा, उ.नि.प्रशि. विशाल सौरान, उ.नि.प्रशि. गौरव चौहान, मुख्य आरक्षी 237 रूपचन्द्र थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

## समस्त अधिकारी जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 129 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 90, पुलिस विभाग के 14, विकास विभाग से सम्बन्धित 11, विद्युत विभाग के 02, लोक निर्माण विभाग के 02 व पूर्ति विभाग के 01 एवं अन्य विभाग के 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 09 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। अवशेष 120 प्रार्थना पत्र सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किये गये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाय।

# आतंकवाद समूची मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन : डॉ. वर्मा



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर भाजपाइयों ने शहीद हुए देश के वीर सपूतों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में पार्टीजनों ने शहर के राहुल चौराहा पर स्थित शहीद स्तंभ पर 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को नमन करते हुए पुष्पगुच्छ अर्पित किया। उन्होंने कहा मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरों टॉलरेंस की नीति पर हमेशा कायम है। उन्होंने 2019 में पुलवामा आतंकी हमले को कायराना बताया। उन्होंने कहा आतंकवाद समूची मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है।जवानों की कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी।डॉ सीताशरण त्रिपाठी ने कहा सरकार देश से आतंकवाद के खात्मे के लिए संकल्पित है?।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कहा आने वाली पीढ़ियां शहीद जवानों के बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट समर्पण भावना को कभी नहीं भूलेगी.नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल ने कहा देश उनकी वीरता का सम्मान करने के लिए एकजुट है। इस दौरान भाजपा नेता इन्द्रदेव मिश्रा,डॉ राम चरित पाण्डे,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सभासद दिनेश चौरसिया,प्रवीण मिश्रा, देवानंद, आत्मजीत सिंह टीटू, सजनलाल कसौधन, मनीष साहू, मंजू तिवारी, शंकर दयाल अग्रहरि, सौरभ पाण्डेय, मनीष साहू, राजीव सिंह, प्रदीप बरनवाल, रवि श्रीवास्तव, अंकित अग्रहरि, अनुज प्रताप सिंह, प्रदीप मिश्रा, मोहित साहू, अशोक वर्मा, सचिन अग्रहरि आदि मौजूद रहे।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 16.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वन्दे भारत) | 05:30 | वाराणसी (वन्दे भारत) | 14:20 | गाजियाबाद, कानपुर, सेंट्रल एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 02251 | वाराणसी (वन्दे भारत) | 15:15 | नई दिल्ली (वन्दे भारत) | 23:50 | |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम | 08:25 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम | 15:25 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम | 05:55 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्दौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद, रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, आगरा किला, बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, छायापुरी एवं आणंद स्टेशन। |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर (ट), बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 05296 | झँसी जं. | 12:10 | दरभंगा जं. | 02:30 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., ढोली एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झँसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस और ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झँसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस और ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 03417 | मालदा टाउन | 20:45 | झूँसी जं. | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 04015 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गुढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूँसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंघ, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला जं., सुलतानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी शहर, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूँसी स्टेशन |

**दिनांक 17.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वन्दे भारत) | 05:30 | वाराणसी (वन्दे भारत) | 14:20 | गाजियाबाद, कानपुर, सेंट्रल एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 02251 | वाराणसी (वन्दे भारत) | 15:15 | नई दिल्ली (वन्दे भारत) | 23:50 | |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम | 08:25 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम | 15:25 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम | 05:55 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्दौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं हरिद्वार स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झँसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस और ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झँसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस और ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 02275 | सूबेदार गंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02422 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 07384 | वाराणसी | 05:00 | हुब्बल्लि जं. | 00:45 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, भुसावल जं., मनमाड जं. कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन, पुणे जं., सतारा, कराड, किर्लोस्करवाड़ी, सांगली, मिराज जं., कुदाची, रायबाग, घाटप्रभा, गोकाक रोड, बेलगावी, खानापुर, लोंडा जं., अलनावर जं. और धारवाड़ स्टेशन |
| 09405 | अहमदाबाद जं. | 22:40 | जंघई जं. | 04:30 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा किला, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 07108 | बनारस | 17:30 | विजयवाड़ा | 05:30 | वाराणसी, काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चंदौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, सोन नगर, जपला, गढ़वा रोड जं., डाल्टनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, तोरी, बरका काना, मुरी जं., रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., संबलपुर जं., बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटलागढ़, केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायगढ़ा, पार्वतीपुरम, बोब्बिली, विजयनगरम जं., कोट्टावलसा, पेंदुर्ती, दुव्वाडा, अनाकापल्ले, इलामंचिली, अन्नवरम, समालकोट जं., राजमुंद्री, निडदवोल जं., ताडेपल्लिगुडेम, एलुरु, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गुडूर जं. स्टेशन |
| 04722 | पाटलिपुत्र | 04:30 | बिकानेर जं. | 11:30 | दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, एटा जं., टूण्डला जं., अलीगढ़ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., महेन्द्रगढ़, सतनाली, लोहारू, सदुलपुर जं., चूरू, रतनगढ़ जं., राजलदेसर, श्री डूंगरगढ़, सूडसर और नापासर स्टेशन। |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 03418 | झूँसी | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 03429 | मालदा टाउन | 20:45 | झूँसी | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूँसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंघ, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला जं., सुलतानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी शहर, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूँसी। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें


CMYK

# केंद्रीय परिवहन मंत्री की घोषणा से कानपुर कबरई हाईवे बनने की उम्मीद जगी

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** आए दिन हादसे में जान लेने वाले खूनी हाईवे 34 के दिन बहुरने की आस जगी है। शुक्रवार को कानपुर आए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जल्द भूमि पूजन करने के संकेत देकर लोगों को राहत दी है।

कानपुर से कबरई तक हाइवे को फोरलेन में तब्दील करने की मांग एक दशक से उठ रही है। नेशनल हाईवे 34 को लोग कानपुर से कबरई के मध्य खूनी हाईवे से नवाजते हैं। क्योंकि कानपुर से कबरई के मध्य कोई दिन ऐसा नहीं होता है जिस दिन किसी न किसी की जान से हाथ धोना न पड़े। जनवरी एवं फरवरी माह में सुमेरपुर एवं छिरका के समीप हुए हादसे लोगों के जहन में आज भी जिंदा है। इन दो हादसों में पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हुई थी। इसके पूर्व भी राठ तिराहा में ऐसा ही भीषण हादसा हुआ था। शुक्रवार को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कई परियोजनाओं का लोकार्पण आदि करने आए थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि वह जल्द ही कानपुर कबरई मार्ग का भी भूमि पूजन करने आएंगे। उनके इस संबोधन से अब इस हाइवे के विस्तारीकरण की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस हाइवे के विस्तारीकरण की घोषणा मार्च माह में हो सकती है। कानपुर से कबरई तक बना यह हाईवे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात महाराष्ट्र को सीधे जोड़ता है। दक्षिण भारत के कई प्रांतों के हल्के एवं भारी वाहन इसी मार्ग से प्रतिदिन गुजरकर कानपुर आते जाते हैं। कानपुर से लेकर कबरई तक इस हाइवे में वाहनों की भरमार है। हजारों की तादाद में वाहन प्रतिदिन इस रूट से गुजर रहे हैं। किसी तरह का डिवाइडर आदि न होने के कारण इस हाइवे में हादसों के साथ जाम का बहुत बड़ा झाम है। आए दिन जाम से लोग परेशान रहते हैं। हमीरपुर के यमुना, बेतवा पुल, सुमेरपुर कस्बे के साथ मौदहा का बड़ा चौराहा, कबरई का छंगा चौराहा जाम के हब हैं। इन जगहों पर प्रतिदिन जाम का झाम खड़ा होता है। अगर कानपुर कबरई हाईवे का विस्तारीकरण होता है तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात सुगम होगा। बता दें कि इस हाईवे की मार्ग दुर्घटनाओं का मुद्दा पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल लोकसभा में भी उठा चुके हैं। कई सामाजिक संगठन केंद्र एवं प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजकर इसके चौड़ीकरण की मांग कर चुके हैं। कानपुर में केंद्रीय मंत्री के संबोधन के बाद उम्मीद जगी है कि जल्द ही इस खूनी हाईवे से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा।

## हाईवे के जाम से 15 घंटे हलाकान रहे कस्बावासी

**भरुआ सुमेरपुर।** शुक्रवार की रात नेशनल हाईवे 34 में चंदौखी मोड़ के समीप दो ट्रकों के आपस में भिड़ जाने के बाद हाईवे में भीषण जाम लग गया। चंदौखी मोड का यह जाम अर्धरात्रि तक कस्बे तक आ गया और हाईवे के साथ कस्बे का बांदा मार्ग भी जाम हो गया। यह जाम 15 घंटे से ज्यादा समय तक लगा रहा। इससे कस्बा वासियों के साथ बांदा मार्ग से आने जाने वाले वाहन चालक परेशान रहे।

शुक्रवार की रात करीब 10:00 बजे हाईवे में चंदौखी मोड़ के पास दो ट्रक आमने-सामने टकरा गए। इस घटना के बाद हाईवे में दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। यह लाइन बढ़ते बढ़ते रात में 2:00 बजे कस्बे तक आ गई। कस्बे में आते ही हाईवे के साथ बांदा मार्ग भी जाम हो गया। कस्बे में यह जाम 15 घंटे से ज्यादा समय तक चला। इससे कस्बा वासियों के साथ बांदा की तरफ से आने वाले वाहन चालक एवं यात्री परेशान रहे। दोपहर 2:00 बजे के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

# रज़ा मेमोरियल पब्लिक स्कूल पगिया के प्रागंण में हुआ कार्यक्रम

- मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अवधनामा संवाददाता**



**करमा /सोनभद्र।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पगिया में स्थित रजा मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक गीत संगीत प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय लोकगीत, भजन, एकांकी काफी सराहनीय रही, मुख्य अतिथि सांसद छोटे लाल खरवार बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चे देश की भविष्य है इन्हें शैक्षणिक रूप से सवारना एवं निखारना हर समाज के व्यक्ति का पहला कर्तब्य होना चाहिए, शिक्षित युवा पीढ़ी ही सुंदर भारत का निर्माण कर सकती है, अति विशिष्ट अतिथि भाजयुमो प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र भाई पटेल ने कहा कि हमारा जनपद शिक्षा का स्तर अभी काफी पिछड़ा हुआ है, शासन स्तर से एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कुछ किया जाना चाहिए, जिससे ऐसी शिक्षा की व्यवस्था हो कि जनपद के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने कहा कि जब तक अच्छी शिक्षा एवं अच्छे संस्कार से हमारे बच्चों को पूर्ण रूप से योग्य नहीं बना दिया जाता तब हमें हर सम्भव प्रयास जारी रखना चाहिए, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि हमारे नन्हें मुन्ने बच्चे कल के भविष्य है, इन्हीं के कन्धों पर विकसित राष्ट्र का भार आने वाला है, भाजयुमो के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी विपिन तिवारी, गोपाल सिंह वैद्य, राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के जिला संयोजक हाजी सलीम हुसैन, बी एन यादव,मौलाना हिफाजत हुसैन, सरताज अहमद, धर्मेन्द्र सिंह उपस्थित रहे, प्रबन्धक शरीफ अहमद खान एवं संस्थापक वकील अहमद खान ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया! सभा का समापन भारतीय किसान मोर्चा के जिला महामंत्री गोपाल सिंह वैद्य ने किया।

# आबकारी दुकानों का ई-लॉटरी के माध्यम से कराया जायेगा

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु घोषित आबकारी नीति के सकुशल क्रियान्वयन हेतु मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम प्रभार, बांदा द्वारा अपने मण्डलान्तर्गत समस्त जिलाधिकारी एवं आबकारी अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। वर्ष 2025-26 में आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन सार्वजनिक ई-लॉटरी के माध्यम से कराया जायेगा। इस वर्ष सभी दुकानों को अधिक लाभप्रद बनाया गया है और साथ ही इसवर्ष जनपद में देशी शराब की 229, कम्पोजिट शॉप (जिसमें विदेशी मदिरा एवं बीयर एक साथ बिक्री की जा सकेगी) की 79 एवं भांग की 08 दुकानों का व्यवस्थापन ई-लॉटरी के माध्यम से कराया जायेगा। ई-लॉटरी हेतु रजिस्ट्रेशन दिनांक 14.02.2025 से आरम्भ हो गया है तथा प्रथम चरण ई-लॉटरी हेतु आवेदन दिनांक 17.02.2025 से 27.02.2025 तक किया जा सकेगा। सार्वजनिक ई-लॉटरी दिनांक 06.03.2025 को होगी। जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में 24X7 कन्ट्रोलरूम की स्थापना की गयी है जिसपर कभी भी आवेदक द्वारा जनपद हमीरपुर की दुकानों व लाइसेंस फीस आदि की जानकारी तथा आवेदन प्रक्रिया में आ रही समस्याओं का निराकरण सम्बन्धी आवश्यक जानकारी मोबाइल नम्बरों 9454466342, 9454466343 व 9454466928 पर प्राप्त की जा सकती है।

# डीएम व एसएसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील भरथना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।

तहसील भरथना में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर निदेशक सामाजिक वानिकी अतुलकांत शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीता राम, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थों के तस्करों के विरुद्ध की कार्रवाई: डॉ. चारू



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 चारू द्विवेदी द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर सर्किल नगर के सभी थानों का अर्दली रूम किया गया। अर्दली रूम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# संक्षिप्त समाचार

## राठ में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आज दिनांक 15.02.2025 को जनपद हमीरपुर के तहसील राठ में ÷सम्पूर्ण समाधान दिवस÷ के अवसर पर आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया तथा जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी हमीरपुर, उप जिलाधिकारी राठ व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## मौदहा प्रभारी निरीक्षक के कार्यों से आम जनमानस में अमन चैन व्याप्त



**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह द्वारा रोज रात्रि 10 बजे के बाद के गश्त से अपराधियों एवं आवारा घूमने वालों पर जो नकेल कसी है उससे आम जनमानस में खुशी है वहीं कोतवाली क्षेत्र के लोगों ने बताया कि जो लड़के मां बाप के कहने पर जल्दी घर नही आते थे अब वह प्रभारी निरीक्षक के भय से समय से घर आजातें है यही कारण है कि प्रभारी निरीक्षक के अच्छे कार्यों से आम जनमानस में अमन चैन व्याप्त है। लोगों ने अपेक्षा की है कि प्रभारी निरीक्षक इसी प्रकार सख्त रहे। मौदहा कोतवाल के रात्रि गशत से अपराधियों एवं आवारा लोगों के हौसले नतमस्तक हुए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार गंभीर

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सुबह सिसोलर मार्ग पर मुंडेरा गांव के समीप बाइक सवार वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। मुख्यालय के कालपी चौराहा निवासी रंजीत प्रसाद (56) बाइक से सिसोलर की तरफ जा रहे थे। सुबह 9:00 बजे मुंडेरा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से पीएचसी लाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## पानी के बाद किसानों को यूरिया के लाले

**सुमेरपुर हमीरपुर।** पिछले 10 दिनों से ब्लॉक की सहकारी समितियों से यूरिया नदारत होने से किसान परेशान है। किसान मजबूर होकर महंगे दामों पर बाजार से यूरिया खरीदकर फसलों में छिड़काव करने को मजबूर हो रहा है। क्षेत्र के किसान परशुराम यादव, मानसिंह भदौरिया, उदयभान, सुरेश कुमार, महेश्वरीदीन आदि ने बताया कि पिछले 10 दिनों से ब्लॉक की किसी भी सहकारी समिति में यूरिया नहीं है। किसान महंगे दामों में बाजार से यूरिया खरीदने को मजबूर हो रहा है। किसानों ने बताया कि वर्तमान में किसानों को गेहूं के साथ प्याज एवं जायद की फसलों को बोने के लिए यूरिया की जरूरत है लेकिन यह सहकारी समितियों से गायब है। एडीसीओ सहकारिता सुरेशचंद्र ने बताया की डिमांड लगी हुई है। जल्द ही रैक लगने वाली है। रैक लगते ही सभी सहकारी समितियों में यूरिया पहुंचा दी जाएगी।

## सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं



**सोनभद्र/ अवधनामा ब्यूरो।** सदर तहसील सभागार में जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस÷ पर आए हुए पीड़ितों की सुनी गई समस्या। वही शनिवार को जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपने-अपने सर्किल में पड़ने वाले तहसील पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं तथा ÷सम्पूर्ण समाधान दिवस÷ के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके।

## डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के पदाधिकारियों एव सदस्यों को दिलाई गई शपथ -

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ जिसमे मुख्य अतिथि पांचूराम मौर्य पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल उत्तर प्रदेश एवम् विशिष्ठ अतिथि पूर्व अध्यक्ष/सदस्य बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश मा0 हरिशंकर सिंह व विनोद कुमार पांडेय सदस्य बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश ने भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इससे बाद वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो का बैच, मोमेंटो, अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि पांचूराम मौर्य पूर्व अध्यक्ष /सदस्य बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने डिस्ट्रिक्ट वार एसोसिएशन की अध्यक्ष जगजीवन सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत हरिशंकर सिंह विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश ने बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य अन्य पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई एवम् विनोद कुमार पांडेय सदस्य बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार यादव, राजेश कुमार मौर्य के निर्वाचन में लगे निर्वाचन अधिकारीयो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# जुनैद वारसी, मोईन चिश्ती, मो.उस्मान, मो. बिलाल व मो. हिफ ज़ान की हुई दस्तारबंदी

- जश्ने मौला-ए-कायनात व जश्ने दस्तार हिफ्ज़ुल क़ुरान पाक

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** मुख्य अतिथि हज़रत सैय्यद शाह वली उल्लाह बकाई सफवी साहिब ए सज्जादा खानकाह ए आलिया बकाईया शफीपुर शरीफ़ जनपद उन्नाव की सरपरस्ती व मुख्य वक्ता हज़रत सैय्यद शाह हसनैन बकाई सफवी नाइब सज्जादा नशीन खानकाह-ए-आलिया बकाईया शफीपुर शरीफ़ जिला उन्नाव की मौजूदगी में कुरआन पाक हिफ्ज़ करने पर पांच हाफिज़ साहिबान के सरो पर दस्तार बांधकर दस्तारबंदी की गई। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक हाफ़िज़ व क़ारी अशफ़ाक वारसी सदर मस्जिद गरीब नवाज व क़ादरी इस्लामिक कोचिंग सेंटर ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि, उलमाए इकराम व शहर के लोगों ने इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान में शबे कद्र की रात को जश्ने मौला ए कायनात व जश्ने दस्तार हिफ्ज़ुल कुरआन पाक के मौके पर हाफ़िज़ मोहम्मद जुनैद वारसी पुत्र हाजी फहीमुद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी। हाफ़िज़ मोहम्मद मोईन चिश्ती पुत्र मोहम्मद ज़हीर चिश्ती। हाफ़िज़ मोहम्मद उस्मान रज़ा क़ादरी पुत्र मोहम्मद कमालुद्दीन वारसी। हाफ़िज़ मोहम्मद बिलाल वारसी पुत्र मोहम्मद नासिर वारसी व हाफ़िज़ मोहम्मद हिफज़ान वारसी पुत्र मोहम्मद इरफान वारसी का गुलपोशी कर व पगड़ी बांधकर गर्मजोशी से स्वागत कर मुबारकबाद दी और दुआओं से नवाज़ा। इस मौके पर हज़रत सैय्यद शाह वली उल्लाह बकाई सफवी व हज़रत सैय्यद शाह हसनैन बकाई सफवी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नदीम अहमद एडवोकेट ने किया। मौलाना उबैदुर रहमान, मौलाना शाहिद रज़ा, कारी शाहवाज, हाफ़िज़ मोहम्मद आसिफ़ चिश्ती हाफ़िज़ मोहम्मद अरशद, हाफ़िज़ मोहम्मद रिहान रज़ा, हाफिज अली हसन, हाफ़िज़ मोहम्मद तौकीर, हाफ़िज़ रहबर बरकाती, हाफिज मोहम्मद आदिल हुसैन वारसी, हाजी फुरकान अहमद पूर्व पालिकाध्यक्ष मोईजुद्दीन वारसी। हाजी मोहम्मद जीशान मुमताज निज़ामी, मोहम्मद तस्लीम, हसन बरकाती, मोहम्मद महमूद बरकाती, मोहम्मद अरमान, मोहम्मद कामिल, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अनुसार शाहरुख बकाई, मुन्ना बकाई, हसन बकाई, फ़रमान बकाई आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जनपद के चारों तहसीलों में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस

**अवधनामा ब्यूरो**



- शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी
- प्रधानमंत्री आवास के सर्वे के कार्य में तेजी लाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को दिये निर्देश

**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस '' का आयोजन फरवरी महीने के तीसरे शनिवार को किया गया, तहसील राबर्ट्सगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को बड़े ही सरलभाव से सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाना है। सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। ऐसे मामले जो मौके पर जाकर निस्तारण किया जाना है, दोनों पक्षों के समक्ष वार्ता कर प्रकरण का निष्पक्ष तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने अधीनस्थों को अवगत करा दें कि किसी प्रकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जायें। इस मौके पर जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास के सर्वे कार्य में लगे सम्बनिधत अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहाकि जल्द से जल्द आवास के सर्वे के कार्य को पूरा किया जाये, जिससे पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने डी0सी0 मनरेगा को निर्देशिता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास के सर्वे कार्य को पूरा करने हेतु सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए सर्वे कार्य के प्रगति में तेजी लाया जाये।

## श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के साथ किया एमओयू

**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने 'नन्हा सा दिल' सीएसआर पहल के तहत जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) से पीड़ित बच्चों के लिए जीवन रक्षक सर्जरी प्रदान करने के लिए श्री सत्य साई स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट (एसएसएसएचईटी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। शास्त्री भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, रूपिंदर बरार, उप महानिदेशक, कोयला मंत्रालय, संतोष, अध्यक्ष, सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट, डॉ सी. श्रीनिवास और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# घरेलू हिंसा और लैंगिक भेदभाव को लेकर हुआ सेमिनार

**अवधनामा संवाददाता**





**हमीरपुर।** समर्थ इंडिया, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कुतुबपुर, एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में उमड़ते सौ करोड़ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अभियान में ग्रामीण महिलाओं ने जन्मदिन पर केक काटकर अपना जन्मोत्सव मनाया। वहीं महिलाओ पर होने वाली हिंसा के खिलाफ एकजुट रहने का आगाज किया।

कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कुतुबपुर में सखी वन स्टाफ सेंटर की इंचार्ज मोनिका गुप्ता द्वारा महिलाओं और लड़कियों से संबंधित योजनाओ और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा और जेंडर आधारित गैर बराबरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। संघर्षशील महिलाओं और युवतियां, किशोरियों को हर हालत में न्याय मिलेगा। सरकार,प्रशासन, और प्रबुद्ध समाज सभी मिलकर काम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने सखी वन स्टाफ केंद्र द्वारा संचालित आश्रय केंद्र, कानूनी परामर्श, चिकित्सा की सुविधा आदि के बारे में विस्तार से बताया।

बाल संरक्षण अधिकारी दीप्ति अग्निहोत्री द्वारा बाल विवाह पर चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी की 18 साल से पहले किसी भी सूरत में लड़कियों की शादी ना करें। उन्होंने पढ़ने का मौका दें, उनकी अच्छी सी परवरिश करें ताकि भी अपने पैरों पर खड़े होकर अपनी काबिलियत का हुनर दिखा सके। जल्दी विवाह से एक और जहां लड़कियों को जिंदगी भर जोखिम उठाना पड़ता है, वहीं दूसरी तरफ उनका स्वास्थ्य और शिक्षा पर पिछड़ जाती है।

कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मालती झा के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं द्वारा अपने जन्मदिन पर केक काटे और खुशियां मनाई। मालती झा प्रधानाध्यापिका ने कहा कि आमतौर पर लड़कियों और लड़कों की तो जन्म उत्सव तो मनाए जाते हैं किंतु महिलाएं अपने जन्मोत्सव नहीं मनाती हैं। उन्होंने उनका मानना है कि हर किसी को अपने जन्मदिन की खुशी मनाने का अधिकार है। और इसी कड़ी उन्होंने आज फरवरी माह में पैदा होने वाली महिलाओं के जन्मोत्सव मनाया है। केक काटी है। और महिलाओं ने खुशी-खुशी इस उत्सव को इजहार किया।

इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें साक्षी, खुशी, राशि, पूनम, दीपेंद्र, शिव आदि ने नाटक, गीत, भाषण, रंगोली, पोस्टर पेपर, आदि माध्यम से बाल विवाह, घरेलू हिंसा, जेंडर समानता, और शिक्षा पर जागरूक किया।

## महिलाओ ने केक काटकर मनाया जन्मदिन

ग्रामीण महिलाओं शिवकली, कोरबाई, क्रांति, रोशनी, रश्मि, मछला, प्रियंका, रहमत, सीमा, माया, सावित्री, आदि ने विद्यालय परिसर में अपना जन्मोत्सव केक काटकर मनाया। उन्होंने बताया कि पहले कभी भी अपना जन्मदिन नहीं मनाया। हम तो कार्य के बोझ तले दबकर परिवार के लोगों को ही खुश रखने में व्यस्त है। अपनी खुशी भूल ही जाते है, किंतु आज अपना जन्मदिन मनाकर बेहद खुश है। यह मौका हमे विद्यालय परिवार और समर्थ इंडिया द्वारा उमड़ते सौ करोड़ अभियान से मिला है। इस दौरान प्रमुख रूप से मालती झा, राखी, मोहिनी, ऋचा, रोशनी, दीपिका, माधुरी, गुड़िया, ऋचा, आदि उपस्थित रही।

# भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है महाकुम्भ : ओम बिरला

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी, की देशवासियों के कल्याण की कामना

अवधनामा ब्यूरो



**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को महाकुम्भ में पहुंचे और त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मीडिया से बातचीत में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है। यह हमारी प्राचीन संस्कृति और धर्म का महोत्सव है। यहां संतों की वाणी, उनका प्रभाव और भक्तों की अपार श्रद्धा देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मां गंगा की कृपा सभी पर बनी रहे और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए। ओम बिरला ने महाकुम्भ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेद-पुराणों में इसका विशेष उल्लेख है। यह आयोजन समभाव और समरसता का प्रतीक है, जहां जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी लोग एक साथ आस्था के संगम में डुबकी लगाते हैं। महाकुम्भ न केवल आंतरिक ऊर्जा और चेतना को जाग्रत करता है, बल्कि आत्मा और मन की शुद्धता भी प्रदान करता है। लोकसभा अध्यक्ष ने आस्था को जीवन का सबसे बड़ा सामर्थ्य बताते हुए कहा कि यह पर्व राजनीति से परे, सामाजिक और आध्यात्मिक समरसता का अवसर है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत से, गांव-गांव और शहर-शहर से लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं, जो इस आयोजन की विशालता और पवित्रता को दर्शाता है। महाकुम्भ के प्रति अपने विश्वास को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि समाज को जोड़ने का भी कार्य करता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और महाकुम्भ में उमड़ रही भक्तों की भीड़ को देखकर इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत उदाहरण बताया।

## पुनर्मिलन का संगम बना महाकुम्भ, अपनों से मिलाए गये मेले में बिछड़े हुए 20 हजार से ज्यादा लोग

### महाकुम्भ में रंग लाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल, मददगार बना डिजिटल खोया-पाया केंद्र

- मुख्यमंत्री के निर्देशों का हुआ सख्ती से पालन
- हर जरूरतमंद को दी जा रही आवश्यक सुविधाएं
- तकनीक और मानवता का दिखा अद्भुत समन्वय
- हजारों परिवारों को मिली राहत

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 अपने भव्य स्वरूप और 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति के साथ ही ऐतिहासिक आयोजन बन चुका है। इस दिव्य आयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने कई अनुकरणीय पहल की हैं। इस बार महाकुम्भ में खोए हुए लोगों को शीघ्रता से उनके परिवारों से मिलाने के लिए योगी सरकार ने डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की है, जिससे अबतक 20 हजार से अधिक खोए हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया गया है। 144 साल बाद पुण्य संयोग में आयोजित हो रहे इस बार के महाकुम्भ के विराट मेले में अपनों से बिछड़े हुए कुल 20,144 लोगों को उनके परिवारों से मिलाने में योगी सरकार को सफलता मिली है। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। यही नहीं पुलिस द्वारा देश के विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए श्रद्धालुओं का उनके परिवारों से सफलतापूर्वक पुनर्मिलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। उल्लेखनीय है कि अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दौरान (28, 29 और 30 जनवरी) को भीड़ का प्रबंधन करते हुए डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने खोए हुए सभी 8725 लोगों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इसी प्रकार मकर संक्रांति पर्व (13, 14 और 15 जनवरी) को खोए हुए 598 श्रद्धालु और बसंत पंचमी (2, 3 और 4 फरवरी) को 813 श्रद्धालुओं को डिजिटल खोया-पाया केंद्र की मदद से उनके परिवारों से मिलवाया गया। इसके अलावा अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में खोए हुए 10 हजार से अधिक लोगों का भी उनके परिवारों के साथ पुनर्मिलन कराया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 दिसंबर 2024 को डिजिटल प्रणाली के जरिए खोया-पाया केंद्रों का शुभारंभ किया था। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन और मेला प्राधिकरण को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो। इसी के तहत 10 डिजिटल खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए, जो संगम, झूसी, अरैल, फाफामऊ में सेक्टर 3, 4, 5, 8, 9, 21, 23, 24 और प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास स्थित हैं। डिजिटल खोया-पाया केंद्रों में अत्याधुनिक एआई आधारित चेहरा पहचान प्रणाली, मशीन लर्निंग और बहुभाषीय समर्थन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इससे मेला क्षेत्र में बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को तेजी से उनके परिवारों से मिलाया जा सका है। डिजिटल खोया-पाया केंद्रों में उत्तर प्रदेश पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों की अहम भूमिका रही। यूनिसेफ सहित कई गैर-सरकारी संगठनों ने भी इसमें सक्रिय योगदान दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत इन केंद्रों पर प्रतीक्षा कक्ष, चिकित्सा कक्ष, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, ताकि पुनर्मिलन प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो। सीएम योगी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि महाकुम्भ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा और सुशासन का भी प्रतीक बने। इसी के तहत डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की गई है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए श्रद्धालु नजदीकी डिजिटल खोया-पाया केंद्र से संपर्क कर सकते हैं या आधिकारिक हेल्पलाइन 1920 पर कॉल कर सकते हैं।

## महाकुंभ 2025 में SAM 'युवा कुंभ' द्वारा माँ भारती के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**प्रयागराज/लखनऊ।** दिव्य गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी के मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डी.जे.जे.एस) का युवा जाग्रति अभियान SAM, ने भारत के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 'बलिदान याद रहे!' नामक एक भावपूर्ण आयोजन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और उनके क्रांतिकारी साथियों के बलिदानों को नमन किया गया, जिससे हजारों युवाओं के हृदय में राष्ट्र भक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की गयी।

महाकुंभ में आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर से असंख्य छात्रों, आध्यात्मिक साधकों व देश भक्तों की उपस्थिति देखी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करना व आत्मनिर्भर एवं प्रगतिशील राष्ट्र में युवाओं को योगदान देने के लिए प्रेरित करना था।

सैम के इन-हाउस फ्यूजन रॉक बैंड Eternal Bliss ने वेद मंत्रों, लोक धुनों और देशभक्ति संगीत के अनूठे मिश्रण से ऊर्जावान प्रस्तुति देकर माहौल को जोश से भर दिया। इन गीतों ने युवाओं को क्रांतिकारियों के बलिदानों पर विचार करने और राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। 'Eternal Splendour' द्वारा प्रस्तुत एक भावपूर्ण नृत्य-नाटिका ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के अंतिम क्षणों को सजीव कर दिया। उनके फांसी के दृश्य का मार्मिक पुनर्निर्माण, साथ ही उनकी आवाज़ में गूंजता ÷सरफरोशी की तमन्ना÷, ने दर्शकों की आँखों में आँसू ला दिए। सैम निदेशक 'साध्वी डॉ शिवानी भारती जी' के प्रेरणादायक प्रवचनों ने राष्ट्र निर्माण में आध्यात्मिक ज्ञान की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को भगत सिंह व उनके साथियों की तरह अपनी ऊर्जा को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से परे एक उच्च लक्ष्य हेतु समर्पित करने का आग्रह किया।

शाम को बॉलीवुड गायिका और सा रे ग म प 2023 विजेता निष्ठा शर्मा की विशेष प्रस्तुति ने और भी यादगार बना दिया। उन्होंने श्री आशुतोष महाराज जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साझा किया कि कैसे ध्यान ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों के हृदय को छू लिया और कार्यक्रम की देशभक्ति भावना को और गहराई दी। इस प्रेरणादायक देशभक्ति कार्यक्रम में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## कलाग्राम में नवदीप वडाली की सुरमयी प्रस्तुति, लोकनृत्यों ने बांधा समां



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कुंभ के अंतर्गत शुक्रवार को कलाग्राम मंच पर सुर और नृत्य का अनुपम संगम देखने को मिला। सुप्रसिद्ध गायक नवदीप वडाली ने अपनी भावपूर्ण गायिकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

**संगीत की सुरमयी संध्या-** सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल-13 में अपनी गायिकी का जादू बिखेर चुके नवदीप वडाली ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत चलो मन गंगा यमुना तीर से की। इसके बाद शिव शंकर भोला भाला, शिव तेरी हो गई मैं और बम भोले बम भोले जैसे भजनों से उन्होंने पूरे वातावरण को शिवमय कर दिया। सूफियाना अंदाज में नी सैयो मैं सुहागन हो गई, तू माने या ना दिलदारा और अखियां उडीकदिया जैसे गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। दिल्ली से आई ग्लोबल इंडियन म्यूजिक पुरस्कार विजेता विधि शर्मा ने शिव कैलाशों के वासी, अयुतम केशवम् और जन था गंगा पार प्रभु केवट की नाव चढ़े जैसे भक्ति गीतों से अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा। इसी क्रम में शास्त्रीय संगीत की सुप्रसिद्ध सितार वादक अनुपमा भागवत ने राग बेहाग और रागेश्री पर आधारित वादन प्रस्तुत कर भारतीय संगीत की गहराइयों से दर्शकों को परिचित कराया।

### लोकनृत्यों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

कलाग्राम मंच पर विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों की धूम रही। ओडिशा का घंटा और मृदंग नृत्य, तमिलनाडु का ओलियट्टम, राजस्थान का कच्ची घोड़ी नृत्य, त्रिपुरा का मोगनृत्य और पंजाब के भांगड़ा ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। झारखंड की शालिना चतुर्वेदी और उनके साथियों ने महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की काव्य रचना राम की शक्तिपूजा पर आधारित कथक नृत्य से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण है महाकुम्भ : पीयूष गोयल



**महाकुम्भ नगर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान करने पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भ को एक भारत श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण बताते हुए कहा कि विश्व भर के लोगों की आस्था देख कर आनंद की अनुभूति हो रही है। हमारा सनातन धर्म सुरक्षित है और यह देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज में परमार्थ निकेतन आश्रम (ऋषिकेश) के प्रमुख, स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के दर्शन कर, उनका आशीर्वाद ग्रहण किया।

**यह सचमुच एक भावनात्मक क्षण है**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सचमुच एक भावनात्मक क्षण है। महाकुम्भ में आने का सौभाग्य मिलना एक आशीर्वाद जैसा है। उन्होंने कहा कि यह भारत की सामूहिक भावना का अद्भुत उदाहरण है। अब तक 50 करोड़ से अधिक लोग देश और विदेश से महाकुम्भ में आ चुके हैं, जिससे भारत की बढ़ती शक्ति का संदेश पूरी दुनिया में गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं जब बेल्जियम में था, तब मुझे जानकारी मिली कि कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन महाकुम्भ आना चाहते हैं। मैंने तुरंत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की और उनकी यात्रा की व्यवस्था करवाई। इस अनूठे अनुभव के बाद वे बेहद उत्साहित थे। महाकुम्भ का यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश पूरे विश्व और देश तक पहुंचाएगा।

इससे पहले प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का स्वागत प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने किया।

## कालीबाड़ी मन्दिर, घसियारी मंडी में रक्तदान शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** काली बाड़ी टेम्पल ट्रस्ट की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को 162 साल प्राचीन कालीबाड़ी मन्दिर प्रांगण में किया गया। रक्तदान शिविर किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागध्यक्ष प्रो. तूलिका चंद्रा के टीम के सहयोग से प्रातः 10 बजे से दोपहर दो बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। काफ़ी संख्या में भक्तों ने रक्तदान किया। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर रक्तदान में भाग लिया। मैनेजिंग कमिटी के अध्यक्ष गौतम भट्टाचार्य ने बताया मन्दिर ट्रस्ट का उद्देश्य रक्तदान करके समाज सेवा करना है।

## लखनऊ गोल्फ लीग 2025: लीजेंड्स ने दबंग डेयरडेविल्स को 3-2 से हराया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुप्रतीक्षित लखनऊ गोल्फ लीग 2025 में रोमांचक मैच और कड़ी प्रतिस्पर्धा जारी है, क्योंकि छठे दिन तीन मैचों में रोमांचक परिणाम सामने आए।

लीजेंड्स ने दबंग डेयरडेविल्स को 3-2 से हराया लीजेंड्स ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दबंग डेयरडेविल्स को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया।ज़ोहेब सिद्दीकी और संजय सिन्हा ने लीजेंड्स के लिए डेयरडेविल्स के प्रेम प्रकाश और विक्रम सभरवाल के खिलाफ़ 7-6 की शानदार जीत दर्ज की। टीम को आगे बढ़ाते हुए, प्रभजोत सिंह और सिद्धार्थ आहूजा ने सीए संजय मदान और गगन वोहरा के खिलाफ़ 5-3 से जीत हासिल की। शमशेर बहादुर सिंह और टी.ए. फ़ारूक़ी ने अनुपम मित्तल और गौरव लाठ के खिलाफ़ 5-3 से जीत हासिल करते हुए अपनी लय को जारी रखा। डेयरडेविल्स की एकमात्र जीत में, सुनील बोरा और अक्षय ठाकुर ने लीजेंड्स के मयंक पंत और डॉ. संजय कुमार को 4-2 से हराया।

पार सीकर्स ने एकाना टाइटन्स को 3-2 से हराया पार सीकर्स ने एक और रोमांचक मुकाबले में एकाना टाइटन्स को 3-2 से हराया। शिशिर सोमवंशी और पवन सागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टाइटन्स के सीए पीके धवन और सीए पवन कुमार अग्रवाल को 8-6 से हराया। हालांकि, एकाना टाइटन्स ने वापसी की और देवेंद्र सिंह ने दीपक कुमार और अमित सिंह को 7-6 से हराया। पार सीकर्स ने स्वदेश कुमार सिंह और अजय वर्मा की इकाना टाइटन्स के अजीत सिंह और स्वप्निल राज पर 3-1 की जीत के साथ जीत पक्की कर ली।


शेखर हिंद वारियर्स ने प्राइम हेल्थ सिटी को 3-2 से हराया दिन के अंतिम मैच में शेखर हिंद वारियर्स ने प्राइम हेल्थ सिटी पर 3-2 से निर्णायक जीत दर्ज की। अजय भसीन और आर.एस. नंदा ने बहुत ही सटीक खेल दिखाते हुए नवीन चरण और अनुज अग्रवाल के खिलाफ 5-3 से जीत हासिल की। वी.के. सिंह और डॉ. प्रवीण कुमार गोयल ने कैप्टन एस.के. द्विवेदी और दीपा वत्सल पर 4-2 से जीत दर्ज की। दिन का अंत शेखर हिंद वारियर्स के विक्रम सिंह और उपिंदर नंदा तथा प्राइम हेल्थ सिटी के ध्रुव सेठ और देवेंद्र मोहन के बीच बराबरी के मुकाबले के साथ हुआ, जो ऑल स्क्वायर में समाप्त हुआ।

## आरडीएसओ द्वारा अधिकारियों के लिए वार्षिक वेलनेस चेकअप कैंप का आयोजन



**लखनऊ।** आरडीएसओ अस्पताल में आरडीएसओ अधिकारियों के लिए वार्षिक वेलनेस चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों के संपूर्ण स्वास्थ्य की जाँच कर उन्हें उचित परामर्श प्रदान करना था। इस दौरान रक्तचाप, शुगर, हृदय रोग, नेत्र जांच एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शिविर में 15 अधिकारियों ने भाग लिया और अपने स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। शिविर का नेतृत्व करते हुए डॉ. कमल किशोर, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए ताकि अधिकारीगण अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहें और आवश्यक चिकित्सा सहायता समय पर प्राप्त कर सकें। उन्होंने सभी डॉक्टरों एवं अस्पताल प्रशासन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। यह वार्षिक वेलनेस चेकअप कैंप आरडीएसओ के अधिकारियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और उनके बेहतर जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पीएनबी ने इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस के साथ किया एमओयू



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने आईटीबीपी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एस.पी. सिंह, महाप्रबंधक पीएनबी और एस.सी. ममगैन, महानिरीक्षक (प्रशासन) ने आईटीबीपी मुख्यालय, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का आदान-प्रदान विनय कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक पीएनबी, विकास बर्मन, डीआईजी (प्रशासन) तथा बैंक और आईटीबीपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। आईटीबीपी कर्मियों को दी जाने वाली प्रमुख विशेषताओं में व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा - 100 लाख,हवाई दुर्घटना बीमा - 150 लाख रुपये ,स्थायी/आंशिक विकलांगता कवरेज - 100 लाख अभियानों के दौरान मृत्यु का अतिरिक्त कवर - 10 लाख परिवहन सहित आयातित दवाओं की लागत - 10 लाख ,एयर एम्बुलेंस लागत - 10 लाख तक। इसके अतिरिक्त, रक्षक खाता धारक के आश्रितों और परिवारों को कई अन्य लाभ दिए जा रहे हैं। बैंक उन सभी आईटीबीपी पेंशनभोगियों को 50 लाख का आजीवन व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा (पीएआई), 100 लाख का हवाई दुर्घटना बीमा (एआई) और कई अन्य लाभ भी दे रहा है, जो पीएनबी से पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। बैंक हिमवीरों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को लेकर समर्पित है और भविष्य में भी इसे जारी रखने का प्रयास करेगा।

## कराटे चैम्पियनशिप में सी.एम.एस. छात्रों ने 4 गोल्ड मेडल समेत 10 पदक जीते

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने चतुर्थ वर्ल्ड मार्डन शोटोकॉन कराटे कप-2025 में 4 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रांज मेडल समेत कुल 10 पदक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चैम्पियनशिप का आयोजन वर्ल्ड मार्डन शोटोकॉन कराटे फेडरेशन एवं वर्ल्ड मार्डन शोटोकॉन कराटे फेडरेशन, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन, श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्रों में अरहान हुसैन, याहया सुबूर, हारून एवं उजैर शेख शामिल हैं जबकि मिन्हाल हैदर, अली कैसर, सैयद इब्राहिम, मोहिसिन खान एवं सैयद आइजा ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। इस प्रतियोगिता में कुमैल हुसैन ने कांस्य पदक जीता है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर कराटे में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया।

## हजरत अब्बास (अ.स.) की विलादत पर महफिलों का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत अब्बास (अ.स.) की विलादत की पूर्व संध्या पर जगह जगह महफिलों व नज्र-ओ-नियाज का आयोजन किया गया। हजरत अब्बास (अ.स) की विलादत रविवार को मनाई जाएगी। इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में जश्ने बाबुल मुराद का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया।

इसके बाद शायर एजाज जैदी, मुख्तार लखनवी, नदीम नजफी, खुशनूद मुस्तफा और मौलाना मोहम्मद अस्करी आदि ने अपने कलाम पेश किये। कार्यक्रम का आयोजन हुसैनी यूथ फेडरेशन ने किया था। इसी तरह अजाखाना मेहदी हुसैन मरहूम हसन पुरिया में जश्ने बाबुल मुराद का आयोजन किया गया। महफिल को सैफी नकवी ने खिताब करते हुए हजरत अब्बास (अ.स.) की फजिलत बयान की। इसके बाद शायर एजाज जैदी, गुलरेज नकी, कुमैल रिजवी, अजहर हुसैन, गजनफर हुसैन,जफर बनारसी,हैदर रजा सहित अन्य शायरों ने अपने कलाम पेश किये। महफिल का आगाज कारी फुरकान हुसैन ने तिलावते कुराने पाक से किया। आसिफी इमामबाड़ा हुसैनाबाद में जश्ने हजरत अब्बास का आयोजन किया गया। जश्न में मौलाना फरीदुल हसन ने तरकीर करते हुए हजरत अब्बास (अ.स.) के फजायल बयान किये। इसके बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किये। जश्न का आगाज कारी अजीम हैदर जाफरी तिलावते कुरआन से व संचालन हुसैन रिजवी अकबरपुरी ने किया। जश्ने में कामयाब संडीलवी, जाकिर बाराबंकवी, सज्जाद बिजनौरी, हसन फराज, साजिद लखनवी, रिजवान अली दानिश, मासूम अमरोहवी, मेहदी महमूदाबादी, खुशनूद मुस्तफा, असर नसीराबादी, मौलाना मोहम्मद अब्बास सहित अनेक शायरों ने अपने कलाम पेश किये। जश्न का आयोजन हुसैनी विचार मंच ने किया था।

## ए.के. शर्मा ने बृहद रोजगार मेला का किया शुभारंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा जी एक दिवसीय प्रवास पर अपने गृह जनपद मऊ पहुंचकर वहां पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। मंत्री जी के गृह जनपद मऊ पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया गया। मऊ पहुंचकर मंत्री जी ने मोहम्मदाबाद गोहना में शहीद भगत सिंह चौराहे पर लगी शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ के सहादतपुर के गाजीपुर तिराहा स्थित राजकीय आईटीआई परिसर में आयोजित रोजगार कुंभ श्बृहद रोजगार मेलाश् का शुभारंभ किया और रोजगार मेला में आए नवयुवकों का उत्साह बर्धन किया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें और मां-बाप के सपनों को साकार करें, यही हमारी मूल पूंजी है। माता-पिता को भी पूरी ईमानदारी से अपने बच्चों को पढ़ना पड़ेगा। नकल करके सर्टिफिकेट लेकर कहीं पर भी नौकरी नहीं मिलेगी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 25 प्रतियोगिताएं की आयोजित



**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विज्ञान और तकनीकी पर विभिन्न 25 प्रतियोगिताएं की गयी। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । राम स्वरूप विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आईआईटी कानपुर क पद्मश्री प्रोफेसर एच.सी. वर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर काफी संख्या 18 जिलों से आये 10 हजार से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं 1500 से अधिक विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किया गया था। रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में हुए अवसर कार्यक्रम के सफल आयोजन के पश्चात कार्यक्रम संयोजक अभयराम त्रिपाठी , आदर्श पांडेय, प्रतीक सिंह, प्रखर एवं सभी विद्यार्थी परिषद के सक्रिय सदस्यों को आज अवध प्रांत निजी विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफ़ेसर शहंशाह आबदी , जिला संगठन मंत्री पूर्वी लखनऊ आकाश पांडेय एवं प्रांत साविस्कार प्रमुख डॉ विनीत गुप्ता जी द्वारा पुरस्कृत किया गया।